राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 85, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 11 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

गैर भाजपा शासित राज्यों में आक्रामक हैं ईडी-सीबीआई : आप

.... पेज 03

नेता जी ने कमजोर, वंचितों को राजनीति में किया स्थापित : प्रो. रामगोपाल यादव

.... पेज 05

मलान के प्रहार से बांग्लादेश चारों खाने चित्त, इंग्लैंड 137 रन से जीता

.... पेज 07

## शोपियां : लश्कर-ए-तैयबा के दो स्थानीय आतंकवादी ढेर

### गए लोगों में से एक कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में एक कश्मीरी पंडित की हत्या के पीछे था

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दो स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराया।

पुलिस ने बताया कि मारे गए लोगों में से एक कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में एक कश्मीरी पंडित की हत्या के पीछे था। एटीएम गार्ड के रूप में काम करने वाले कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की 26 फरवरी को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अचन इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों ने



गोली मारकर हत्या कर दी थी।

कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा, लश्कर आतंकवादियों की पहचान मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूक उर्फ अबरार की आज शोपियां में मुठभेड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई और उनमें से एक आतंकवादी जाजिम फारूक उर्फ अबरार कश्मीरी पंडित दिवंगत संजय शर्मा की हत्या में शामिल था।

श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एमके साहू ने कहा कि ऑपरेशन सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि को शुरू किया गया था।

प्रवक्ता ने कहा, दो अज्ञात आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एजेंसियों से खुफिया जानकारी मिलने पर, भारतीय सेना और पुलिस द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी के लिए सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। रात करीब एक बजे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद दोनों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस से मुठभेड़ स्थल से दो एके सीरीज की राइफलें, एक पिस्तौल और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई।

लेफ्टिनेंट कर्नल साहू ने कहा, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों के बीच उच्च स्तर का तालमेल एक बार फिर भीतरी इलाकों में आतंकवादियों के खात्मे में बहुत प्रभावी साबित हुआ है।

## देश के बजट में आदिवासी लेते हैं 10 पैसे का निर्णय : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार आदिवासियों के साथ न्याय नहीं कर रही है और उन्हें देश के बजट में महज10 पैसे के बराबार का निर्णय लेने का अधिकार है इसलिए जातीय जनगणना आवश्यक है।

गांधी ने ट्वीट किया, आदिवासी देश के बजट के100 रुपये में से मात्र 10 पैसे पर निर्णय लेते हैं-ये बहुत शर्मनाक है।

हम आदिवासी, दलित और ओबीसी समुदाय का अपमान होने नहीं देंगे- जातीय जनगणना करवा कर रहेंगे और उन्हें सही हिस्सेदारी दिला कर रहेंगे। इसके साथ ही गांधी एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने कहा आदिवासी वर्ग का अपमान किया जा रहा है। इस वर्ग को उसका हक मिलना चाहिए।

आदिवासी देश में सौ रुपए में से पांच रुपए का भी निर्णय नहीं लेते, एक रुपए का भी निर्णय नहीं लेते, 50 पैसे का भी निर्णय नहीं लेते, 25 पैसे का भी निर्णय नहीं लेते बल्कि आदिवासी सिर्फ दस पैसे का निर्णय लेते हैं और इससे बड़ा आदिवासी वर्ग का अपमान नहीं हो सकता।

## उत्तरप्रदेश में पावर ऑफ अटॉर्नी का खेल खत्म

### खून का रिश्ता नहीं तो पावर ऑफ अटॉर्नी पर स्टांप शुल्क

यूपी की योगी सरकार ने करोड़ों रुपये के स्टांप को 100 रुपये के स्टांप पर पावर ऑफ अटार्नी लेकर बेचने के खेल पर रोक लगा दी है। खून के रिश्तों को छोड़कर बाहरी व्यक्तियों को पावर ऑफ अटार्नी वाली संपत्तियों पर अब सर्किल रेट का सात फीसदी स्टांप शुल्क देना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक यह फैसला हुआ। स्टांप तथा न्यायालय शुल्क पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि संपत्ति की देखरेख के लिए की गई पावर ऑफ अटार्नी को स्टांप शुल्क से बाहर रखा गया है। उन्होंने बताया कि बड़े शहरों से लेकर गांवों तक पावर ऑफ अटार्नी के सहारे संपत्तियों की खरीद-फरोख्त का बड़ा धंधा चल रहा है। खासकर बिल्डर और प्रापर्टी डीलर इसके सहारे करोड़ों के स्टांप शुल्क की चोरी कर रहे हैं। इससे जहां सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं किसानों और शहर के गरीबों का नुकसान हो रहा है। इतना ही



नहीं पावर ऑफ अटार्नी पर जमीन बेचने का अधिकार देने से उनके पास आयकर की नोटिसें आ रही हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ही अकेले दो लाख से ज्यादा पावर आफ अटार्नी पकड़ में आई है। इसकी आड़ में किसानों के साथ धोखा किया गया। किसानों को जमीन का भुगतान किया, लेकिन रजिस्ट्री के बजाय उनके साथ पावर ऑफ अटार्नी की गई। इसके बाद उस जमीन को टुकड़ों में बेचकर तीन गुना मुनाफा कमाया गया और रजिस्ट्री सीधे किसान से करा दी गई।

उन्होंने बताया कि इस खेल पर रोक लगाने के लिए अब खून के रिश्तों के बाहर प्रापर्टी बेचने की पावर ऑफ अटार्नी को रजिस्ट्री के समकक्ष माना जाएगा। इस आधार पर सात फीसदी स्टांप शुल्क लिया जाएगा। इसके लिए मुख्तारनाम विलेख पर स्टांप शुल्क की देयता के संबंध में भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 में संशोधन को मंजूरी दे दी गई है।

### इनको मिलता रहेगा छूट

परिवारिक सदस्यों पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू, पुत्री, दामाद, भाई, बहन, पौत्र, पौत्री यानी बेटे का पुत्र और पुत्री, नाती, नातिन के बीच मुख्तारनामा के माध्यम से संपत्तियों का हस्तांतरण किया जा सकेगा। इसके लिए 5000 रुपये स्टांप शुल्क देय होगा।

## हिमाचल में बर्फबारी, मनाली-लेह हाईवे बंद

शिमला। हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बीती रात बर्फबारी हुई। इसके बाद मनाली-लेह हाईवे बंद हो गया है। क्षेत्र में फंसे लोगों को केलांग में ही रुकने की सलाह दी गई है। ताजा बर्फबारी के बाद मनाली से भी आज बारालाचा व शिंकुला के लिए टूरिज्म की बसें भी नहीं भेजी जाएंगी। दिल्ली-मनाली-लेह रूट पर चलने वाली हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस भी बंद कर दी गई है। सूचना के अनुसार, बारालाचा, शिंकुला, कुंजम, रोहतांग में सात-सात इंच, जिसपा में एक इंच और लाहौल स्पीति के आखिरी गांव दारचा में भी दो इंच से ज्यादा ताजा हिमपात हुआ। हाईवे पर इससे फिसलन बढ़ गई है। ऐसी सड़क पर सफर करना जोखिम भरा हो गया है। उधर, चंबा के भरमौर तथा रोहडू के चांशल में भी सीजन का पहला हिमपात हुआ। ऊंची चोटियों पर सफेद चांदी बिछने के बाद क्षेत्र में ठंड जरूर बढ़ी है, लेकिन इससे आने वाले दिनों में पर्यटन सीजन और रफ्तार पकड़ेगा। देश के विभिन्न राज्यों के पर्यटक बीते आठ से 10 दिनों के दौरान बारालाचा, शिंकुला, दारचा, जिसपा आदि स्थानों पर बर्फ को देखने पहुंच रहे हैं। लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी के बाद मनाली के पर्यटन कारोबारियों को अच्छे कारोबार की आस बंध गई है।

## न्यूजक्लिक केस, प्रबीर-अमित को 10 दिन की न्यायिक हिरासत

### विदेश से फंड लेने और यूएपीए के तहत हुई है गिरफ्तारी



नई दिल्ली। दिल्ली कोर्ट ने मंगलवार (10 अक्टूबर) को न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले कोर्ट ने 9 अक्टूबर को उनकी याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

दिल्ली पुलिस ने दोनों को आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया है। इन पर चीनी प्रोपेगेंडा चलाने के लिए चीन से पैसा लेने का आरोप है।

दोनों को दोपहर करीब 2: 50 बजे एडिशनल सेशन जज हरदीप कौर के सामने पेश किया गया। प्रोसिक्यूशन ने दोनों के लिए 10 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की, जिसका पुरकायस्थ के वकील ने विरोध किया। स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि केस में अभी सबूत जुटाए जा रहे हैं। इसीलिए हिरासत की मांग की गई है।

प्रबीर और अमित ने अपनी गिरफ्तारी और पुलिस रिमांड को हाईकोर्ट में चुनौती दे रखी है।

### 3 अक्टूबर को प्रबीर और अमित की गिरफ्तारी हुई थी

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 3 अक्टूबर को प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। 4 अक्टूबर को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां ट्रायल कोर्ट ने दोनों को 7 दिन (11 अक्टूबर) की पुलिस रिमांड में भेज दिया। उधर, पुलिस ने न्यूजक्लिक के ऑफिस को भी सील कर दिया। प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से अर्जेंट हियरिंग की अपील की थी। उन्होंने दोनों की गिरफ्तारी और 7 दिन की पुलिस कस्टडी को चुनौती दी। कोर्ट से प्रबीर और अमित को अंतरिम राहत के रूप में तत्काल रिहाई देने की मांग की थी। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव नरूला की बेंच आज सुनवाई के लिए तैयार हुई। 6 अक्टूबर को याचिका पर सुनवाई हुई, तब कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

### हाईकोर्ट ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था

सोमवार को हाईकोर्ट में प्रबीर और अमित के वकील ने कहा कि मेरे मुवक्किलों की गिरफ्तारी और रिमांड को कई कानूनी आधारों पर बरकरार नहीं रखा जा सकता है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उन्हें वजह नहीं बताई थी। ट्रायल कोर्ट में प्रबीर और अमित के वकील की अनुपस्थिति में रिमांड का आदेश जारी किया गया था।

इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि मामला गंभीर अपराधों से जुड़ा है।

यूएपीए के नियमों के तहत उनकी गिरफ्तारी हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस तुषार राव गेडेला ने आदेश सुरक्षित रख लिया।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस : वीवो मोबाइल्स पर ईडी का बड़ा ऐक्शन, 4 लोग गिरफ्तार

### ईडी ने बीते साल देश भर में वीवो मोबाइल्स के 48 ठिकानों पर सर्च की थी

नई दिल्ली। चीनी मोबाइल कंपनी वीवो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर ईडी ने बड़ा ऐक्शन लिया है। एक चीनी नागरिक समेत ईडी ने 4 लोगों को अरेस्ट कर लिया है, जिनमें से एक लावा इंटरनेशनल के एमडी भी हैं। लावा भारतीय मोबाइल कंपनी है। इन सभी लोगों को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अरेस्ट किया गया है। ईडी सूत्रों के मुताबिक एजेंसी ने जिन लोगों को अरेस्ट किया है, उनमें चीनी नागरिक एंड्रयू कुआंग, लावा इंटरनेशनल के एमडी हरि ओम राय और राजन




मलिक एवं नितिन गर्ग नाम के चार्टर्ड अकाउंटेंट को अरेस्ट किया गया है। ईडी का यह ऐक्शन वीवो मोबाइल्स पर एक साल से भी ज्यादा समय पहले मारी गई रेड के बाद आया है। ईडी ने बीते साल देश भर में वीवो मोबाइल्स के 48 ठिकानों पर सर्च की थी। इस दौरान वीवो मोबाइल्स से जुड़ी 23 कंपनियों के खिलाफ भी जांच की गई थी। ईडी के मुताबिक वीवो मोबाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना 1 अगस्त, 2014 को की गई थी। इसी से जुड़ी एक कंपनी है, ग्रैंड प्रॉस्पेक्ट इंटरनेशनल कॉम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड। इसी को GPICPL भी कहा जाता है। आरोप है कि इस कंपनी की स्थापना में नियमों का उल्लंघन किया गया था और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला बनता है। इसी केस की जांच के सिलसिले में ईडी ने यह बड़ी कार्रवाई की है।

## केंद्र के चुनावी बांड योजना को चुनौती : 31 अक्टूबर से सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह चुनावी बांड योजना की वैधता पर फैसले के लिए 31 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा और इसमें कोई बाधा आती है तो अगले दिन भी सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अंतिम सुनवाई की तारीख तय करने का फैसला किया।शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ.जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी। चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्रोतों में शामिल है।

## कर्नाटक : तीन वाहनों के बीच जोरदार भिड़ंत, सात लोगों की मौत

विजयनगर। कर्नाटक के विजयनगर जिले में सोमवार को एक ट्रक और एक यात्री वाहन की टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह जानकारी पुलिस ने दी। यह घटना होसपेट शहर के बाहरी इलाके में मरियम्मनहल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई। पुलिस के मुताबिक, लॉरी का एक्सल टूटने से यह हादसा हुआ।

### गोनी बसवेश्वर मंदिर गए थे मृतक

मृतक होसपेट के रहने वाले हैं और वे हरपनहल्ली शहर के पास कूलाहल्ली में गोनी बसवेश्वर मंदिर में दर्शन करने



गए थे। उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घायलों को होसपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सूत्रों ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

### इन लोगों की हुई मौत

विजयनगर के एसपी श्रीहरि बाबू के मुताबिक, मृतकों की पहचान होसपेट सिटी निवासी उमा, केंचव्वा, भाग्य, अनिला, गोनी बसप्पा, भीमलिंगप्पा और बालाका युवराज के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, क्रूजर में 13 लोग सवार थे और घायलों की हालत गंभीर है। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तमिलनाडु : पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में जान गंवाने वालों की संख्या हुई 12

अरियालुर। तमिलनाडु के अरियालुर जिले में बीते सोमवार को पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में जान गंवाने वालों की संख्या 12 हो गई है। वहीं, इस हादसे में 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

दरअसल, मंगलवार को इलाज के दौरान 80 फीसदी जली हालत में तंजावुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराई गई 21 वर्षीय मुरुगानंदम की भी मौत हो गई। इस हादसे में अब तक तीन महिलाओं की मौत हो चुकी है।

पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान पी. सीनू (24), डी. पन्नीरसेल्वम (55), एस.रवि (45), आर. शिवकामी (45), के. रासथी (43) और एस. वेन्निला (38), के. अराविलगन (57), यू. शिवकुमार (50) और वी. आनंदराज (54) के रूप में हुई है।

हालांकि, मृतकों में एक पुरुष शामिल है, जिसके शव की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। बता दें कि जिस फैक्ट्री और गोदाम में सोमवार को यह घटना घटी वह वेत्रियुर मदुरा विरागुलर गांव में स्थित है।

### फैक्ट्री का मालिक गिरफ्तार

फैक्ट्री के मालिक राजेंद्रन (65) और उनके दामाद अरुण कुमार (39) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि आगामी दीपावली के मद्देनजर, राजेंद्रन ने 30 और श्रमिकों को नियुक्त किया था, जो पटाखों की मांग को पूरा करने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे थे। इसी ओवरटाइम के दौरान यह हादसा हुआ था।

### मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 3 लाख रुपये

इस भीषण विस्फोट में ग्यारह की मृत्यु हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मृतकों के परिजनों को 3 लाख रुपये और विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों को 1 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है।

खुलासा

### 5 लाख रिश्वत लेने के आरोप में एसीबी ने पकड़ा; पंचकूला सीजेएम कोर्ट में किया पेश

## रिश्वत : हरियाणा में आईएएस अफसर विजय दहिया गिरफ्तार

चंडीगढ़। हरियाणा के आईएएस अफसर विजय दहिया को एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें पंचकूला की सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया है। उन पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम में 5 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगा है। इससे पहले रिश्वत लेने की आरोपी पूनम चोपड़ा को एसीबी गिरफ्तार कर चुकी है। उसके पास से 5 लाख रुपए रिश्वत के भी बरामद किए जा चुके हैं।

इस पूरे मामले का खुलासा शिकायतकर्ता रिंकू मनचंदा के द्वारा ब्यूरो को दी शिकायत में हुआ था। इसके बाद करनाल ध्क्क की टीम ने पूनम चोपड़ा को गिरफ्तार किया था। शिकायत में सामने आया था कि हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तत्कालीन आयुक्त विजय दहिया से वॉट्सऐप पर पूनम चोपड़ा ने उसके सामने बात की थी।

उसके बाद उसने अपनी 40 लाख रुपए की पेमेंट लेने के लिए एडवांस में 2 लाख रुपए दे दिए थे। जिस दिन शिकायतकर्ता पूनम चोपड़ा को बकाया 3 लाख रुपए देने आया तो उस दिन भी उसने शिकायतकर्ता के सामने विजय दहिया से बात की थी।

### सरकार ने नहीं दी थी कोई पोस्टिंग



आईएएस अधिकारी विजय दहिया के खिलाफ हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्रवाई के बाद सरकार ने कोई पोस्टिंग नहीं दी थी, जबकि दहिया 2 महीने पहले ही ड्यूटी पर वापस आ गए थे।

एसीबी ने 21 अप्रैल को दहिया और उनकी कथित परिचित पूनम चोपड़ा व हरियाणा कौशल रोजगार निगम के एक अधिकारी के खिलाफ रिश्वत का केस दर्ज किया था।

### 30 जुलाई को सीएस ऑफिस में की थी रिपोर्ट

दहिया ने केस दर्ज होने के 3 महीने बाद 30 जुलाई को मुख्य सचिव ऑफिस में रिपोर्ट की थी। उनके मामले में सरकार की ओर से भी अभी तक कोई स्थिति स्पष्ट नहीं की गई, जबकि दहिया सरकार को भी अपने मामले में चिट्‌ठी लिख चुके हैं। हरियाणा मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी का कहना है कि सरकार के संज्ञान में मामला है, जरूरत पड़ने पर उन्हें पोस्टिंग दी जाएगी।

### हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

पूनम चोपड़ा को 3 लाख रुपए की ट्रैप मनी के साथ गिरफ्तार किया गया था, जो उन्होंने फतेहाबाद के रिंकू मनचंदा से 50 लाख रुपए के बिलों को पास कराने के लिए थे।

तब से दहिया ने पंचकूला की जिला कोर्ट के साथ पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका डाल चुके हैं, लेकिन दोनों जगह से उनकी याचिका खारिज की जा चुकी है।

## झारखंड राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल हो गया है : बाबूलाल मरांडी

भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्यपाल को पत्र लिखकर कहा है कि झारखंड राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल हो गया है। मरांडी ने अपने पत्र में कहा कि झारखंड राज्य में मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार की जांच कर रही जांच एजेंसियों के अनुरोध के प्रति राज्य सरकार और उसके अधिकारी उदासीन हो गए हैं। जब उपर्युक्त जानकारी मेरे पास आई, तो मैंने इसकी सच्चाई की जांच करने के लिए उचित प्रयास किए और आरोपों को सत्य और सही पाया।



नई दिल्ली
बुधवार 11 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### नगर पालिकाओं के चुनाव का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, सरकार से जवाब तलब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में नगर निकायों की चुनाव प्रक्रिया शुरू नहीं किये जाने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मंगलवार को चुनाव आयोग व प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है। इस मामले को जसपुर निवासी अनीस की ओर से चुनौती दी गई है। प्रकरण की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश में नगर पालिकाओं, नगर निगम और नगर पंचायतों के कार्यकाल इस साल दो दिसंबर को खत्म हो रहे हैं। कार्यकाल खत्म होने से छह माह पहले चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए। नगर निकायों के कार्यकाल खत्म होने में अब दो माह का समय शेष है लेकिन सरकार की ओर से अभी तक चुनावी प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। अंत में अदालत ने सरकार को जवाबी हलफनामा दायर करने के निर्देश दिये और पूछा कि अभी तक चुनाव प्रक्रिया शुरू क्यों नहीं की गयी है। अदालत ने चुनाव आयोग से भी जवाब देने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई एक नवंबर को होगी।

### 269 स्कूलों में छात्रों की संख्या 10 से कम

शिलांग। मेघालय के शिक्षा मंत्री रक्कम ए संगमा ने मंगलवार को कहा कि मेघालय में 269 स्कूल हैं जिनमें प्रत्येक में 10 से कम छात्रों का आधिकारिक नामांकन है। संगमा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों का सत्यापन करेगी और मुद्दे के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट की जांच के लिए जल्द ही एक अधिकारी स्कूलों का दौरा करेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य के 269 स्कूलों में से 168 प्राथमिक स्कूलों में 10 से कम छात्र हैं। 101 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन समान रूप से निराशाजनक है। उन्होंने कहा, कम नामांकन चिंताजनक है और हम (राज्य सरकार) केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों का सत्यापन करेंगे और आवश्यक कदम उठाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या इन स्कूलों को बंद करना एक विकल्प है, संगमा ने इस बात पर जोर दिया कि बंद करना अधिकांश के लिए कोई समाधान नहीं है, हालांकि कुछ में, यदि यह संभव है, तो विभाग ऐसा करेगा। संगमा ने कहा, सरकार को यह समझना होगा कि कम नामांकन का कारण क्या है, क्योंकि यह बुनियादी ढांचे की कमी, शिक्षकों की कमी या कुछ अन्य मुद्दों के कारण हो सकता है।

### राजस्व अधिकारियों को बकाएदारों से वसूली की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

जालंधर। पंजाब में जालंधर जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने मंगलवार को वसूली (रिकवरी) की स्थिति, राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली (आरसीएमएस), स्वामित्व योजना, इंतक़ाल दर्ज करने, राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करने की प्रगति और लंबित आदि की समीक्षा की। एफ.सी.आर. पंजाब द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद यहां जिला प्रशासकीय परिसर में अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए सारंगल ने राजस्व अधिकारियों को वसूली को सर्वोच्च पहल देने के लिए कहा ताकि राज्य सरकार का राजस्व बढ़ाया जा सके। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को बकायेदारों से वसूली की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को व्यक्तिगत रूप से वसूली मामलों की निगरानी करने के लिए भी कहा। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर ने राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली की प्रगति, राजस्व न्यायालयों में लंबित मामले, जमानत की स्थिति, पटवारियों और कानूनगो की जांच, इंतकाल, स्वामित्व योजना, डिजिटल कैडस्ट्रल मैप की भी समीक्षा की और अधिकारियों को उनकी अदालत में लंबित राजस्व मामलों के समय पर निपटारे सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अदालत में पुराने मामलों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से ऐसे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित करने को कहा।

### परगना में खनन गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए समितियों का गठन

जालंधर। पंजाब के जालंधर जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने मंगलवार को खनन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिले के प्रत्येक परगना में उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया, जो किसी भी अवैध खनन को रोकने के अलावा, सभी सार्वजनिक और वाणिज्यिक खनन स्थलों का निरीक्षण करेगी। सारंगल ने कहा कि जालंधर के छह परगना जालंधर-1, जालंधर-2, नकोदर, शाहकोट, फिल्लौर और आदमपुर है और इस समिति का चेयरमैन हर परगना का उपजिलाधिकारी होगा। उन्होंने कहा कि समिति में संबंधित उपविभागीय अधिकारी (एस.डी.ओ.) खनन सदस्य सचिव, कनिष्ठ अभियंता खनन, पुलिस उपाधीक्षक, वन रेंज अधिकारी, बीडीपीओ एवं नायब तहसीलदार सदस्य होंगे। उपायुक्त ने कहा कि यह समितियां नियमित रूप से हर 15 दिनों में सार्वजनिक और वाणिज्यिक खनन स्थलों और अवैध खनन की संभावना वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगी और जिला स्तरीय निगरानी समिति को एक रिपोर्ट सौंपेंगी। उन्होंने समितियों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कानूनी रूप से चल रहे खनन कार्य प्रभावित न हों ताकि आम लोगों को सस्ती दरों पर रेत प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। सारंगल ने समितियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जिले में कोई अवैध खनन न हो और दोषियों के खिलाफ तुरंत एफ़आईआर दर्ज की जाए।

### खेती में नवाचार करने पर किसानों को मिलेगा सम्मान

झुंझुनू। कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा) की ओर से कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ किसानों को राज्य, जिला तथा पंचायत समिति स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) डॉ. राजेंद्र लाम्बा ने बताया कि राज्य, जिला एवं पंचायत समिति स्तरीय प्रत्येक पुरस्कार के लिए किसान को 50 हजार, 25 हजार एवं 10 हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिले की 11 पंचायत समितियों झुंझुनू, नवलगढ, अलसीसर, मण्डावा, उदयपुरवाटी, चिड़ावा, पिलानी, सूरजगढ, खेतड़ी, सिंघाना एवं बुहाना में से प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर पांच गतिविधियों- कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, जैविक खेती और नवाचारी खेती में से प्रत्येक गतिविधि के लिए एक-एक किसान यानी 5 किसानों का चयन किया जाएगा। पंचायत समिति स्तर पर चयनित किसानों में से 10 सर्वश्रेष्ठ किसानों को, प्रत्येक गतिविधि के लिए दो सर्वश्रेष्ठ किसानों को जिला स्तर पर चयनित किया जाएगा। वहीं राज्य स्तर के पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर प्रथम स्तर के चयनित सर्वश्रेष्ठ किसानों में से प्रत्येक गतिविधियो के लिए दो-दो किसानों का चयन किया जाएगा। इस प्रकार राज्य स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्तर पर 5-5 यानी कुल 10 उत्कृष्ट किसानों का चयन प्रत्येक गतिविधिवार कर पुरस्कृत किया जाएगा।

### 16.8 प्रतिशत आबादी मानसिक रोग का शिकार

कोटा। देश की 16.8 प्रतिशत आबादी मानसिक रोग का शिकार है जो गंभीर मसला है जिसे दूर करने के प्रयास करने पड़ेंगे। कोटा रेल मंडल रेल चिकित्सालय में मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य वक्ता मनोचिकित्सक डॉ. विनायक पाठक ने बताया की वर्तमान में 16.8 प्रतिशत भारतीय अवसाद एवं मानसिक रोग के शिकार है जिसका मुख्य कारण तनाव, अवसाद, भय, गुस्सा, चिन्ता, अनियंत्रित व्यर्थ और नकारात्मक विचार, शरीर के पुराने दीर्घकालीन रोग, जीवन में विफलताएँ, परिवार में टकराव और व्यसन आदि हैं। डॉ. पाठक ने बताया की रोगी को चिकित्सक को दिखाने के साथ-साथ अवसाद सहित अन्य मानसिक रोग के कारणों को दूर करने के प्रयास करने पड़ेंगे एवं रोगी को सकारात्मक विचारों एवं भावनाओं की ओर प्रेरित करना पड़ेगा। रोगी के आत्म सम्मान में वृद्धि के लिए उसको स्वप्रबंधन में सहयोग करना चाहिए, रिश्तों में सामंजस्य स्थापित करना चाहिए रोगी को खुशी-आराम आंतरिक शांति का अनुभव कराना चाहिए तथा यदि सम्भव हो तो राजयोग मेडिटेशन का भी दैनिक अभ्यास करना चाहिए।

# जगन्नाथ पुरी में 1 जनवरी से ड्रेस कोड लागू होगा

**मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के फटे जीन्स, स्कर्ट और स्लीवलेस कपड़े पहनने पर रोक लगाई**

पुरी। ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को अब ड्रेस कोड फॉलो करना होगा। मंदिर प्रबंधन ने सोमवार (9 अक्टूबर) को बताया कि अगले साल 1 जनवरी से ड्रेस कोड लागू किया जाएगा। ड्रेस कोड के बारे में श्रद्धालुओं को आज से ही जागरूक किया जाएगा।

न्यूज एजेंसीके मुताबिक, ड्रेस कोड लागू होने के बाद लोग जगन्नाथ मंदिर में हाफ पैंट, फटे जीन्स, स्कर्ट और स्लीवलेस कपड़े पहनकर नहीं जा सकेंगे। मंदिर की नीति सब-कमेटी की मीटिंग में यह फैसला लिया गया है।

हालांकि, मंदिर में किस तरह के कपड़े पहनने की इजाजत होगी, अभी यह तय नहीं हुआ है।

जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन के चीफ रंजन कुमार दास ने बताया कि कुछ लोग मंदिर के भीतर असभ्य कपड़े पहनकर आते हैं। कुछ लोग हाफ पैंट और स्लीवलेस कपड़ों में आते हैं, जैसे बीच या पार्क में घूमने आए हो। मंदिर में भगवान रहते है। यह मनोरंजन की जगह नहीं है। इससे दूसरे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती है।



**सुरक्षाबल और प्रतिहारी करेंगे श्रद्धालुओं के कपड़ों की निगरानी**

जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन के चीफ ने कहा कि मंदिर की मर्यादा और पवित्रता को बरकरार रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए 1 जनवरी 2024 से ड्रेस कोड का कड़ाई से पालन होगा। मंदिर के सिंह द्वार पर तैनात सुरक्षाबल और मंदिर के भीतर प्रतिहारी सेवक इसकी निगरानी करेंगे।

## फिल्म अभिनेता नवदीप ड्रग मामले में ईडी के सामने हुए पेश

हैदराबाद। मशहूर फिल्म अभिनेता नवदीप माधापुर ड्रग मामले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। ईडी ने नवदीप को एक नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें 10 अक्टूबर को अपने हैदराबाद कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि ईडी ने मामले में शामिल मनी लॉन्ड्रिंग की नारकोटिक्स ब्यूरो (टीएसएनएबी) की जांच के जवाब में यह नोटिस जारी किया था। इससे पहले, टीएसएनएबी ने उनसे छह घंटे तक पूछताछ की थी। जांच के दौरान पता चला कि अभिनेता नवदीप संदिग्धों के संपर्क में थे। पुलिस ने आरोप लगाया है कि नवदीप ने गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में से एक रामचंदर से ड्रग्स प्राप्त किया था, और उनका दावा है कि उनके पास इस आरोप का समर्थन करने वाले सबूत भी उनके पास हैं। इसके अलावा, अधिकारियों ने उसके मोबाइल कॉल डेटा और व्हाट्सएप चैट इतिहास को पुन: प्राप्त करने के लिए उसका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है।

## सुक्खू ने जारी की जिला सुशासन की वार्षिक रिपोर्ट

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को यहां आर्थिकी और सांख्यिकी विभाग द्वारा तैयार हिमाचल प्रदेश जिला सुशासन सूचकांक पर वार्षिक रिपोर्ट-2022 जारी की। इस रिपोर्ट में आठ मूल विषय, 19 केन्द्र बिन्दु तथा 90 विशिष्ट कारक शामिल किए गए हैं।

इस अवसर पर श्री सुक्खू ने कहा कि लोगों के कल्याण के लिए सुशासन के साथ पारदर्शी व जवाबदेह सरकार अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और शासन की मूल इकाई जिला है। जिलों के प्रदर्शन को नागरिक कल्याण की योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन तथा समावेशी विकास के लिए विभिन्न महत्त्वपूर्ण सुशासन संकेतकों पर मापा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति और आगामी चुनौतियों के दृष्टिगत राज्य में विकास के प्रतिमानों में बदलाव की आवश्यकता है।

हिमाचल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली व जल आपूर्ति सहित विविध क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विकास



संकेतकों पर कई अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है और समावेशी तथा समग्र विकास के आदर्श राज्य के रूप में उभरा है।

जिला सुशासन सूचकांक की चौथी रिपोर्ट 12 जिलों के माध्यमिक आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई है जिसके अन्तर्गत सभी जिलों के तुलनात्मक आंकलन के लिए सभी आंकड़े एकत्रित किए गए। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जिसने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशासन की गुणवत्ता मापने का कार्य शुरू किया है।

सुशासन सूचकांक-2022 में आठ मूल विषय आवश्यक बुनियादी ढांचा, मानव विकास, सामाजिक संरक्षण, महिलाएं एवं बच्चे, अपराध, कानून एवं व्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता और जवाबदेही और आर्थिक प्रदर्शन शामिल हैं।

## कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हिमपात से तापमान में गिरावट

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश होने से मंगलवार को यहां के तापमान में गिरावट आयी।

मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर और जम्मू संभाग के डोडा-किस्तावर में ज्यादातर बादल छाए रहेंगे तथा ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात हो सकती है। जम्मू कश्मीर के कई स्थानों पर रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश या ऊंचे इलाकों में हिमपात के आसार हैं।

उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट कोंगदूरी, अफरवाट में हिमपात हुआ, जिससे वहां पहुंचे पर्यटक काफी खुश हुए। बालटाल, सोनमर्ग, शेषनाग, पहलगाम, अमरनाथ गुफा मंदिर, दक्षिण कश्मीर में शोपियां जिले के ऊपरी इलाके, पीरपंजाल पर्वत श्रृंखला, सिंथन टॉप, राजदान टॉप और अन्य ऊंचे इलाकों में भी हिमपात हुआ।

उन्होंने बताया कि 11-13 अक्टूबर तक मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा।

राजधानी श्रीनगर सहित कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों में रात भर तेज बारिश हुई, जिससे तापमान में काफी गिरावट आई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और 16.7 मिमी बारिश भी हुई।

## साहा ने राशन की दुकानों में पूजा विशेष 'उपहार' की लॉन्च

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने मंगलवार को दुर्गा पूजा से पहले राज्य के सभी राशन कार्ड धारकों को सजाए गए जूट बैग में एक विशेष सब्सिडी वाले 'उपहार' का वितरण शुरू किया, जिसमें सरसों का तेल, एक-एक किलोग्राम दाल और चीनी, दो किलोग्राम आटा और 500 ग्राम सूजी शामिल था।

डॉ. साहा ने कहा कि पहली बार त्रिपुरा सरकार पिछले विधानसभा चुनाव से पहले अपने चुनावी वादों के तहत राज्य भर की सभी राशन दुकानों में सब्सिडी वाला सरसों का तेल देने की शुरूआत कर रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोगों को सभी राशन दुकानों में सब्सिडी वाला सरसों का तेल देने का वादा किया था और अब



यह 113 रुपये प्रति लीटर की विशेष कीमत पर शुरू हो गया है।

पहले यह निर्णय लिया गया था कि राशन की दुकानों पर सरसों का तेल 128 रुपये प्रति लीटर बेचा जाएगा, लेकिन बाद में विभाग ने प्रति लीटर 15 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की। इंजन, इमामी और राज्य के ब्रांड लॉन्गथराई सहित सरसों तेल के तीन प्रसिद्ध ब्रांडों के साथ सरसों के तेल की सही आपूर्ति की जा रही है।

डॉ. साहा ने कहा कि ये सभी वस्तुएं बायोडिग्रेडेबल कैनवास बैग में उपलब्ध कराई जाएंगी। अब तक, 9.70 लाख राशन कार्ड धारकों के बीच योजना के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कुल नौ लाख बैग में से 3.58 लाख बैग राज्य में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा, अब से, राशन कार्ड धारकों को साल में चार बार सब्सिडी वाला सरसों का तेल उपलब्ध कराया जाएगा।

राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुशांत चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश के अनुसार, राज्य की सभी राशन दुकानों को नया स्वरूप दिया जाएगा और उन्हें मॉडल राशन दुकानों में बदल दिया जाएगा। पहले चरण में आठ जिलों की कुल 2,056 दुकानों में से 600 को मॉडल राशन दुकानों में तब्दील किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभाग प्रत्येक राशन दुकान के मालिक को उनके नवीनीकरण के लिए 5,000 रुपये का कैश क्रेडिट देगा। इस कदम से राज्य के खजाने पर सालाना 30 लाख रुपये का बोझ पड़ेगा।

चौधरी ने कहा कि विभाग के पास अब सभी आवश्यक खाद्य पदार्थों का पर्याप्त भंडार है, जिसमें 96 दिनों का बफर चावल स्टॉक, 49 दिनों का गेहूं स्टॉक, 57 दिनों का चीनी स्टॉक, 59 दिनों का दाल स्टॉक, 12 दिनों का नमक बफर स्टॉक, 11 दिनों का पेट्रोल और पांच दिन का डीजल स्टॉक शामिल है।

## इस बार केदारनाथ पहुंचे रिकार्ड श्रद्धालु, मंगलवार को बारिश से मौसम हुआ सर्द

**श्री केदारनाथ / बदरीनाथ धाम/ देहरादून।** उत्तराखंड स्थित श्री केदारनाथ धाम में मंगलवार सुबह से बादल छाये रहे तथा दोपहर से बारिश शुरू हो गयी वहीं उपरी चोटियों पर बर्फवारी शुरू हो गयी। जिससे मौसम पहले से अधिक सर्द हो गया। हालांकि मंदिर समिति तथा प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए अलाव, शैल्टर, गर्मपानी आदि की व्यवस्था की है। दूसरी ओर, श्री केदारनाथ में बरसात के बाद तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि प्रतिदिन अठारह से बीस हजार तीर्थयात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंच रहे है। सोमवार



तक कुल 1609913 (सोलह लाख नौ हजार नौ सौ तेरह) तीर्थयात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंच गये हैं तथा साढ़े छयालीस लाख से अधिक तीर्थयात्री चारधाम पहुंच गये है। इनमें से सबसे अधिक तीर्थयात्री अभी तक श्री केदारनाथ धाम पहुंचे है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने विगत रविवार को केदारनाथ में यात्रा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया सर्द मौसम के मद्देनजर मंदिर समिति अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि तीर्थयात्रियों की हर संभव सहायता की जाये तथा मंदिर दर्शन में सुगमता से हों बताया कि यात्रा की शुरुआत से ही बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह भी केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों के बीच मौजूद हैं निरंतर यात्रा व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए है ?। अभी तक 1524798( सवा पंद्रह लाख) तीर्थ यात्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे गये है जबकि अभी यात्रा में एक से डेढ़ महीने का समय बाकी है उम्मीद है कि तीर्थयात्रियों की संख्या में इजाफा होगा।

## रिश्वत लेते पकड़े गए अंचलाधिकारी सेवा से बर्खास्त

**पटना।** बिहार सरकार ने रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए बक्सर जिले में राजपुर के तत्कालीन अंचलाधिकारी राकेश कुमार को आज सेवा से बर्खास्त कर दिया। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजपुर के तत्कालीन अंचलाधिकारी एवं वर्तमान में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत राकेश कुमार को निगरानी विभाग की टीम ने 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था।

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने पुलवामा में मदरसे को किया ध्वस्त

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में उस धार्मिक मदरसे को ध्वस्त कर दिया है, जहां पिछले वर्ष गोलीबारी हुई थी। पुलिस ने कहा कि दारुल-उल-उलूम सरकारी जमीन पर बनाया गया था और राष्ट्रीय जांच एजेंसी की सिफारिश पर सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात इसे ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस सुरक्षा के तहत राजस्व अधिकारियों ने सरकारी भूमि पर अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया। पिछले साल पुलिस और सेना ने 11 और 12 मार्च की रात को पुलवामा के चेवा कलां स्थित दारुल-उल-उलूम में ऑपरेशन चलाया था, जिसमें एक स्थानीय आतंकवादी आकिब मुश्ताक निवासी करीमाबाद और एक विदेशी आतंकवादी को मार गिराया गया था। मामले की जांच एनआईए ने अपने हाथ में ले ली और जांच के दौरान एनआईए ने दारुल-उल-उलूम के संचालक चेवाकलां निवासी नसीर मोलवी और उसके सहयोगी इम्तियाज को गिरफ्तार कर लिया, जो अभी भी हिरासत में हैं। दार-उल-उलूम जिसमें एक मंजिला तीन कमरे हैं और वह सरकारी भूमि पर बनाए गए थे और मुठभेड़ की घटना यानी 11/12 मार्च, 2022 के बाद से बंद पड़े थे। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, तदनुसार, एनआईए की सिफारिशों पर सरकारी भूमि पर इन अवैध संरचनाओं को नौ और 10 अक्टूबर की दरमियानी रात पुलिस सुरक्षा के तहत राजस्व अधिकारियों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया।

## हरियाणा में आशा वर्कर्स ने 20 अक्तूबर तक बढ़ाई हड़ताल

सिरसा। हरियाणा के सिरसा में विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स का धरना 63वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान दर्शना रानी ने की। उन्होंने बताया कि सरकार के अड़ियल एवं मांगों के प्रति घोर उपेक्षापूर्ण रवैए से नाराज हड़ताली आशा वर्कर्स ने हड़ताल को 20 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है और 18 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी व जेजेपी के मंत्रियों के आवास पर 24 घंटे के पड़ाव डालने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद भी सरकार की हठधर्मिता जारी रही तो 30 अक्टूबर को संसद पर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दो माह से अधिक समय हड़ताल को हो चुका है, लेकिन आज तक मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के पास आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के साथ बातचीत करने का समय तक नहीं है। उन्होंने बताया कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम कर रहे हैं और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जा रहा है। राज्य की बीस हजार आशा वर्कर भी बेटी है। उन्होंने कहा कि 29 सितंबर को मुख्यमंत्री के चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश खुल्लर से मांगों



पर विस्तृत बातचीत हुई है और उन्होंने आश्वासन दिया था कि अगले सप्ताह मुख्यमंत्री से बातचीत करवाई जाएगी। जिसमें आशा वर्करों की मांगों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोमवार को दूसरा सप्ताह शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से कोई सूचना नहीं आई है। आशा वर्करों के हौंसले बुलंद हैं और मांगों के माने जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। आज के धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान दर्शना ने की। संचालन शिमला व मिनाक्षी ने किया। अपनी मांगों बारे बताया कि आशा वर्कर को सरकारी कर्मचारी का दर्जा, 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन, इंसेंटिव में 50 प्रतिशत कटौती को बहाल करने, ईपीएफ एवं ईएसआई की सुविधा, रिटायरमेंट उम्र 65 साल करने और रिटायरमेंट पर सम्मानजनक पेंशन व ग्रेच्यूटी दी जाए।

## सेना की अग्निवीर भर्ती रैली तिबरी सैन्य स्टेशन में 31 अक्टूबर को

अमृतसर। पंजाब में गुरदासपुर के तिबरी सैन्य स्टेशन में सेना भर्ती की रैली विभिन्न श्रेणियों के तहत अमृतसर, गुरदासपुर और पठानकोट जिले के उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जरनल ड्यूटी ,अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन 31 अक्टूबर से 10 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। सेना के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुये उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ईमेल, आईडी पर भेज दिए गए हैं। उम्मीदवारों को एक शपथ पत्र देना होगा जिसमें इस वाक्य का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा कि मैंने किसी भी हिंसक विरोध/ आगजनी/ सरकारी संपत्ति के विनाश में भाग नहीं लिया है। सभी उम्मीदवारों को बुलाए गए दिन सुबह तीन बजे रैली मैदान में पूरी सुरक्षा के साथ प्रवेश पत्र को बिना मोड़े रंगीन कॉपी के साथ पहुंचना होगा क्योंकि इसे प्रवेश द्वार पर बार कोड स्कैन किया जाएगा। भर्ती रैली के दौरान शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के लिए उम्मीदवारों की दवाओं के उपयोग की जांच की जाएगी।

## पंजाब टैक्सी यूनियन ने भी किया हिमाचल का बॉयकाट

शिमला। गुजरात एवं कोलकाता के बाद पंजाब और चंडीगढ़ टैक्सी यूनियन ने भी हिमाचल प्रदेश का बहिष्कार कर दिया है। पंजाब और चंडीगढ़ टैक्सी यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि हिमाचल प्रदेश सरकार ने अतिरिक्त टैक्स वापस नहीं लिया, तो 15 अक्तूबर से वह हिमाचल प्रदेश के साथ लगती सभी सीमाओं को सील कर देंगे और टैक्सी-मैक्सी को नहीं जाने दिया जाएगा।



हिमाचल में बाहरी राज्यों से आने वाली टैक्सी ऑपरेटरों से लिए जाने वाले अतिरिक्त टैक्स को लेकर पंजाब टैक्सी ऑपरेटरों का विवाद नहीं थमा रहा है।

पंजाब के आजाद टैक्सी ऑपरेटर्ज यूनियन के अध्यक्ष शरणजीत सिंह कलसी ने कहा कि बीते सितंबर माह में पंजाब की टैक्सी, मैक्सी को हिमाचल में आने के लिए अतिरिक्त टैक्स को लेकर परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों से मुलाकात की गई थी। तब अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से इस विषय पर बात की जाएगी, लेकिन इस पर कोई बात नहीं हुई।

इसके बाद 18 सितंबर को परवाणू में सांकेतिक धरना किया, जिस पर उपायुक्त सोलन ने भी आश्वस्त किया कि जल्द ही मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से बैठक की जाएगी और इसके लिए 27 व 28 तारीख का समय दिया। फिर भी प्रदेश सरकार ने अतिरिक्त टैक्स वापस नहीं लिया है।

गौरतलब है कि हिमाचल में प्रदेश सरकार ने बाहरी राज्यों से आने वाली टैक्सी-मैक्सी पर अतिरिक्त टैक्स लगाया है। ऐसे में पंजाब के टैक्सी ऑपरेटर्ज भड़क गए हैं। पंजाब के टैक्सी ऑपरेटरों को कहना है कि पंजाब की सभी टैक्सी-मैक्सी के पास परमिट हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार टैक्स ले रही है। सरकार द्वारा प्रतिदिन पांच हजार टैक्स लिया जा रहा है। ऐसें में टैक्सी ऑपरेटरों को तेल भी अपनी जेब से डालना पड़ रहा है। ऐसे में पंजाब के टैक्सी ऑपरेटर्ज क्या कमाएंगे।

होटल एसोसिएशन के महासचिव माहिंद्र सेठ का कहना है कि पंजाब और चंडीगढ़ टैक्सी यूनियन के हिमाचल प्रदेश को बॉयकाट करने से सबसे ज्यादा होटल इंडस्ट्री प्रभावित होगी। पहले से ही आपदा के कारण प्रदेश में टूरिज्म प्रभावित हुआ है। होटल खाली चल रहे हैं और गुजरात एवं कोलकाता के टैक्सी चालक भी बॉयकाट कर चुके हैं।

टैक्सी चालकों के इस बॉयकाट से फरवरी माह तक भी भरपाई नहीं हो पाएगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बाहरी राज्यों के वाहनों पर लगाए गए अतिरिक्त टैक्स को वापस लिया जाए। महेंद्र सेठ ने कहा कि होटल इंडस्ट्री इस तरह से प्रभावित हो चुकी है कि बैंक के लोन भी एनपीए होने की कगार पर हैं।

## शार्ट न्यूज

### संजय सिंह की रिमांड 13 अक्टूबर तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति घोटाले में गिरफ्तार आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रिमांड कोर्ट ने 3 दिन के लिए बढ़ा दी है। ईडी ने मंगलवार को पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद दोबारा उन्हें कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि संजय सिंह के खिलाफ घूस मांगने के सबूत हैं। वे हिरासत में सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे। जांच में भी सहयोग नहीं कर रहे। जब उनसे फोन के डेटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद कोर्ट ने ईडी की मांग पर संजय सिंह की रिमांड अवधि 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। कोर्ट ले जाते समय आप सांसद ने कहा कि ईमानदार लोग हमारे साथ हैं, जबकि बेईमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। ईडी ने 4 अक्टूबर को संजय सिंह के घर करीब 10 घंटे तक चली छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। 5 अक्टूबर को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से कोर्ट ने उन्हें 10 अक्टूबर तक की रिमांड पर भेज दिया था। शराब घोटाले की चार्जशीट में संजय सिंह का भी नाम है। इसी केस में मनीष सिसोदिया जेल में हैं।

### डबल मर्डर की सनसनीखेज वारदात, हत्या करने आए दो बदमाशों का कत्ल

नई दिल्ली। दिल्ली के अशोक विहार में आपसी रंजिश में बदमाशों के बीच गैंगवार हो गई। एक पक्ष के दो बदमाशों की मौत हो गई। जबकि दूसरे पक्ष का एक बदमाश घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। तीनों बदमाश अशोक विहार और भलस्वा डेयरी के घोषित बदमाश हैं। इनपर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। मृतकों की शिनाख्त रघु और भूरा के रूप में हुई है, जबकि घायल का नाम डबलू है, बताया जा रहा है कि कुछ दिन से इलाके में दबंगता को लेकर इनके बीच विवाद चल रहा था। रघु और भूरा रात में डबलू से बात करने आए थे। इसी दौरान उनके बीच कहासुनी हो गई, दोनों बदमाशों ने डबलू पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद भागने के दौरान डबलू पक्ष के लोगों ने एक बदमाश को गोली मार दी, जबकि दूसरे की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने एक बदमाश को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

### विश्व कल्याण दिवस के अवसर जागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया



नई दिल्ली। हर साल की तरह इस साल भी योगेंद्र कुमार मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि AWBI एवं हैड वार्डर तिहाड जेल के नेतृत्व में विश्व कल्याण दिवस के अवसर पर पशुओं पर क्रूरता रोकने के लिए एक हफ्ते का पखवाड़ा मनाया इस जागरूकता पखवाड़े का अंतिम कर्यक्रम राजकीय को-एड सीनियर सेकेंडरी विद्यालय रघुवीर नगर दिल्ली में किया, इस पखवाड़े में बच्चों को जागरूक करने के लिए पशुओं पर क्रूरता एवम पशुओ के कल्याण विषय पर निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया , इस अवसर पर योगेंद्र कुमार ने बच्चों बताया कि पशुओं से हमें करुणा की भावना रखनी चाहिए इनका भी हमारे जीवन में बहुत महत्व है प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता मीना ने भी बच्चों को पशुओं के कल्याण के कार्य करने के लिए प्रेरित किया , इस अवसर में बी के पांडे , इंदर सोनी मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि AWBI तथा अनिल चौधरी, वीरेंद्र कुमार , राम निवास यादव, जोगेन्दर कुमार एनिमल केअर टेकर ने भी बच्चो को चाइनीज मांझा इस्तेमाल ना करने की अपील की ।

### नेताजी मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे पद्मविभूषण नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि नेताजी के नाम से प्रसिद्ध मुलायम सिंह यादव राजनीति में आने से पहले एक शिक्षक थे। उन्हें पहलवानी का बहुत शौक था। उनके निधन से समाजवादी आंदोलन की अपूरणीय क्षति हुई है। विधि और न्याय के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय ज्यूरी सम्मान से भी सम्मानित किया गया था। वे जमीन से जुड़े राजनेता थे। सभी दलों के नेताओं और प्रधानमंत्रियों से उनके मधुर संबंध रहे और सभी उनका भरपूर सम्मान करते थे। उनके पुत्र श्री अखिलेश यादव भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे चुके हैं और उनकी पुत्रवधू डिंपल यादव भी मौजूदा सांसद हैं। समाजवादी आंदोलन के अगुआ रहे मुलायम सिंह यादव कुशाग्र बुद्धि के स्वामी, दूरदर्शी और हंसमुख स्वभाव के कठोर निर्णय लेने वाले दृढ निश्चयी राजनेता थे

### पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय श्री नरेंद्र मोहन को उनकी 89वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



नई दिल्ली। दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के उत्तर पश्चिमी दिल्ली स्थित मुख्यालय बरवाला में जल-पर्यावरण एवं महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हिंदी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, पत्रकार, कवि, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं दैनिक जागरण के पूर्व प्रधान संपादक स्वर्गीय श्री नरेन्द्र मोहन की 89वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने कहा कि स्वर्गीय नरेंद्र मोहन जी एक महान कर्मयोगी और बहुमुखी प्रतिभा के धनी विलक्षण व्यक्ति थे। एक लेखक के रुप में उन्होने भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व, आज की राजनीति और भष्टाचार, धर्म और सांप्रदायिकता विषयक पुस्तकों में आज की वर्तमान परिस्थितियों पर खुलकर अपने विचार व्यक्त किए हैं। उनका व्यक्तित्व करिश्माई और कृतित्व प्रेरणादायी था। वे दूरदर्शी सोच के महामानव थे। उनका हंसमुख चेहरा और मिलनसार स्वभाव उनको औरों से अलग बनाता है। स्वर्गीय श्री नरेंद्र मोहन की प्रेरणा से ही हम दिल्ली में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जागरूकता अभियान चल रहे हैं। यही उनको हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है।

### पुलिस ने 5 बदमाशों को किया गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में कई दिनों से एक लूटपाट करने वाला एक गिरोह सक्रिय था। ये गिरोह पहले अपनी कार से मॉल लदे किसी दूसरी कार का एक्सीडेंट करने का बहाना करते है। उसके बाद ड्राइवर को अपनी कार में बैठाकर उसकी कार ले जाते थे। मॉल लूटकर पीड़ित की कार को कही सुनसान एरिया में छोड़कर फरार हो जाते थे। पुलिस को 9 अक्टूबर को एक ऐसी ही शिकायत मिली। थाना-126 पुलिस ने टीम का गठन किया। पुलिस ने इस मामले में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। दरअसल, नौ अक्टूबर को थाना सेक्टर-126 में एक शिकायत दर्ज की गई। जिसमें पीड़ित ने बताया कि एक वैगनार कार सवार चार अज्ञात बदमाशों ने पहले झूठ ही एक्सीडेंट का इल्जाम लगाया फिर उसे गाड़ी से उतार कर अपनी कार में बैठा लिया। थोड़ी देर बाद उसे रास्ते में उतार दिया। बदमाशों ने पीड़ित की बोले रो पिकअप से जायका पाउच की पिन्नी को चोरी कर लिया और कार सुनसान इलाके में छोड़कर फरार हो गए।

# गैर भाजपा शासित राज्यों में आक्रामक हैं ईडी-सीबीआई : आप

## इंडिया गठबंधन बनने के बाद से जांच एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई है, जो भाजपा की डर को दर्शाता है

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने कहा कि जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, वहां जांच एजेंसियां ख़ामोश हैं और जहां गैर भाजपा दलों की सरकारें हैं वहां यह आक्रामक हैं।




चड्ढा ने पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान के यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी पर भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए संवाददाताओं से मंगलवार को कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां जांच एजेंसियां ख़ामोश हैं और जहां गैर भाजपा दलों की सरकारें हैं, वहां यह आक्रामक हैं। पिछले नौ वर्षों में ईडी-केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 3100 जगहों पर छापेमारी की है, जिसमें 95 फीसद विपक्ष के नेताओं के खिलाफ हैं। इंडिया गठबंधन बनने के बाद से जांच एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई है, जो भाजपा की डर को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मनगढ़ंत आरोप लगाकर सांसद संजय सिंह को जेल भेज दिया गया और आज श्री अमानतुल्लाह के घर ईडी की छापेमारी हो रही है। ईडी जिस मामले में छापे मार रही है, उसी मामले में पिछले साल एसीबी ने श्री अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किया था, लेकिन अदालत ने एसीबी को फटकार लगाते हुए उनको जमानत दे दी थी।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच जब यूपीए की सरकार थी तो केवल 112 जगह छापे मारे गये लेकिन 2014 से 2023 तक 9 वर्षों में ईडी ने 3100 जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई-ईडी ने पिछले नौ सालों में जितने नेताओं के खिलाफ मुकदमें किए हैं, उनमें से 95 फीसद मामले विपक्ष के नेताओं के खिलाफ हैं। यह दिखाता है कि बदले और कोई व्यक्ति भाजपा के खिलाफ आवाज न उठाए, उसकी आवाज कुचलने की भावना से एजेंसियों को लोगों पर छोड़ा जाता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को आम आदमी पार्टी से विशेष प्यार है। इन्होंने हमारे कई नेताओं को पकड़कर झूठे मुकदमे में जेल में डाल दिया है। देश में एक माहौल बनाया जा रहा है कि सिर्फ विपक्ष या इंडिया गठबंधन के नेताओं को पकड़ कर जेल में डालो। ये वही लोग करेंगे, जिन्हें इंडिया गठबंधन से डर लगता है। जेल में हमें ज्यादा से ज्यादा कुछ दिन या महीने रख लेंगे, फिर अदालत से छूट जाएंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ लोगों ने दुनिया भर के झूठे आरोप लगाए। हमारे मंत्री सत्येंद्र जैन पर आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तार करवाया, उनके पूरे मामले में एक फूटी कौड़ी बरामद नहीं हुई। श्री मनीष सिसोदिया को झूठे आरोप लगाकर जेल में रखने की कोशिशें की गई। अबतक एक हजार से ज्यादा जगहों पर छापे मारे गए लेकिन एक पैसा नहीं मिला।

आप नेता ने कहा कि भाजपा का आक्रमण देखिए कि एक एजेंसी ने अमानतुल्लाह को पकड़ा और अदालत ने फटकार लगाकर उनको रिहा कर दिया। अब उसी मुकदमे में दूसरी एजेंसी को भेज दी। कल सीबीआई तो परसो इनकम टैक्स को भेज देंगे। भाजपा और इन एजेंसियों का असली चेहरा यही है, जो देश की जनता के सामने आना चाहिए।

उन्होने कहा कि आम आदमी पार्टी एजेंसियों के आक्रमण से डरती नहीं है। सच्चाई, धर्म और ईमानदारी आम आदमी पार्टी के खेमे में हैं और अंत तक हम इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे। साथ ही, भाजपा एक नहीं, हजार कोशिशें कर ले और हमारे किसी भी नेता को पकड़कर कथित अपराध में जेल में डालने का प्रयास कर ले, अंत में जीत सच्चाई, ईमानदारी की ही होगी।

# संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ 'आप' का प्रदर्शन



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने श्री सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) मुख्यालय पर प्रदर्शन करके उन्हें तुरंत रिहा करने की मांग की।

'आप' विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि पिछले 15 महीनों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर एक फर्जी केस में जांच कर रही है लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला।

उन्होंने कहा,सांसद संजय सिंह गरीबों की बुलंद आवाज़ हैं जो मोदी सरकार के खिलाफ बोलने में बिल्कुल हिचकिचाते नहीं हैं इसलिए मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से उनको गिरफ्तार करवाया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मार-पीट की है और कई महिलाओं को भी चोट आई है। पुलिस की यह बर्बरता दिखाती है कि श्री मोदी के इशारे पर संविधान को बदला जा रहा है। इस देश के लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मंसूबों के खिलाफ 'आप' सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई जारी रखेगी।आप' के वरिष्ठ नेता आदिल अहमद खान ने कहा, हमारा सिर्फ एक सवाल है कि पिछले 15 महीनों के तथाकथित शराब घोटाले में ईडी को क्या मिला? इन्होंने मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया, उनका घर, बैंक लॉकर, गांव, सब छान मारा, लेकिन आजतक यह नहीं बता पाए कि आपने क्या बरामद किया है। भ्रष्टाचार के 25 पैसे भी नहीं मिले हैं। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।

# किसानों ने एनपीसीएल के अधिकारियों संग की मीटिंग

जेवर। बिजली की समस्याओं को लेकर बीकेयू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड ऑफिस में पहुंचकर अधिकारियों के साथ मीटिंग की। करीब एक घंटे तक चली मीटिंग के दौरान अधिकारियों ने समस्याओं को 7 दिन में समाधान करने का किसानों को भरोसा दिया है। किसानों ने मांगों से संबंधित ज्ञापन भी अधिकारियों को सौंपा है।

संगठन के प्रदेश महासचिव चौधरी दया प्रधान के नेतृत्व में क्षेत्र के किसान एनपीसीएल के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने विभाग के अधिकारी सौरभ गांगुली समेत अन्य के साथ करीब 1 घंटे तक मीटिंग की। इस दौरान किसानों ने कहा कि विभाग क्षेत्र के किसानों पर फर्जी बिजली चोरी के केस दर्ज कराता है। साथ ही बिजली का बिल भी बिना मीटर चेक किए ही भेज दिया जाता है। जिससे किसान काफी परेशान हैं।

पिछले कुछ वर्षों से किसान समस्या को लेकर अधिकारियों से शिकायत करते आ रहे हैं। लेकिन समाधान नहीं होता है। जिसको लेकर किसानों में विभाग के प्रति रोष है। किसानों का कहना है कि शिकायत करने के बाद भी विभाग के अधिकारी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर पाते हैं।

# आप विधायक अमानतुल्ला के घर ईडी की रेड

## दिल्ली वक्फ बोर्ड में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला; 4 अक्टूबर को संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई थी

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायकों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार की सुबह-सुबह एक और विधायक के घर ईडी की टीम पहुंची है और जांच कर रही है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है।




न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मंगलवार की सुबह आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। खान के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई चल रही है।

गौरतलब है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आप विधायक अमानतुल्लाह के खिलाफ दिल्ली वक्फ बोर्ड के कामकाज में वित्तीय हेराफेरी और अन्य अनियमितताओं से जुड़े मामले केस दर्ज कराया था। इसी मामले में ईडी ने अमानतुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई की है।

अमानतुल्ला खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए उन्होंने 32 लोगों को नियमों का उल्लंघन करते हुए भर्ती किया था। आरोप था कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में आप विधायक ने भ्रष्टाचार और पक्षपात किया था। इसके अलावा, अवैध रूप से दिल्ली वक्फ बोर्ड की कई संपत्तियों को किराये पर दिया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने बोर्ड के धन का भी दुरुपयोग किया है, इसमें दिल्ली सरकार से मदद अनुदान शामिल है।

# रामलीलाओं की प्रासांगिकता आज के युग में और ज्यादा महत्वपूर्ण : मनोज तिवारी

नई दिल्ली। सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के चेयरमैन अखिल सिंघल और कमेटी के प्रधान विकेश सेठी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल मिला। इस मौके पर उन्हें अखिल सिंघल ने 15 से 24 अक्टूबर के मध्य कमेटी की स्वामी अमरदेव पब्लिक स्कु ल ग्राउंड, ए ब्लाक, डेरावाल नगर में होने वाली रामलीला के अवलोकनार्थ निमंतण्रदिया। इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि रामलीलाओं का मंचन समय की अपेक्षाओं के अनुरूप अत्याधुनिकता से ओत प्रोत है जो दर्शकों के आकषर्ण का केंद्र रहती है। उन्होंने कहा कि लीला मंचन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदशरे से ओत प्रोत होती है जिसकी



प्रासांगिकता आज के युग में और ज्यादा महत्वपूर्ण है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि समय की अपेक्षाओं के अनुरूप श्रीराम के जीवन चरित्र को पेश करना होगा। भारतीय समाज को सबसे उदांत आदर्श और सबसे गहरे संस्कार रामायण ने ही दिया है। आज के हाईटेक युग में टेलीविजन चैनल, सेटेलाइट के माध्यम से चाहे जितने भी मनोरंजन के साधन हों, फिर भी लोग अधिक संख्या में वर्तमान परिवेश में भी रामलीला देखने आते हैं। वहीं, लीला कमेटी के चेयरमैन अखिल सिंघल ने कहा कि सैकड़ों की संख्या में सभी आयु वर्ग के लोग रामायण से आकर्षित होकर रामलीला देखने आते हैं और आत्मिक आनंद की प्राप्ति करते हैं।

### फ्लिपकार्ट में चोरी के मामले में 3 गिरफ्तार

नोएडा। फ्लिपकार्ट ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी में हुई चोरी के मामले मे पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कंपनी में काम करने वाले कैशियर ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर ही चोरी की थी। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने तीन आरोपियों को 4 लाख 5 हजार रुपए और 9 शिपमेंट बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी सिकेश ए-2 सेक्टर-57 फ्लिपकार्ट कंपनी में टीम लीडर है। कैश लेन का काम भी यही देखता है। पूछताछ में उसने बताया कि रविवार के दिन दो दिन का ज्यादा कैश आता है। कंपनी में लॉकर का कोड ज्यादातर लड़कों के पास होता है। किसी को शक न हो इसलिए आरोपी ने अपने दो दोस्तों का पैसों का लालच देकर वारदात को अंजाम दिया। 1 अक्टूबर को तीनों ने मिलकर कंपनी से बाहर की चाबी , लॉकर से कैश और शिपमेंट चोरी कर लिया था।

### छठ समितियों के अध्यक्षों एवं प्रीतिनिधियों के साथ दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा ने छठ पूजा की तैयारियों को लेकर की बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष नीरज तिवारी की अध्यक्षता में आज प्रदेश कार्यालय में दिल्ली भर से आए छठ समितियों के अध्यक्षों और एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर छठ पूजा की तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व सांसद लाल बिहारी तिवारी, सह प्रभारी किशन शर्मा, कार्यालय मंत्री ब्रजेश राय, सोशल मीडिया प्रमुख रोहित उपाध्याय के आलावा जगदम्बा सिंह, संजय तिवारी अभय सिंह संजीव झा सहित मोर्चा के अन्य पदाधिकारी, पार्षद एवं श्री छठ समिति अध्यक्ष भी उपस्थित थे। नीरज तिवारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कई सालों से दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा पूर्वांचलियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। छठ पूजा को लेकर हमेशा ही अरविंद केजरीवाल ने एक सोची समझी साजिश के तहत इसे रोकने या इसपर पाबंदी लगाने की कोशिश की है जिसे अब भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी। पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली के अंदर पूर्वांचल का बहुत बड़ा योगदान है लेकिन दिल्ली सरकार ने दिवाली और खासकर छठ पूजा को लेकर पाबंदी लगाती रही है। छठ पूजा हमारी संस्कृति है और जिसने भी अपनी संस्कृति के साथ समझौता किया उसका अस्तित्व समाप्त हो गया लेकिन पूर्वांचल वासियों के लिए उसकी संस्कृति सबसे पहले आती है इसलिए इस बार का छठ पूजा पूरी आस्था के साथ और धूमधाम के साथ मनाएंगे। उन्होंने कहा कि छठ पूजा की फंडिंग और तैयारियों को लेकर केजरीवाल सरकार द्वारा जो भ्रष्टाचार किया जा रहा है, उसको लेकर जन जन तक जायेंगे।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर कॉलेज में हुआ भारत-मैक्सिको संबंधों पर कार्यक्रम का आयोजन



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर कॉलेज में विवेकानंद कॉलेज के सहयोग से जी- 20 शिखर सम्मेलन को लेकर सांस्कृतिक-सह-शैक्षणिक गतिविधियों की श्रृंखला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत-मैक्सिको की साझी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत पर आधारित इस कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के चेयरपर्सन अनूप लाठर रहे जबकि उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर डा.. इंदर मोहन कपाही, प्रो. अजय कुमार सिंह और प्रो. रविंद्र कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर एन दुबे एवं विवेकानंद कॉलेज प्राचार्या प्रो. हिना नंदराजोग भी उपस्थित रही। दिल्ली विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद के चेयर पर्सन अनूप लाठर ने अपने संबोधन कहा कि भारत-मैक्सिको दोनों देश उपनिवेश रहे हैं। मैक्सिको और भारत ने उपनिवेशवाद की त्रासदी झेली है। दोनों ने सांस्कृतिक हमलों को झेला है। दोनों की भाषा, समाज और संस्कृति इससे प्रभावित हुई है। आज भारत तेजी से टॉप इकोनॉमी बनने की ओर बढ़ रहा है। जी- 20 को लेकर कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे का उद्देश्य भारत की वर्षों की मेहनत है। पिछले आठ नौ साल में सरकार ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है ,आज का जी-20 उसी का प्रतिफलन है।

### डीयू का अरबी विभाग करेगा 'इंडो सऊदी रिलेशन: थ्रू द एजेज' विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के अरबी विभाग द्वारा डीयू संस्कृति परिषद के सहयोग से जी-20 शिखर सम्मेलन पर दो दिवसीय सांस्कृतिक सह शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इंडो सऊदी रिलेशन- थ्रू द एजेज विषय पर इस दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन 11-12 अक्टूबर को दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल (गेट नंबर-04) में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अरबी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एस हसनैन अख्तर ने बताया कि उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता साउथ कैंपस, दिल्ली विश्वविद्यालय के निदेशक प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह करेंगे। इस अवसर महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रमेश भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

# डॉ. नरेश कुमार ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ नरेश कुमार ने हाल ही में राजधानी में संपन्न हुए जी 20 सम्मेलन के सफलता पूर्वक आयोजन और दिल्ली पुलिस की मुस्तैदी के लिए पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मंगलवार को मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

डॉ. कुमार ने यहां मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि इस दौरान उन्होंने श्री अरोड़ा को राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पीरागढ़ी से मुंडका पर लगने वाले जाम की समस्या से अवगत कराया क्योंकि इसकी वजह से यहां लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों राजधानी दिल्ली में प्रदूषण वैसे ही ज्यादा है और इस मार्ग पर लगने वाले जाम से हालत बदतर होती जा रही है। लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।



उन्होंने पुलिस आयुक्त से आग्रह किया है कि यहां समुचित संख्या में यातायात पुलिस की तैनाती करने के निर्देश जारी करें,ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। कुमार ने यह भी कहा कि आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए उचित संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए ताकि अवांछित तत्व किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं कर सकें।

कुमार ने दिल्ली पुलिस में विभिन्न स्तरों पर खाली पड़े 14000 पदों के मसले पर भी चर्चा की क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों के पद रिक्त होने से कानून व्यवस्था बनाए रखने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों का प्रमोशन नहीं होने से उनका मनोबल गिर रहा है। इससे उनमें उदासीनता पैदा हो रही है। अरोड़ा ने उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने और यथासंभव प्रयास करने का आश्वाशन दिया है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
बुधवार 11 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## चुनाव का समय

पिछले कई चुनावों से देखा जा रहा है कि जब भी कई राज्यों के चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो मतदान की तारीखों में लंबा अंतर रखा जाता है। कई बार मतगणना तक महीने भर से अधिक का समय लग जाता है। इससे कई तरह की उलझनें पैदा होती हैं। कई चुनाव विशेषज्ञ इसे उचित नहीं मानते। पांच राज्यों के चुनाव अधिकतम दो दिनों में बांटे जा सकते थे, जिससे खर्च कम बैठता और राजकीय अमले को लंबे समय तक नाहक अफरातफरी के माहौल में नहीं फंसे रहना पड़ता।

पांच विधानसभाओं के चुनाव की तारीखें घोषित हो गई हैं। छत्तीसगढ़ को छोड़ कर बाकी सभी राज्यों में एक ही चरण में मतदान कराए जाएंगे। हालांकि दो राज्यों में मतदान की तारीखें अलग-अलग हैं। सात नवंबर को पहला मतदान होगा। उस दिन मिजोरम और छत्तीसगढ़ में मतदान होंगे। सत्रह नवंबर को छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के लिए और मध्यप्रदेश में मतदान होंगे। उसके एक-एक हफ्ते के अंतर पर राजस्थान और तेलंगाना में मतदान होंगे। नतीजे तीन दिसंबर को आएंगे। इस तरह कुल छब्बीस दिनों में चुनाव संपन्न होंगे।

राजनीतिक दल इसके लिए पहले से तैयारी में जुट गए थे। तमाम बड़े नेताओं, मंत्रियों आदि की रैलियां महीना भर पहले से होने लगी थीं। जाहिर है, मतदान की तारीखें घोषित होने के बाद अब सरगर्मी और बढ़ जाएगी। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। विपक्षी दल एकजुट हैं। इस तरह इन चुनावों में सरगर्मी कुछ अधिक रहने की संभावना है। हर राजनीतिक दल के बड़े नेता चुनाव प्रचार में उतरेंगे। इसलिए भी सुरक्षा कारणों से निर्वाचन आयोग ने मतदान को इतनी लंबी अवधि में फैलाने का फैसला किया होगा।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में हमेशा अतिरिक्त सुरक्षा की जरूरत रहती है। कोशिश की जाती है कि उन इलाकों में लोग अधिक से अधिक संख्या में घरों से निकलें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। इसलिए भी वहां दो चरण में मतदान का फैसला किया गया।

हालांकि जबसे मशीनों से मतदान कराए जाने लगे हैं, तबसे अपेक्षा की जाती है कि मतदान और नतीजों के बीच की अवधि कम से कम रहे। कम से कम चरणों में मतदान कराए जाएं। मगर मशीनों के उपयोग के बाद भी निर्वाचन आयोग इस अपेक्षा पर खरा नहीं उतर पाता।

पिछले कई चुनावों से देखा जा रहा है कि जब भी कई राज्यों के चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो मतदान की तारीखों में लंबा अंतर रखा जाता है। कई बार मतगणना तक महीने भर से अधिक का समय लग जाता है। इससे कई तरह की उलझनें पैदा होती हैं। कई चुनाव विशेषज्ञ इसे उचित नहीं मानते। पांच राज्यों के चुनाव अधिकतम दो दिनों में बांटे जा सकते थे, जिससे खर्च कम बैठता और राजकीय अमले को लंबे समय तक नाहक अफरातफरी के माहौल में नहीं फंसे रहना पड़ता। जहां मतदान सबसे अंत में होगा, वहां सबसे लंबे समय तक चुनाव प्रचार चलेगा और स्वाभाविक ही वहां के प्रशासनिक कामकाज में बाधा आएगी। इस तरह चुनाव की तारीखों को लंबे समय तक फैलाने के पीछे अक्सर निर्वाचन आयोग का तर्क होता है कि सुरक्षा कारणों की वजह से उसे ऐसा फैसला करना पड़ा। मगर जब लोकसभा चुनाव भी लगभग इतने समय में संपन्न करा लिए जाते हैं, तो पांच राज्यों के चुनाव में भला सुरक्षाबलों की तैनाती में ऐसी क्या अड़चन आ सकती है।

चुनाव के लंबे समय तक फैले होने से विपक्षी दलों को निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का मौका मिल जाता है। फिर, जहां पहले चरण में चुनाव होगा वहां की मतपेटियों की सुरक्षा के लिए लंबे समय तक पहरा बिठा कर रखना पड़ेगा। एक राज्य के मतदाताओं के रुझान को दर्शा कर दूसरे राज्य के मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशें तो होंगी ही। निर्वाचन आयोग की कुशलता इस बात से भी आंकी जाती है कि वह कितने कम समय में चुनाव संपन्न कराता है।

## लापरवाही की कीमत

आमतौर पर ऐसी घटनाओं को हादसा मान लिया जाता और सरकार इसी नजर से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करती है। मगर सवाल है कि हर वर्ष पटाखे की दुकानों, गोदामों और कारखानों में लापरवाही की वजह से आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन संबंधित इलाकों का प्रशासन तभी इस मसले पर कुछ सक्रिय दिखता हैं, जब कोई बड़ा हादसा हो जाता और मामला तूल पकड़ लेता है।

कर्नाटक के बंगलुरु और तमिलनाडु के अरियालुर में पटाखों के जखीरे में आग लगने से कम से कम तेईस लोगों की जान चली गई। इससे फिर यही साबित होता है कि प्रशासनिक लापरवाही की कीमत नाहक आम लोगों को चुकानी पड़ती है। गौरतलब है कि शनिवार को बंगलुरु के अट्टीबेले इलाके में पटाखे की एक दुकान में आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर चौदह लोगों की मौत हो गई। वहां दशहरा और दिवाली में कारोबार के मद्देनजर भंडारण करने के लिए वाहन से पटाखे उतारे जा रहे थे कि उनमें आग लग गई।

इसके बाद समूची दुकान और गोदाम आग की चपेट में आ गए। हादसे के वक्त वहां पैंतीस से ज्यादा लोग काम कर रहे थे, लेकिन गनीमत यह रही कि उनमें से कई लोग किसी तरह अपनी जान बचा सके। इस त्रासदी पर लोग दुख जता ही रहे थे कि सोमवार को तमिलनाडु के अरियालुर में भी पटाखे के एक गोदाम में आग लग गई और उसमें नौ लोगों की जान चली गई।

आमतौर पर ऐसी घटनाओं को हादसा मान लिया जाता और सरकार इसी नजर से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करती है। मगर सवाल है कि हर वर्ष पटाखे की दुकानों, गोदामों और कारखानों में लापरवाही की वजह से आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन संबंधित इलाकों का प्रशासन तभी इस मसले पर कुछ सक्रिय दिखता हैं, जब कोई बड़ा हादसा हो जाता और मामला तूल पकड़ लेता है। कर्नाटक या तमिलनाडु में भी हादसे के बाद दोनों सरकारों ने जिम्मेदार लोगों को कानून के कठघरे में खड़ा करने और पीड़ितों को मुआवजा देने की घोषणा की है।

सवाल है कि ऐसी त्रासदी की आशंका लगातार बनी रहने के बावजूद संबंधित सरकारी महकमे समय रहते बचाव का कोई पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं करते। सरकारी दस्तावेजों में इससे संबंधित नियम-कायदे दर्ज होंगे, लेकिन उसे जमीन पर उतारने को लेकर शायद ही कभी गंभीरता दिखती है। यों सवाल उठने पर सरकार हमेशा सख्ती के दावे करती है, लेकिन आखिर पटाखे का कारोबार करने वालों को कैसे यह छूट मिल जाती है कि वे निर्धारित नियमों को ताक पर रख कर इस कारोबार में व्यापक स्तर पर लापरवाही बरतते हैं और इसका खमियाजा वहां काम करने वालों को भुगतना पड़ता है?

दिवाली और इसके आसपास के अन्य त्योहारों के नजदीक आने के साथ ही पटाखा फैक्ट्रियों में उत्पादन बढ़ जाता है। थोक और खुदरा दुकानों में इसका भंडारण किया जाने लगता है। मगर इससे होने वाले हादसों की संवेदनशीलता का ध्यान रखने की जरूरत नहीं समझी जाती। नतीजतन, हर वर्ष देश के अलग-अलग हिस्से में पटाखा गोदामों और फैक्ट्रियों में आग लगने तथा उसमें जानमाल की भारी तबाही की खबरें आती रहती हैं। निश्चित तौर पर यह महज अंधाधुंध कमाई के लिए पटाखा कारोबारियों की ओर से बरती जाने वाली जानलेवा लापरवाही है, मगर पटाखे से आग लगने की आशंका की अनदेखी करने का दुस्साहस उनमें कैसे आता है?

अगर पटाखों की बिक्री को रोका नहीं जा सकता तो क्या यह जरूरी नहीं है कि आग लगने के लिहाज से बेहद संवेदनशील होने के मद्देनजर पटाखों के निर्माण से लेकर इसके समूचे कारोबार और उपयोग को पूरी तरह नियंत्रित तरीके से संचालित किया जाए? किसी बड़े हादसे के सामने आने से पहले तक प्रशासन किस नींद में होता है?

ऐसी स्थिति में आखिरी जिम्मेदारी किसकी तय की जाएगी? हर हादसे के बाद केवल जांच, कार्रवाई और मुआवजे की घोषणा करके लंबे समय से कायम इस समस्या से पार नहीं पाया जा सकता।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस- 11 अक्टूबर, 2023

# बालिकाएं कब तक बेचारगी का जीवन जीयेगी ?



- ललित गर्ग-



दुनियाभर में बालिकाओं की बेचारगी को दूर करने, सुरक्षित एवं सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त करने, उनके सेहतमंद जीवन से लेकर शिक्षा और करियर के लिए मार्ग बनाने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस दिन बालिकाओं को उनके अधिकारों, उनके सुरक्षित जीवन और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाता है। भारत समेत कई देशों में बालिकाओं को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक बच्ची के जन्म से लेकर परिवार में उसकी स्थिति, शिक्षा के अधिकार और करियर में बालिकाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए जागरूकता फैलाना ही इस दिवस का उद्देश्य है। एक गैर सरकारी संगठन ने प्लान इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के रूप में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत की। इस एनजीओ ने एक अभियान चलाया, जिसका नाम 'क्योंकि मैं एक लड़की हूं' रखा गया। इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलाने के लिए कनाडा सरकार से संपर्क किया गया। कनाडा सरकार ने एक आम सभा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। 19 दिसंबर 2011 के दिन संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित किया और 11 अक्तूबर 2012 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया और उस समय इसकी थीम बाल विवाह को समाप्त करना था। 2023 की थीम है उसके साथ एक कुशल लड़की का बल।

आज दुनिया में कन्याओं एवं बालिकाओं के समग्र विकास के साथ उनके जीवन को सुरक्षित करना ज्यादा जरूरी है, क्योंकि छोटी बालिकाओं पर हो रहे अन्याय, अत्याचारों की एक लंबी सूची रोज बन सकती है। न मालूम कितनी अबोध बालिकाएं, कब तक ऐसे जुल्मों का शिकार होती रहेंगी। कब तक अपनी मजबूरी का फायदा उठाने देती रहेंगी। सख्त कानूनों के बावजूद, देश में हर 15 मिनट पर एक बालिका यौन अपराध का शिकार होती है। निर्भया मामले में जनांदोलन के बाद सख्त कानून बनने के बावजूद देश में बलात्कार एवं बाल-दुष्कर्म मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है। सुझाव दिए गए हैं कि स्कूली पाठ्यक्रमों में यौन शिक्षा को शामिल किया जाए। लेकिन संस्कृति और परंपरा आदि का हवाला देकर इस तरह के विचारों को दरकिनार किया जाता रहा है। जबकि संवेदनशील तरीके से की गई यौन शिक्षा की व्यवस्था बच्चों को अपने शरीर और उसके साथ होने वाली हरकत को समझने और समय पर उससे बचने या विरोध करने में मददगार साबित हो सकती है।

इस खास दिन मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं यानी नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि महिलाएं भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए बालिका दिवस के मौके पर कई देशों में कार्यक्रमों का आयोजन होता है। देश में लड़कियों के लिये ज्यादा समर्थन और नये मौके देने के लिये इस उत्सव की शुरुआत की गयी। बालिका शिशु के साथ भेद-भाव एक बड़ी समस्या है जो कई क्षेत्रों में फैला है जैसे शिक्षा में असमानता, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सीय देख-रेख, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि। सामाजिक लोगों के बीच उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिये और समाज में लड़कियों की स्थिति को बढ़ावा देने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। ये बहुत जरूरी है कि विभिन्न प्रकार के समाजिक भेदभाव और शोषण को समाज से पूरी तरह से हटाया जाये जिसका हर रोज लड़कियाँ अपने जीवन में सामना करती हैं।

समाज में व्याप्त अत्यधिक गरीबी ने बालिकाओं के खिलाफ सामाजिक बुराई जैसे दहेज प्रथा को जन्म दिया है जिसने बालिकाओं की स्थिति को बद से बदतर (बहुत बुरा) बना दिया है। आमतौर पर माता-पिता सोचते है की लड़कियाँ केवल रुपये खर्च कराती है जिसके कारण वो लड़कियों को बहुत से तरीकों (कन्या भ्रूण हत्या, दहेज के लिये हत्या) जन्म से पहले या बाद में मार देते हैं, कन्याओं या महिलाओं को बचाने के लिये ये मुद्दे समाज से बहुत शीघ्र खत्म करने की आवश्यकता है।

हम तालिबान-अफगानिस्तान आदि देशों में बच्चियों एवं महिलाओं पर हो रही क्रूरता, बर्बरता, शोषण की चर्चाओं में मशगूल दिखाई देते हैं लेकिन भारत में आए दिन नाबालिग बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं तक से होने वाली छेड़छाड़, बलात्कार, हिंसा की घटनाएं पर क्यों मौन साध लेते हैं? इस देश में जहां नवरात्र में कन्या पूजन किया जाता है, लोग कन्याओं को घर बुलाकर उनके पैर धोते हैं और उन्हें यथासंभव उपहार देकर देवी मां को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं वहीं इसी देश में बेटियों को गर्भ में ही मार दिये जाने एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को नौंचने की त्रासदी भी है। इन दोनों कृत्यों में कोई भी तो समानता नहीं बल्कि गज़ब का विरोधाभास दिखाई देता है।

दुनियाभर में बालिकाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये जागरूकता एवं आन्दोलनों के बावजूद बालिकाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हमारे देश में भी बालिकाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा?

दरअसल छोटी लड़कियों या महिलाओं की स्थिति अनेक मुस्लिम और अफ्रीकी देशों में दयनीय है। जबकि अनेक मुस्लिम देशों में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के लिये सख्त सजा का प्रावधान है, अफगानिस्तान-तालिबान का अपवाद है। वहां के तालिबानी शासकों ने महिलाओं को लेकर जो फरमान जारी किए हैं वो महिला-विरोधी होने के साथ दिल को दहलाने वाले हैं। नये तालिबानी फरमानों के अनुसार महिलाएं आठ साल की उम्र के बाद पढ़ाई नहीं कर सकेंगी। आठ साल तक वे केवल कुरान ही पढ़ेंगी। 12 साल से बड़ी सभी लड़कियों और विधवाओं को जबरन तालिबानी लड़कों से निकाह करना पड़ेगा।

बिना बुर्के या बिना अपने मर्द के साथ घर से बाहर निकलने वाली महिलाओं-बालिकाओं को गोली मार दी जाएगी। दूसरे मर्द से रिश्ते बनाने वाली बालिकाओं को कोडों से पीटा जाएगा। महिलाएं अपने घर की बालकनी में भी बाहर नहीं झांकेंगीं। इतने कठोर, क्रूर, बर्बर और अमानवीय कानून लागू हो जाने के बावजूद अफगानिस्तान की पढ़ी-लिखी और जागरूक महिलाएं बिना डरे सड़कों पर जगह-जगह प्रदर्शन कर रही हैं। दुनिया की बड़ी शक्तियों को इन बालिकाओं के स्वतंत्र अस्तित्व को बचाने के लिये आगे आना चाहिए।

तमाम जागरूकता एवं सरकारी प्रयासों के भारत में भी बालिकाओं की स्थिति में यथोचित बदलाव नहीं आया है। भारत में भी जब कुछ धर्म के ठेकेदार हिंसात्मक और आक्रामक तरीकों से बालिकाओं को सार्वजनिक जगहों पर नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं तो वे भी तालिबानी ही नजर आते हैं। विरोधाभासी बात यह है कि जो लोग बालिकाओं को संस्कारों की सीख देते हैं, उनमें से बहुत से लोग, धर्मगुरु, राजनेता एवं समाजसुधारक महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति कितनी कुत्सित मानसिकता का परिचय देते आए हैं, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। इनके चरित्र का दोहरापन जगजाहिर हो चुका है। कोई क्या पहने, क्या खाए, किससे प्रेम करे और किससे शादी करें, सह-शिक्षा का विरोधी नजरिया- इस तरह की पुरुषवादी सोच के तहत बालिकाओं को उनके हकों से वंचित किया जा रहा है, उन पर तरह-तरह की बंदिशें एवं पहरे लगाये जा रहे हैं। 'यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता'- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है।

उसे 'भोग की वस्तु' समझकर आदमी 'अपने तरीके' से 'इस्तेमाल' कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है। आज अनेक शक्लों में नारी के वजूद को धुंधलाने की घटनाएं शक्ल बदल-बदल कर काले अध्याय रच रही है। देश में गैंग रेप की वारदातों में कमी भले ही आयी हो, लेकिन उन घटनाओं का रह-रह कर सामने आना त्रासद एवं दु:खद है।

# असहमति और विरोध की परिणति हिंसा या युद्ध नहीं

किसी बात से असहमत होना और उसका हिंसात्मक विरोध करना दोनों अलग-अलग पहलू है। किसी विचार या मुद्दों से असहमत होने का मतलब हिंसा प्रतिफल के रूप में नहीं हो सकती है। विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर

और हिंसात्मक ताजा ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 2000 लोगों की जान चली गईऔर

5000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है।

आखिर मानवता को क्या हो गया है इंसान इंसान का इतना बड़ा दुश्मन कैसे बन गया है। लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। वैश्विक शांति में खलबली मच गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है।

ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है। आइये भारत पर एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।

आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंद्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है।

भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है।




# महिला आरक्षण बिल देश की आधी आबादी को दिलाएगा उसका अधिकार



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

भारत आज दुनिया के सभी विकासशील देशों और विकसित देशों से कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। वहीं दुनिया के तमाम देश भी आज भारत की बेहतर विकास नितियों के कायल होकर कहीं ना कहीं उसका अनुसरण करते हुए नजर आ रहें हैं। लेकिन इसी बीच भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। दरअसल हाल ही में गुजरी 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के शुभ दिन, देश की नवनिर्मित नई संसद भवन के निम्न सदन यानी लोकसभा में पहली विधायी कार्यवाही आयोजित हुई।

गौरतलब हो कि नए संसद भवन के लोकसभा में आयोजित, इस पहली विधायी बैठक में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने, नारी शक्ति वंदन विधेयक को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया।

हालांकि विपक्ष के शोर शराबे और विरोध के बावजूद, केंद्रीय कानून मंत्री ने महिला आरक्षण बिल के रूप में 128 वें संविधान संसोधन विधेयक को प्रस्तुत कर दिया। ऐसे में 19 सितंबर को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पारित भी हो गया। इतना ही नहीं इसके तुरन्त दो दिनों बाद ही, यानि 21 सितंबर को महिला आरक्षण बिल राज्य सभा में भी सर्वसम्मति से पारित हो गया। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के लिए गुजरी 19 सितंबर की तारिख एक ऐतिहासिक तिथि के रूप में इतिहास में दर्ज हो चुकी है।

क्योंकि एक तरफ जहां इसी दिन देश के तमाम सांसदों ने नई संसद भवन में पहली बार प्रवेश किया है। वहीं दूसरी ओर इसी दिन नई संसद भवन के निम्न सदन यानी लोकसभा में महिला आरक्षण बिल का सर्वसम्मति से पास होना भी एक एतिहासिक घटना है। हालांकि यहां पर सवाल उठता है कि, आखिरकार महिला आरक्षण बिल के लागू हो जाने के बाद देश की महिलाओं को क्या लाभ होगा ?

### महिला आरक्षण विधेयक के पास होने के बाद नारी शक्ति को मिलेगी मजबूती

देश में बीते 27 सालों से महिलाओं के लिए लोकसभा और राज्य सभा के अलावा सभी राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग हो रही थी।

लेकिन किसी ना किसी अड़चन की वजह से महिला आरक्षण बिल हर बार संसद में पारित होने से रूक जाता था। लेकिन अब यह बिल सदन के दानों सदनों में पारित हो चुका है। ऐसे में अब यह तय हो चुका है कि, आने वाले भविष्य में लोकसभा,राज्यभा और दिल्ली सहित देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं में महिला प्रतिनिधियों की संख्या में भारी इजाफा होगा।

क्योंकि देश की पंचायती राज व्यवस्था में भी जब संशोधन हुआ था, तो पंचायतों में महिलाओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ था। हालांकि पंचायत और नगर निगमों के चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण पहले ही मिल चुका है। नतीजतन यदि गौर से देखा जाए तो स्थानीय निकायों मसलन पंचायतों और नगर निगमों के चुनावों में महिला आरक्षण होने की वजह से महिला प्रधानों और पार्षदों के अलावा मेयर और जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे पदों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। ऐसे में यह निश्चित है कि, जब संसद में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद लागू हो जाएगा तो, लोकसभा, राज्य सभा के अलावा देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं में भी महिला सांसदों और विधायकों की संख्या में वृद्धि होगी।

नतीजतन देश की संसद और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में महिला प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ने से निश्चित तौर पर देश की नारी शक्ति को पहले से ज्यादा मजबूती मिलेगी।

### पहली बार वर्ष 1996 में संसद में पेश हुआ था महिला आरक्षण बिल

दरअसल देश की संसद में सर्वप्रथम सन 1996 में लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को प्रस्तुत किया गया था। गौरतलब हो कि साल 1996 में प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को प्रस्तुत किया था। लेकिन उस समय में महिला आरक्षण विधेयक को सदन में बहुमत के अभाव में मंजूरी नहीं मिल सकी। नतीजतन महिला आरक्षण विधेयक उस समय में सदन में पारित नहीं हो सका। हालांकि बाद में उसी समय इस बिल को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया था, जिसने दिसंबर 1996 में अपनी रिपोर्ट लोकसभा को सौपी थी। लेकिन उस समय लोकसभा के विघटन के बाद यह बिल भी समाप्त हो गया था। हालांकि उसके बाद के तकरीबन तीन वर्षों यानी 1999,2002 और 2003 में महिला आरक्षण विधेयक को संसद में फिर से पेश किया गया, लेकिन बहुमत के अभाव में एक बार फिर यह बिल पारित नही हो पाया था।

### सपा और राजद के नेताओं के विरोध के चलते रूका रहा महिला आरक्षण बिल

गौरतलब हो कि वर्ष 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को फिर से पेश किया था। लेकिन जब उस समय के तत्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री, एम थंबीदुरई द्वारा इस बिल को लोकसभा में पेश किया गया तो, उसी समय राष्ट्रीय जनता दल, राजद, के एक सांसद ने वेल में जाकर इस बिल को फाड़कर उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए थें। ऐसे में राजद और सपा सांसदों की ओर से महिला आरक्षण बिल का विरोध होने की वजह से यह बिल संसद में पारित नहीं हो सका था। दरअसल महिला आरक्षण बिल का विरोध देश के कुछ प्रमुख क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने काफी मुखर होकर किया था। गौरतलब हो कि इन नेताओं में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव शामिल थें। दरअसल ऐसे ही कुछ क्षेत्रीय दलों के नेताओं के विरोध के चलते इतने सालों तक महिला आरक्षण बिल पारित नहीं हो पाया था।

अब देश के लिए कानून निर्माण में महिलाओं की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

देश में महिला आरक्षण बिल के संसद में पास होने के बाद अब इस बिल को पास कराने का श्रेय लेने के लिए सत्ताधारी दल भाजपा और कांग्रेस में कमोबेश होड़ लग चुकी हैं। लेकिन सही मायने में इस महिला आरक्षण बिल को पारित कराकर उसे लागू कराने का श्रेय तो, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार को ही मिलना चाहिए। क्योंकि भाजपा की केंद्र सरकार से पहले कांग्रेस की यूपीए सरकार ने भी महिला आरक्षण बिल को पास कराने की बहुत कोशिश की थी, लेकिन वह असफल रही। लेकिन यहां पर सबसे बड़ा सवाल उठता है कि, महिला आरक्षण बिल से देश की महिलओं की स्थिति में क्या क्या बदलाव आएंगें ? दरअसल इस प्रश्न का यहां पर एक जवाब ढूंढना काफी मुश्किल है, क्योंकि महिला आरक्षण बिल के लागू होने के बाद जहां देश की संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत होगी। वहीं दूसरी ओर अब देश की महिलाएं देश के लिए बनने वाले कानूनों के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएंगी। इसके साथ ही देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिला सांसदों और विधायकों की भागीदारी बढ़ने से देश भर की महिलाओं से जुड़ी तमाम समस्याओं को त्वरित समाधान भी संभव हो पाएगा।

इसके अलावा देश की संसद में और सभी राज्यों की विधानसभा में महिला सांसदों और विधायकों की भागीदारी बढ़ने से महिलाओं के चौमुखी विकास मसलन उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और उनके स्वरोजगार जैसे मुददों की दिशा में तेजी से कार्य हो सकेंगें।

## शार्ट न्यूज

### चित्रकूट में बांध में डूबने से बच्चे की मौत

चित्रकूट। चित्रकूट के रैपुर थाना क्षेत्र में एक बालक के पानी में डूबने से मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है। अगरहुडा गांव के रज्जू कुशवाहा के 5 वर्षी पुत्र दुर्गेश अपनी हुआ पूनम के साथ गुनता बांध गया था। जहां पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। पूनम ने आसपास के लोगों को आवाज दी। लोगों ने पहुंचकर उसे बाहर निकालने की कोशिश की परंतु नाकाम रहे। इसके बाद रामकोल गांव में स्थित दो गोताखोरों को लाया गया। उन्होंने दुर्गेश को गहरे पानी से बाहर निकाल। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। रज्जू कुशवाहा खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। दुर्गेश गांव के ही स्कूल में पढ़ाई करता था। दुर्गेश दो भाई और एक बहन थे। जिसमें दुर्गेश सबसे बड़ा था। घटना के बाद मां अन्नू देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल में राष्ट्रीय आपदा दिलाने का परिजनों को आश्वासन दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पानी में डूबने से दुर्गेश की मौत हुई है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

### सपा नेता समेत 2 पर सामूहिक रेप का आरोप

बरेली। छत्तीसगढ़ के भिलाई की रहने वाली एक महिला जिसकी ससुराल बरेली के भोजीपुरा में है। महिला ने पूर्व में अपने ससुराल के लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। अब इस महिला ने अपनी जेठानी के भाई पर रेप का आरोप लगाया है। वहीं अपने रिश्तेदार और सपा के एक नेता पर नशीला पदार्थ देकर सामूहिक रेप का आरोप लगाया। महिला आज वकील के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची, उसके बाद महिला बिना शिकायत दर्ज कराए कचहरी चली गई। छत्तीसगढ़ के भिलाई क्षेत्र की रहने वाली 26 साल की महिला ने बताया कि मैं एक कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रही हूं। महिला की बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र में ससुराल है। महिला ने बताया कि मेरा अपनी ससुराल में विवाद चल रहा है। इसी के चलते ससुरालियों ने महिला को अलग कर रखा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 15 जुलाई को समझौता कराने के बाहने मेरी सास, जिठानी और ननद अपने घर यानी मेरी ससुराल ले गए। वहां समझौता करने की बात कही। जिसके बाद ससुराल में रात में एक कमरे में बंद कर दिया। 15 जुलाई की आधी रात को जिठानी का भाई कमरे में पहुंचा और तमंचे के पर रेप किया। इस घटना की शिकायत भोजीपुरा थाने में की लेकिन पुलिस ने कोई केस दर्ज नहीं किया।

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

लखनऊ। लखनऊ में युवती को अपने प्रेम जाल में फसाकर करीब आया। उसके बाद शादी के नाम पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना शुरू कर दिया। युवती के विरोध उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने के साथ इस दौरान गर्भवती होने पर दवा देकर गर्भपात भी करा दिया। युवती का आरोप है कि एसी मैकेनिक प्रेमी जून में साऊदी अरब चला गया, जहां से सोशल मीडिया पर अश्लील और धमकी भरे मैसेज भिजवा रहा है। गोमतीनगर थाना पुलिस पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। गोमतीनगर निवासी युवती के मुताबिक उजरियांव गांव निवासी अफजाल सिद्दीकी से करीब दो साल पहले दोस्ती हुई थी। जब वह दोस्त के साथ जनेश्वर मिश्र पार्क में मॉर्निंग वॉक करने जाती थी। दोस्ती के दो ही महीने के अंदर उसने प्रपोज करते हुए शादी का प्रस्ताव रखा। उसकी बातों में आकर दोनों एक दूसरे करीब आ गए। दूसरी तरफ अफजाल ने शादी करने के लिए पहले धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध पर मिलने के दौरान बनाए गए अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करने लगा। फिर भी बात न मानने पर धमकी दी कि अगर किसी को कहोगी तो तुम्हारी सभी वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे।

### सैफई में नेताजी की पहली पुण्यतिथि

इटावा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री और यूपी के पूर्व सीएम 'नेताजी' मुलायम सिंह यादव की आज पहली पुण्यतिथि है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव उन्हें याद कर भावुक हो गए। उन्होंने ट्वीट कर लिखा- जो बसते हैं दिल में लोगों के वो जाकर भी कहीं न जाते हैं, आपके सिद्धांतों और प्रयासों को नमन करते हुए उन्हें और भी साकार और सार्थक करने की वचनबद्धता के साथ श्रद्धांजलि! नेताजी को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके पैतृक गांव सैफई में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। नेताजी की समाधि को फूलों से सजाया गया है। श्रद्धांजलि सभा के लिए एक विशाल पंडाल भी बनाया गया है, जहां सपा से जुड़े हुए लोग नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंच रहे हैं। मुलायम सिंह यादव की समाधि स्थल पर राम गोपाल यादव, शिवपाल यादव, डिंपल यादव, अर्पणा यादव सहित पूरे परिवार ने पुष्प अर्पित किए। मंच से नेताजी को सबसे पहले श्रद्धांजलि गीत गाकर कलाकारों ने श्रद्धांजलि दी। दोपहर दो बजे नेताजी की श्रद्धांजलि सभा होगी। समाधि स्थल के आस-पास बड़ा सा वाटर प्रूफ पंडाल लगाया गया है। यहां 5 हजार से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही कुर्सियां और सोफा से एक मंच तैयार किया गया है।

### अपहरण का नाटक करने वाला युवक बरामद

**हाथरस।** हाथरस में पुलिस ने एक युवक को बरामद कर लिया है। यह युवक खुद गायब हो गया था और अपने विरोधियों को फंसाने के लिए उसने अपहरण का नाटक किया था। पुलिस ने उसकी साजिश का पर्दाफाश कर दिया है। 4 अक्टूबर रामवीर सिंह निवासी खतौली ने थाना हसायन में यह सूचना दी कि उसका बेटा शैलेंद्र कुमार उर्फ शैलू कोल्ड स्टोरेज पर घर से गया था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली और शैलेंद्र की तलाश शुरू कर दी। इसी रात को शैलेंद्र के पिता रामवीर सिंह ने अपने ही परिवार के मनोज सहित चार लोगों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। अब पुलिस ने शैलेंद्र को बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक देवेश कुमार पांडे ने बताया कि पूछताछ में यह बात सामने आई कि 3 अक्टूबर को शैलेंद्र के के पिता रामवीर जब खेत में खाद डलवा रहे थे तो उसके ताऊ के लड़के प्रवेंद्र व मनोज ने खाद डालने से मना कर दिया था। इसी से शैलेंद्र काफी कुपित हो गया। वह अपनी मोटरसाइकिल से आलू बेचने के लिए गायत्री कोल्ड स्टोर पनैठी पर गया। कुछ देर वहां रुकने के बाद करीब शाम 5: 30 बजे बेहटा बम्बा रेलवे क्रासिंग के आगे आकर मोटरसाइकिल खड़ी कर उसने अपने फोन से अपने परिचित रोहित पुत्र सतेन्द्र राघव निवासी साथा नवीपुर को फोन किया और उसे सलेमपुर के पास नाले पर बुलाकर उसकी स्कूटी पर बैठकर उसके घर पहुंच गया और अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया।

### अस्पताल में दवाइयां की ओवर रेटिंग पर हंगामा

बागपत। बागपत में एक प्राइवेट अस्पताल पर दवाइयां की ओवर रेटिंग का मामला सामने आया है। जहां उपचार करने पहुंचे लोगों ने ओवर रेटिंग होने पर हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल में स्थित मेडिकल स्टोर संचालक ने इंजेक्शन पर ओवरराइटिंग की, जिसके बाद उपचार करने पहुंचे लोगों का पर चढ़ गया और उन्होंने हंगामा प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों से अस्पताल और मेडिकल स्टोर संचालक पर कार्रवाई की मांग की। फिलहाल औषधि निरीक्षक पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। पूरा मामला बड़ौत शहर के चौ.गिरवर सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल का है। जहां आकाश अपनी पत्नी का उपचार करने के लिए पहुंचा। जब उसकी पत्नी की तबीयत ठीक हुई तो उसने अस्पताल संचालक से पत्नी का डिस्चार्ज का पर्चा बनवाया। जिसके बाद मेडिकल स्टोर संचालक ने एक इंजेक्शन पर एमआरपी से डबल पैसे वसूलने का प्रयास किया जिसके बाद उपचार करने पहुंचे लोगों का पर चढ़ गया और उन्होंने हंगामा प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद अस्पताल संचालक और मेडिकल स्टोर संचालक पर उपचार करने पहुंचे लोगों ने मारपीट और धमकी देने का भी आरोप लगाया और इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से की। अब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस पूरे मामले की पड़ताल में जुटे हैं। औषधि निरीक्षक मोहित दीप हॉस्पिटल में स्थित मेडिकल स्टोर पर जांच के लिए पहुंचे और उनका कहना है कि प्रथम दृष्टया कई चीजो में खामियां नजर आ रही हैं।

# बढ़ेगी उत्तरप्रदेश पुलिस की कनेक्टिविटी, घटेंगे अपराध

## उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों को 4जी सीयूजी सिम से लैस कर रही योगी सरकार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विभिन्न विभागों को टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। उनकी मुहिम का ही असर है कि प्रदेश के सभी विभाग ई ऑफिस से संचालित होने लगे हैं। अब इसी के तहत योगी सरकार ने यूपी पुलिस में इस्तेमाल होने वाले सीयूजी नंबर के सिम को अपग्रेड करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश दिए हैं, जिस पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके 3जी सिम की जगह 4जी सिम देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसको लेकर डीजीपी मुख्यालय के अधिकारियों ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को निर्देशित किया है। 4जी सिम मिलने के बाद पुलिसकर्मियों को हाई स्पीड से जोड़ा जा सकेगा। उन्हें पहले की तुलना में ज्यादा डाटा मिलेगा और उनकी कनेक्टिवटी भी बेहतर होगी, जिससे अपराधों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

### इमरजेंसी सेवाओं में नही होगी देरी

यूपी पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी कई वर्षों से 3जी सिम से काम चला रहे हैं। इसमें अब तकनीकी समस्याएं भी आने लगी हैं। मोबाइल टेक्नोलॉजी में बदलाव की वजह से जल्द ही 5जी इस्तेमाल होने लगेगा। वहीं, वर्तमान में इस्तेमाल हो रहे 3जी सिम की वजह से कई जगहों पर नेटवर्क की समस्या का सामना भी करना पड़ता है, जिसे इस पहल से दूर किया जा सकेगा। इसके अलावा ट्राई की गाइडलाइन के मुताबिक मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों को पुलिस के सीयूजी से होने वाली कॉल को प्राथमिकता देनी होगी। उदाहरण के तौर पर यदि किसी जगह बड़ी घटना होने पर आमजन के साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का जमावड़ा लग जाता है, तो वहां मौजूद बीटीएस अधिक संख्या में कॉल करने की वजह से जाम हो जाता है। इस समस्या को देखते हुए ट्राई ने कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर्स को निर्देश दिया है कि वह पुलिस के सीयूजी सिम से होने वाली कॉल को प्राथमिकता प्रदान करे, ताकि आपात स्थिति में इमरजेंसी सेवाओं में देरी न हो।

## यूपी में डाक्टरों की सेवानिवृत्ति आयु सीमा हुयी 65 साल

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 65 वर्ष करने का फैसला किया है मगर प्रशासनिक सेवा में तैनात चिकित्सकों को 62 वर्ष की आयु में ही रिटायर किया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार ने चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 65 वर्ष करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रस्ताव के तहत सरकारी अस्पताल,मेडिकल कालेज व अन्य संस्थानों में तैनात चिकित्सक अब 65 वर्ष तक अपनी सेवायें दे सकेंगे हालांकि मुख्य चिकित्साधिकारी,जिला क्षय रोग अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जैसे प्रशासनिक पदों पर तैनात चिकित्सकों को पहले की भांति 62 वर्ष की आयु में ही सेवानिवृत्त समझा जायेगा। उन्होने बताया कि यदि कोई चिकित्सक 62 वर्ष की आयु में ही सेवानिवृत्ति लेना चाहता है तो उसे ऐसा करने की अनुमति होगी मगर इसके लिये उसे स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति के लिये आवेदन करना होगा।

# योगी का एक दिवसीय अमेठी दौरा 13 को

## मंडलायुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा

**अमेठी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन के पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का 13 अक्टूबर (शुक्रवार) को अमेठी दौरा प्रस्तावित है।

एक दिवसीय दौरे पर आ रहे मुख्यमंत्री जिले को करोड़ों रुपयों की सौगात भी देंगे। श्री योगी के प्रस्तावित दौरे को लेकर अयोध्या क्षेत्र के आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने अमेठी पहुंच कर जहां कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया वही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के दौरे का मंगलवार को जायजा लेने पहुंचे मंडलायुक्त गौरव दयाल ने मीडिया को बताया कि योगी 13 अक्टूबर को यहां पहुंचेंगे। उसकी तैयारी के दृष्टगत हम लोग यहां आए हैं। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती रहेगी। हम इसके लेकर तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के दृष्टिगत मुख्यमंत्री का कार्यक्रम यहां प्रस्तावित है। कुछ लोकार्पण और शिलान्यास का कार्यक्रम भी है। जिसकी तैयारियां जिला प्रशासन कर रहा है ।जिसकी जानकारी आप लोगों को अलग से दे दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एवं अमेठी सांसद स्मृति इरानी अपने संसदीय क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता करवा रही है। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस से शुरू हुई प्रतियोगिता का समापन समारोह 13 अक्टूबर को गौरीगंज के कौहार मैदान होगा। जिसमें स्मृति के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित कई मंत्री, सांसद, खिलाड़ी एवं लोक कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम में करोड़ों की लागत से स्थापित होने वाली विकास की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास भी होगा।

## प्रतापगढ़ में दबंगों ने मनरेगा के एपीओ को पीटा

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में दबंगों ने एपीओ मनरेगा को पीट दिया। वहीं ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ की गई। इस घटना के बाद कार्यालय में मौजूद कर्मी दहशत में आ गए। कर्मियों ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। मामले की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। पूरा मामला बेलखारनाथ धाम विकासखंड कार्यालय का है। यहां बाइक सवार चार लोगों ने मनरेगा के एपीओ बृजेश सिंह को जमकर की पिटाई। उनके कार्यालय भीतर तोड़फोड़ भी की। मारपीट की घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। ब्लैक कर्मचारियों ने खुद को दूसरे कमरे में बंद कर लिया। पुलिस को आता देख आरोपी हमलावर भाग निकले। एपीओ ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें तीन नामजद और एक अज्ञात हमलावर हैं। पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा। विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम हमेशा विवादों की वजह से चर्चा में बना रहता है। कार्यालय में चोरी मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। यहां बस्ती जनपद के रहने वाले बृजेश सिंह मनरेगा के एपीओ पद पर तैनात है। एपीओ बृजेश सिंह का आरोप है कि अचानक दो बाइक से चार लोग पहुंचे। वह गलत काम के लिए उन पर दबाव बनाने। इस बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। अचानक काम करने आए लोगों ने एपीओ पर हमला कर दिया। शोर शराबे के बीच कुछ कर्मचारियों ने वहां पहुंचकर बीच बचाव किया। मारपीट की घटना के बाद एपीओ समेत मनरेगा से जुड़े अन्य कर्मचारी भाग का दूसरे कमरे में पहुंचे और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया।

# महिलाओं की तस्करी मामले में तेरह लोग गिरफ्तार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और जिला प्रोबेशन की टीम ने राजस्थान और हरियाणा में शादी कराने का प्रलोभन एवं मोटी रकम देकर लड़कियों तथा शादीशुदा महिलाओं की तस्करी में लिप्त कुल तेरह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार लोगों में तीन राजस्थान राज्य के निवासी हैं जो शादी के नाम पर तीन लाख रुपये में एक लड़की का सौदा करने आये थे।

पुलिस अधिक्षक डॉ यशवीर सिंह ने मंगलवार को बताया की लड़कियों एवं शादीशुदा महिलाओं की तस्करी करने के मामले में चार महिलाओं समेत कुल तेरह लोगों को सोमवार शाम चण्डी तिराहे से गिरफ्तार किया



गया है, जबकि तीन लोग मौके से भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकले हैं।

उन्होंने बताया की एक गैंग सुनियोजित तरीके से राजस्थान और अन्य प्रदेशों में शादी कराने के नाम पर मोटी रकम देकर सोनभद्र की लड़कियों को अन्य प्रदेशों में ले जाकर बेच देते हैं और मोटा मुनाफा कमाते है।

यह लोग शादीशुदा महिलाओं के पति एवं परिजनों को मोटी रकम देकर राजस्थान ले जाकर बेच देते हैं, जिसमें कुछ महिलाएं कुछ समय बीत जाने पर भागकर वापस सोनभद्र लौट आयी है।

इस मामले में जिला प्रोबेशन एवं राबर्ट्सगंज पुलिस को सूचना मिली की राजस्थान से कुछ लोग आये हैं और यहां के विजय प्रशांत मुन्नी देवी और मीरादेवी से तीन लाख में एक लड़की का सौदा कर रहे हैं।

इस मामले में लड़की की मां रुपये के लेनदेन करने के लिए और राजस्थान से आये कुछ लोग और गैंग के अन्य साथी चण्डी तिराहे के पास मौजूद हैं। सूचना पर राबर्ट्सगंज कोतवाली, एसओजी एवं जिला प्रोबेशन की टीम ने मौके पर मौजूद तेरह लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि भीड़ का फायदा उठाकर वहां से तीन फरार हो गए।

पुलिस पूछताछ में पता चला की जिस लड़की का सौदा किया जा रहा था उसकी मां के खाते में एक लाख बीस हजार भेजा गया था और अस्सी हजार नगद दिया गया था। शेष रकम काम होने के बाद देना था।

इस मामले में राजस्थान राज्य के बाड़मेर जिला के सांवला राम पुत्र तेजा राम निवासी नौसर, थाना बैतू, तगाराम पुत्र रामचन्द्र राम निवासी जौसर, थाना बिजलीपार व भवरा राम पुत्र रामचन्द्र राम निवासी जौसार, थाना बिजलीपार और मंसूख पुत्र जगदीश, विजय कुमार, राजेन्द्र यादव उर्फ राजू अर्जुन कुमार बिहारी भारती, प्रशान्त मिश्र, मीरा देवी, शिवकुमारी, मुन्नी देवी और कलावती को गिरफ्तार किया गया है।

# 5000 बीघा के फार्म हाउस में डबल मर्डर

## पूर्व विधायक के पोते को धारदार हथियार से काटा, एक अन्य की भी हत्या



अमरोहा। अमरोहा के एक फार्म हाउस में डबल मर्डर हुआ है। यहां सोते वक्त पूर्व कांग्रेस विधायक के पोते की हत्या कर दी गई। साथ में एक अन्य व्यक्ति को भी मार डाला है। वहीं, एक अन्य पर भी बदमाशों ने हमला किया। उसकी हालत गंभीर है। हमलावरों ने धारदार हथियार से वारदात की। हाथ-पैर काटे गए। इसके बाद पत्थर से सिर कूंचा है। पूरी वारदात गंगा किनारे बसे गुलालपुर गांव की है।

इस वारदात का पता मंगलवार सुबह तब चला जब आस-पास के लोग फार्म हाउस पहुंचे। उसके बाद परिजनों को सूचना दी। डबल मर्डर की सूचना पुलिस को दी गई। एएसपी, सीओ, फोरेंसिक टीम समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घायल नौकर ने पुलिस को बताया कि 8 से 10 बदमाशों ने वारदात की है।

मेरठ के किठौर से कांग्रेस के पूर्व विधायक रहे भीम सिंह के बेटे शुभनील का गुलालपुर में फार्म हाउस है। यहां रहकर वह खेती किसानी करते हैं। सोमवार रात फार्म हाउस पर शुभनील का 30 साल का बेटा अनिरुद्ध सो रहा था। उसके साथ पड़ोस के 60 साल रतनपाल भाटी निवासी नोएडा भी थे। इनके अलावा, फार्म हाउस में नौकरी करने वाला जीत भी साथ में सो रहा था।

### रात में सोते वक्त किया हमला

सोमवार रात तीनों फार्म हाउस पर अलग-अलग चारपाई पर सो रहे थे। घायल नौकर ने बताया कि रात में करीब 8-10 लोग पहुंचे। वह हथियारों से लैस थे। उन्होंने तीनों पर हमला कर दिया। क्योंकि, तीनों पर सोते वक्त हमला हुआ। इसलिए, विरोध करने से पहले ही वह अचेत हो गए। थोड़ा बहुत विरोध किया भी लेकिन आसपास खेत-खलिहान होने के चलते आवाज दूर तक नहीं जा पाई।

## बदमाशों ने की दो लाख रुपए की लूट

**महराजगंज** । उत्तर प्रदेश में महराजगंज जिले के फरेंदा-लेहड़ा मार्ग पर मंगलवार को दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने गोरखपुर से रुपए से भरा बैग लेकर जा रहे दो लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए दो लाख रुपए से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। बदमाशों के द्वारा चलायी गयी गोली मोटरसाइकिल सवार एक युवक के पैर में गोली लग गई, जिससे प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि लूटपाट की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक समेत कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच मे जुट गई है ।दिनदहाड़े हुए इस घटना से लोग सहमे हुए है वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने बताया कि दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है।

# बदायूं में नाबालिग भाई-बहन हुए अरेस्ट

बदायूं। बदायूं में अलीगढ़ के युवक की हत्या की वारदात में शामिल लड़की समेत उसके भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों के नाबालिग होने के कारण पुलिस ने उन्हें बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया। जबकि बाद में उन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया है। दोनों के माता-पिता को एक दिन पहले ही इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी होने के कारण पुलिस जेल भेज चुकी है। पुलिस ने संभल के थाना जुनावई इलाके के गांव कलैथा निवासी गजराम व उसकी पत्नी गुड़िया उर्फ गुड्डो को गिरफ्तार किया था। जबकि सोमवार को उन्हें जेल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक इन दोनों ने तीन अक्टूबर की रात टिंकू उर्फ भूप सिंह निवासी गांव किरतोली थाना दादों अलीगढ़ की हत्या कर दी थी। क्योंकि दंपति की बेटी का टिंकू से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

टिंकू ने अपनी प्रेमिका को एक मोबाइल दे रखा था। इसी मोबाइल से कॉल करके उसने टिंकू को अलीगढ़ से अपने घर बुलाया और उसे अपने कमरे में सुला लिया। टिंकू गहरी नींद में आ गया तो लड़की व उसके भाई ने बाहर सो रहे मां-बाप को जगाया। जबकि बाद में मां-बाप ने टिंकू की हत्या कर दी। इधर, लड़की का भाई उसकी लाश को बाइक से पिता के साथ ले गया और उसे खेतिहर इलाके में फेंक आया था।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को पीटकर घुमाया



संतकबीर नगर। संतकबीरनगर में नाबालिग युवती से एक युवक को एक तरफा प्यार करना भारी पड़ गया। कस्बे के लोगों ने युवक की पिटाई कर जूते चप्पलों का माला पहनाकर जुलूस निकाल पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में लड़की के पिता के तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आपको बता दें कि यह मामला खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के बरदहिया कस्बे का है।

जहां पर प्रेमी अपने प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पर पहुंच गया, युवक के बार-बार इस हरकत से परेशान लोगों ने नाराज हो गए और उन्होंने युवक को प्रेम की सजा दे डाली। गले में जूते-चप्पल डालकर जुलूस निकाला।

### लड़की के पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

लड़की के परिजनों ने शहर के निवासी युवक मोहम्मद अरशलान के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया कि मेरी बेटी को हमेशा युवक द्वारा स्कूल आते जाते समय उसके साथ छेड़खानी और परेशान किया जाता था, और उसको धमकी देता था। इसकी जानकारी जब हम परिजनों को लगी तो युवक के घर वालों से शिकायत की गई, लेकिन युवक माना नहीं और आज फिर घर पर चढ़ आया।

घर के बगल से जोर-जोर से मेरी बेटी का नाम लेकर चिल्ला रहा था। कह रहा था कि मेरा एक्सीडेंट हो गया है, जब मेरी लड़की ने इसका विरोध किया तो जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी कि चलो मेरे साथ भाग चलो नहीं तो जान से मार डालूंगा। लड़की के पिता के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

## कलेक्शन एजेंट से हुई 1.75 लाख लूट का पर्दाफाश

**अयोध्या।** अयोध्या जिले की कोतवाली रूदौली पुलिस ने रोजागांव -अलियाबाद मार्ग पर हुई लूट का सीसीटीवी फुटेज की मदद से खुलासा कर लूट के 1.75 लाख रुपए, घटना में प्रयुक्त बाइक,असलहा बरामद कर लिया है ।अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है। कोतवाली रूदौली पुलिस ऑपरेशन दृष्टि के तहत सीसीटीवी फुटेज की मदद से कलेक्शन एजेंट से हाल ही में हुई लूट का खुलासा कर दिया है ।जिसमें पुलिस ने तीन लुटेरे अंकित यादव पुत्र अमर बहादुर यादव निवासी डिहवा जसरपुर,अखिल प्रकाश मिश्रा पुत्र दान बहादुर मिश्रा,बृजेश कुमार पाल पुत्र राम तीरथ पाल निवासी कृष्णा नगर मलेथु बुजुर्ग को सोमवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रुदौली देवेंद्र सिंह,उपनिरीक्षक विनय यादव,इश्हाक खान,शेखरनाथ,हेड कांस्टेबल अशोक यादव,का अनुज यादव,मो ताहिर खान,पंकज यादव, अभिषेक कुमार, ताबिश आलम सहित आदि मौजूद रहे।

# नेता जी ने कमजोर, वंचितों को राजनीति में किया स्थापित : प्रो. रामगोपाल यादव



**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मंगलवार को कहा कि नेता जी (मुलायम सिंह यादव) की आज पहली पुण्यतिथि है और उन्हें किसानों, दलितों, मजलूमों के मसीहा कहे जाते थे।

प्रो. रामगोपाल ने कहा किसानों, दलितों, मजलूमों के मसीहा कहे जाने वाले जननायक नेताजी श्री मुलायम सिंह यादव की आज पहली पुण्यतिथि है। हर कोई उन्हें अपने-अपने तरह से स्मरण करने में जुटा हुआ है। नेताजी से जुड़ी हुई स्मृतियों को हर कोई उनकी पुण्यतिथि पर ताजा कर रहा है चाहे कोई छोटा हो या कोई बड़ा हर कोई नेताजी से जुड़े हुए विचारों को साझा करने में लगा हुआ है।

नेताजी के चचेरे भाई और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. यादव नेताजी से जुड़ा हुआ एक पुराना संस्मरण याद करते हुए बताते हैं कि भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ रहे नेताजी उनके विचारों ने और संघर्षों ने कमजोर और वंचितों को समाज से उपेक्षित लोगों को उनको लड़ने की ताकत दी। उनको सत्ता के दरवाजे तक पहुंचाया, आज जिस तरह का आतंक फ़ैला हुआ है। उसमें आज सभी लोग उनको याद कर रहे हैं, हम सभी मिस कर रहे हैं कि नेताजी के रहते इस तरह की बात कभी नहीं हो सकती थी। समाजवादी पार्टी उनके विचारों पर चलकर जो अन्याय हो रहा है उसके खिलाफ संघर्ष अवश्य करेगी।

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता पूर्व मंत्री अशोक यादव ने कहा कि मैं 12 साल समाजवादी पार्टी की इटावा इकाई के अध्यक्ष रहा हूं। अपने कार्यकाल के दौरान जो कुछ मैंने देखा और महसूस किया है, नेताजी हमेशा लोगों से दिल खोल करके मिलते रहे। लोगो की शिकायतों को सुन कर उनकी समस्या को निपटाने में नेता जी हमेशा आगे आते रहते थे।

पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अशोक यादव ने बताया कि नेता जी बहुत यादें जुड़ी है। उन्होंने कहा कि मैं 12 साल जिला अध्यक्ष रहा उनके साथ कार से लेकर हेलीकॉप्टर तक बैठा हमेशा लोगों की मदद करते थे ।

उन्होंने कभी दल जाति कुछ नही देखा लोगों की मदद करते रहे। जो भी पीड़ित आया उसका काम किया। इसीलिए लोग देश में उनको धरती पुत्र का नाम दिया। देश का कोई भी नेता हो चाहे प्रधानमंत्री हो मुलायम सिंह को नेता जी के नाम से ही पुकारता है। नेता जी एक छोटे से गांव एक गरीब परिवार से निकलकर देश के रक्षा मंत्री तक बने। सोलह साल की उम्र में क्रांतिकारी हो गए थे, जेल गए उसके बाद लोहिया जी के चुनाव में गए से उनसे मिले। छोटी उम्र से ही उन्होंने काम शुरू किया। जिस वक्त पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेस का परचम लहरा रहा था। ऐसे में नेता जी ने कुआं खोदा और उस समाजवाद के पानी पूरे देश प्रदेश के लोगों को पिलाया है।

नई दिल्ली
बुधवार 11 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### होंडा मोटर की हिताची एस्टेमो के शेयर खरीदने की योजनाओं को प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने जापान की जेआईसीसी-01 लिमिटेड पार्टनरशिप और होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड (एचएमसीएल) द्वारा हिताची एस्टेमो लिमिटेड (एचएएल) में कुछ शेयर अधिग्रहीत किए जाने की योजना को मंजूरी दे दी है। जेआईसीसी-01 जापान सरकार की निवेश कंपनी जापान इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन समूह की कंपनी है। आयोग ने इसके साथ ही हिताची एस्टेमो लिमिटेड द्वारा हिताची एस्टेमो इलेक्ट्रिक मोटर सिस्टम्स (एचएईएमएस) की कुछ शेयरधारिता के अधिग्रहण की योजना को भी स्वीकृति प्रदान की है। कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रस्तावित नए संयोजन के तहत जेआईसीसी शेयर अधिगहण के माध्यम से एचएएल में 20 प्रतिशत मताधिकार, कुछ नियंत्रण संबंधी अधिकार तथा निदेशकमंडल में प्रतिनिधित्व और अन्य अधिकार प्राप्त करेगी। इसके साथ होंडा मोटर द्वारा एचएएल में अतिरिक्त 6.6 प्रतिशत मतदान अधिकार हासिल किया जाएगा। इससे अधिग्रहण की जा रही कंपनी एचएएल में उसका मताधिकार 40 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। बयान के मुताबिक स्वीकृत पुनर्गठन योजना में हिताची एस्टेमो द्वारा हिताची एस्टेमो इलेक्ट्रिक मोटर सिस्टम्स में 49 प्रतिशत शेयर का अधिग्रहण कर उसमें अपनी हिस्सेदारी शत-प्रतिशत तक ले जाएगी।

### बॉब वर्ल्ड ऐप पर ग्राहक जोड़ने पर रोक

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा को उसके मोबाइल ऐप बॉब वर्ल्ड पर नये ग्राहक जोड़ने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। केन्द्रीय बैंक ने आज जारी एक बयान में कहा कि बैंकिंग नियमन कानून 1949 की धारा 35 ए के तहत उसने यह बॉब वर्ल्ड ऐप पर नये ग्राहकों को जोड़ने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी गयी है। उसने कहा कि बॉब वर्ल्ड ऐप के माध्यम से ग्राहक जोड़ने की प्रक्रिया में कुछ खामियां मिली है जिसके कारण यह कार्रवाई की गयी है। रिजर्व बैंक को इस संबंध में संतोषजनक समाधान नहीं मिलेगा तब तक नये ग्राहकों को इस ऐप से नहीं जोड़ा जा सकेगा। केन्द्रीय बैंक ने बैंक को इसके कारण किसी भी पुराने ग्राहकों को किसी तरह की कठिनाई आने देने की भी सलाह दी है। उधर बैंक ने इस संबंध में जारी एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा बतायी गयी खांमियों को दूर करने के लिए उसने पहल शुरू कर दी है और इस संबंध में वह रिजर्व बैंक के साथ मिलकर काम करेगा और केन्द्रीय बैंक को संतुष्ट कर देगा ।बैंक ने कहा है कि किसी भी पुराने ग्राहकों को इससे कोई दिक्कत नहीं आयेगी और उनका काम पहले की तरह चलता रहेगा।

### पंजाब में आढ़ती हड़ताल पर गये

फगवाड़ा। पंजाब आढ़ती महासंघ के आहवान पर राज्य में सभी आढ़ती अपनी मांगों के समर्थन में मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये जिससे मंडियों में खरीद प्रभावित हुई। कपूरथला जिला आढ़ती संघ के अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने आढ़तियों ने गत 25 सितंबर को मोगा में आयोजित अपनी रैली में राज्य सरकार के समक्ष चार मांगे रखीं थीं लेकिन इन पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद इन्हीं मांगों को लेकर गत तीन अक्तूबर को राज्य के आढ़तियों ने चंडीगढ़ में भारतीय खाद्य निगम के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन दिया था। आढ़तियों ने साथ ही यह अल्टीमेटम भी दिया था कि अगर उनकी मांगें दस अक्तूबर तक नहीं मानी गईं तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी मांगे नहीं मानी गई इसलिये पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सभी आढ़ती आज से अनिश्चितकाल के लिये हड़ताल पर चले गये हैं तथा मंडियों में अब कोई फसल खरीद नहीं होगी। उन्होंने बताया कि आढ़तियों की हड़ताल के साथ राईस शैलर संचालकों ने भी पूर्ण हड़ताल का ऐलान कर दिया है। उनके अनुसार आढ़तियों की मुख्य मांग कमीशन की दर से सम्बंधित है तो 46 रुपये पर फ्रीज कर दी गई है जबकि वे मंडी बोर्ड नियमानुसार 2.5 प्रतिशत की दर से देने की मांग कर रहे हैं।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह में अब तक 17.95 प्रतिशत वृद्धि, शुद्ध संग्रह 21.82 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में 09 अक्टूबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.95 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11.07 लाख करोड़ रुपये रहा ।वित्त मंत्रालय द्वारा मंगलवार प्रारंभिक आंकड़ों के आधार पर जारी रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में रिफंड के बाद शुद्ध कर संग्रह 9.57 लाख करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पहले इसी अवधि की तुलना में 21.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अब तक का कर संग्रह पूरे वित्त वर्ष के लिए बजट में अनुमानित प्रत्यक्ष कर संग्रह का 52.50 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय के अनुसार आलोच्य अवधि में कॉर्पोरेट आयकर (सीआईटी) संग्रह की वृद्धि दर 7.30 प्रतिशत रही है जबकि व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) संग्रह एक साल पहले की इसी अवधि से 29.53 प्रतिशत अधिक है। (एसटीटी सहित पीआईटी) में इस दौरान वृद्धि 29.08 बतायी गयी है। इस अवधि में रिफंड के समायोजन के बाद, सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 12.39 प्रतिशत बतायी गयी है और पीआईटी संग्रह में वृद्धि 32.51 प्रतिशत रही। एसटीटी सहित पीआईटी संग्रह रिफंड के समायोजन के बाद सालाना आधार पर 31.85 प्रतिशत ऊंचा रहा। वित्त मंत्रालय ने बताया है कि पहली अप्रैल से 09 अक्टूबर 2023 के दौरान कुल 1.50 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किये गये।

### चालू वित्त वर्ष में अब तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 21.82 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली ।चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से 09 अक्टूबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रिहत कर की तुलना में 21.82 प्रतिशत बढ़कर 9.57 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आयकर विभाग ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि अब तक संग्रहित शुद्ध प्रत्यक्ष कर चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 52.50 प्रतिशत है। विभाग ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 11.07 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के सकल संग्रह से 17.95 प्रतिशत अधिक है। सकल राजस्व में कॉर्पोरेट आयकर (सीआईटी) में 7.30 प्रतिशत और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) में 29.08 प्रतिशत और एसटीटी सहित पीआईटी में 29.53 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। रिफंड के बाद, सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 12.39 प्रतिशत और पीआईटी संग्रह में 32.51 प्रतिशत तथा एसटीटी सहित पीआईटी में 31.85 प्रतिशत की बढोतरी हुयी है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.50 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किये गये हैं।

### ऑनलाइन गेमिंग और क्रिप्टो कारोबार से टीडीएस के रूप में सरकार ने 700 करोड़ रुपये जुटाए

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि ऑनलाइन गेमिंग और क्रिप्टो करेंसी के व्यापार के लिए नई टीडीएस व्यवस्था लागू होने के बाद से सरकार ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 700 करोड़ रुपये से अधिक का कर संग्रह किया है। उन्होंने बताया कि नई ऑनलाइन गेमिंग व्यवस्था लागू होने के बाद चालू वित्त वर्ष के दौरान लगभग 600 करोड़ रुपये (स्रोत पर कर कटौती के तहत, टीडीएस) कर के रूप में एकत्र किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर, पिछले साल एक अप्रैल को क्रिप्टो पर कर व्यवस्था की शुरुआत होने के बाद वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान टीडीएस के रूप में 105 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। गुप्ता ने यहां संवाददाताओं से कहा, वित्त अधिनियम 2023 ने 1 अप्रैल, 2023 से आयकर अधिनियम, 1961 में एक नई धारा 194बीए जोड़ा है, जो ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्मों को व्यक्ति के उपयोगकर्ता खाते में शुद्ध जीत पर आयकर काटना अनिवार्य करती है। निकासी के समय और साथ ही वित्तीय वर्ष के अंत में कर कटौती की आवश्यकता होती है। इसी तरह, 1 अप्रैल, 2023 से आभासी डिजिटल परिसंपत्तियों या क्रिप्टोकरेंसी के हस्तांतरण से होने वाली आय 18 प्रतिशत की दर से कर योग्य है। ऐसी आय कर योग्य होगी, भले ही करदाताओं की कुल आय 2.50 लाख रुपये की सीमा सीमा से नीचे हो और कर योग्य राशि की गणना करते समय अधिग्रहण की लागत के अलावा किसी अन्य कटौती की अनुमति न हो।

# रियल्टी और धातु समूह में जबरदस्त लिवाली से बाजार को लगे पंख

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के बॉन्ड यील्ड में जबरदस्त तेजी को देखते हुए ब्याज की ऊंची दर को उचित ठहराने के संकेत से विश्व बाजार के सकारात्मक संकेत से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 566.97 अंक अर्थात 0.87 प्रतिशत की छलांग लगाकर 66079.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 177.50 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की तेजी लेकर 19689.85 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 1.14 प्रतिशत की उड़ान भरकर 32,047.51 अंक और स्मॉलकैप 1.26 प्रतिशत उछलकर 37,678.75 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3789 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2553 में लिवाली जबकि 1103 में बिकवाली हुई वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियां हरे जबकि पांच लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान रियल्टी 4.08, धातु 2.59, दूरसंचार 2.24, कमोडिटीज 1.52, सीडी 1.03, ऊर्जा 1.29, एफएमसीजी 0.72, वित्तीय सेवाएं 1.24, हेल्थकेयर 0.09,



इंडस्ट्रियल्स 0.95, आईटी 0.97, यूटिलिटीज 0.84, ऑटो 1.23, बैंकिंग 1.24, कैपिटल गुड्स 0.53, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.30, तेल एवं गैस 0.70, पावर 0.96, टेक 1.15 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.96 प्रतिशत उछल गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.48, जर्मनी का डैक्स 1.61, जापान का निक्केई 2.43 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.84 प्रतिशत उछल गया जबकि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के चीन के आर्थिक विकास अनुमान घटाने से शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत लुढ़क गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 150 अंक की तेजी लेकर 65,662.27 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर रहा। इसके बाद हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 66,180.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,512.39 अंक के मुकाबले 0.87 प्रतिशत की छलांग लगाकर 66,079.36 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 53 अंक बढ़कर 19,565.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,565.45 अंक के निचले जबकि 19,717.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,512.35 अंक की तुलना में 0.91 प्रतिशत की उड़ान भरकर 19,689.85 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 2.90, कोटक बैंक 2.15, टाटा मोटर्स 2.14, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.40, टाटा स्टील 1.17, एसबीआई 1.13, मारुति 1.04, पावरग्रिड 0.87, एनटीपीसी 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.56, रिलायंस 0.47, सन फार्मा 0.27 और एलटी ने 0.04 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, इंडसइंड बैंक 0.51, टीसीएस 0.22, टाइटन 0.09 और एशियन पेंट ने 0.05 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## डेस्मेनिया इनोवेशन लैब्स अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी 2023 में प्रस्तुत करता है डेली - स्वायत्त चाय मशीन

### डेस्मेनिया इनोवेशन लैब्स द्वारा कुकटेक में भारत का सबसे बड़ा नवाचार

नई दिल्ली, भारत का सबसे नवीन डिजाइन स्टूडियो, डेस्मेनिया, ने एक प्रमुख महारथ हासिल किया। वे अब अपनी डिजाइन की यात्रा को भारतीय रेलवे की पटरियों पर ले जा रहे है! डेस्मेनिया रेलवे उपकरण डिजाइन करने में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है - टपरी की चाय की सुगंध लिए वे अपनी चाय मशीन डेली का प्रदर्शन करेंगे! डेस्मेनिया इनोवेशन लैब्स एक डिजाइन कंसल्टेंसी के रूप में अपनी ट्रेन डिजाइन क्षमताओं के साथ अपनी अनूठी पेशकश - डेली - कुकटेक में भारत के सबसे बड़े नवाचार को अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी - IREE 2023 में प्रस्तुत करेगा, जो 12 अक्टूबर, 2023 से 14 अक्टूबर, 2023 तक प्रगति मैदान, स्टाल 3.33, हॉल 3 में आयोजित किया जाएगा।




डेली स्वायत्त चाय मशीन को भारतीय रेलवे परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है जो दो कारणों से चाय पर पनपता है, एक स्टेपल गर्म पेय की आवश्यकता और हर बार %चाय गरम% की आवाज सुनने पर उससे जुड़ी पुरानी यादें। ट्रेनों में अलग चाय की अवधारणा के आगमन के साथ, चाय के स्वाद में मुसाफिरों की पसंद कम हो गई है, साथ ही चाय से जुड़े सभी पैकेजिंग द्वारा लाए गए कार्बन फुटप्रिंट में काफी वृद्धि हुई है। डेली उपभोक्ता को एक बटन के क्लिक पर अपनी पसंद के अनुसार इसकी ताकत, मिठास और दूध की मात्रा को बदलकर स्वाद को नियंत्रित करने का ऑप्शन देता है, जिससे केवल खाद्य अपशिष्ट निकलता है। हर स्टेशन पर अपनी खुद की कस्टम-मेड चाय पीना कितना अच्छा होगा!

डेली एक डिजाइन-आधारित नवाचार है जो 4 वर्षों से अधिक के गहरे अनुसंधान और विकास, 5 विशिष्ट पेटेंट, शुरुआती विफलताओं और कई प्रोटोटाइप की मजबूत नींव पर खड़ा है। डिजाइन को कठोर क्षेत्र परीक्षण के माध्यम से सिद्ध किया गया है और 50 से अधिक खुश ग्राहकों द्वारा संरक्षित है।

मेड इन इंडिया नवाचार के माध्यम से जनता तक पहुंचने और इतने बड़े पैमाने पर भारत की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के विचार से प्रेरित, डेली भारतीय रेलवे परिदृश्य के लिए डेस्मेनिया इनोवेशन लैब्स की रिकॉर्ड तोड़ने वाली पेशकश है। यह नवाचार भारतीय रेलवे नेटवर्क को देश में कई लोगों के लिए आजीविका का समर्थन करने का साधन बनेगा। भारत में नवाचार की कहानी और मेक इन इंडिया के जज्बे में विश्वास करने वालों को समर्पित होने के नाते, डेस्मेनिया इनोवेशन लैब्स अनुज प्रसाद, सौरभ सिंह और अभिषेक भगत का एक दिमाग है, जो डेस्मेनिया डिजाइन की प्रतिष्ठित विरासत से बढ़ा है।

ज्यों यह तिकड़ी IREE 2023 में अपने रेलवे उपकरण प्रदर्शित करने के लिए पूरी तरह तैयार है, प्रवक्ता अनुज प्रसाद टिप्पणी करते हैं, ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर डेली को प्रस्तुत करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमें इस नवीन मशीन को भारतीय रेलवे द्वारा अपनाए जाने की उम्मीद है। अब आप भारत की नवाचार क्षमता, डेली के सामाजिक आधार और वास्तव में भारत के लिए बने उत्पाद पर गर्व महसूस कर सकते हैं। हमने 50 से अधिक उपयोगकर्ताओं को चकित कर दिया है और 100 और मॉडल पूरे करने की प्रक्रिया में हैं। यात्रियों के लिए यह एक खुशी की बात होगी कि वे बस एक क्लिक पर अपनी पसंद के अनुसार हर बार चाय की एक ही स्थिरता का स्वाद

## नंबरलेस क्रेडिट कार्ड के लिए एक्सिस बैंक और फाइब ने की साझेदारी

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एक्सिस बैंक और फिनटेक फाइब ने आज तकनीक-प्रेमी जनरेशन जेड के लिए भारत का पहला बिना नंबर वाला क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के उद्देश्य से साझेदारी करने का ऐलान किया।

बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बिना नंबर वाले क्रेडिट कार्ड से ग्राहकों को आला दर्जे की सुरक्षा हासिल होती है, क्योंकि प्लास्टिक कार्ड पर कार्ड नंबर, समाप्ति तिथि या सीवीवी मुद्रित नहीं होता है। इससे पूर्ण सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करते हुए पहचान की चोरी या ग्राहक के कार्ड विवरण तक अनधिकृत पहुंच का जोखिम कम हो जाता है। ग्राहक फाइब ऐप पर अपने फाइब एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का विवरण आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी निजी जानकारी लीक होने का डर नहीं रहता। को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सभी रेस्तरां एग्रीगेटर्स पर ऑनलाइन फूड डिलीवरी, राइड-हेलिंग ऐप्स पर लोकल आवाजाही और ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म पर एंटरटेनमेंट जैसी सुविधाओं पर पर कैशबैक जैसी सुविधाएं देता है। इसके अलावा, ग्राहकों को सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन लेनदेन पर भी कैशबैक मिलता है।

रुपे द्वारा संचालित होने से ग्राहक इस क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक करने की सुविधा पाते हैं। यह कार्ड सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म के अलावा सभी ऑफलाइन स्टोर्स पर भी चलेगा। अतिरिक्त सुविधा के लिए इसमें टैप-एंड-पे सुविधा भी है। इसके अलावा, इस कार्ड में जीवन भर के लिए शून्य ज्वाइनिंग शुल्क और शून्य वार्षिक शुल्क है। यह कार्ड फाइब के मौजूदा 21 लाख से अधिक ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा।

एक्सिस बैंक के साथ इस साझेदारी पर फाइब के सह संस्थापक और सीईओ अक्षय मेहरोत्रा ने कहा, एक्सिस बैंक के साथ मिलकर भारत का पहला नंबरलेस क्रेडिट कार्ड पेश करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। भारत के महत्वाकांक्षी युवाओं को सुरक्षित और समावेशी वित्तीय समाधान उपलब्ध करवाने की हमारी कोशिश में अब यह कार्ड भी जुड़ गया है।

## सीमेंस एक्सिलरेटर के लिए चार इकोसिस्टम साझेदारों की घोषणा

नयी दिल्ली। सीमेंस लिमिटेड ने खाद्य और पेय, डेटा सेंटर, वाणिज्यिक भवन, पावर यूटिलिटीज और अन्य जैसे कई उद्योगों में भारत के लिए प्रासंगिक 100 डिजिटल उपयोग और संदर्भ मामलों को शामिल करके अपने सीमेंस एक्ससेलेरेटर प्लेटफॉर्म के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि सीमेंस एक्ससेलेरेटर एक खुला और विकसित हो रहा डिजिटल बिजनेस प्लेटफॉर्म है जिसके व्यापक पोर्टफोलियो को सावधानी से चुनकर तैयार किया गया है जिसमें सीमेंस और प्रमाणित तृतीय पक्षों से डिजिटल और इंटरनेट ऑफ थिंग्स -सक्षम ऑफ़र शामिल हैं। सीमेंस एक्ससेलेरेटर पोर्टफोलियो का एक हिस्सा इंडस्ट्रियल ऑपरेशंस एक्स है, जो औद्योगिक उत्पादन को स्वचालित करने और बिल्डिंग एक्स ङ्क जो बिल्डिंग ऑपरेशंस को डिजिटल बनाने, प्रबंधित करने और अनुकूलित करने के लिए एक स्केलेबल डिजिटल बिल्डिंग प्लेटफॉर्म है, को संचालित करने के लिए एक खुला और इंटरऑपरेबल पोर्टफोलियो है।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), कॉन्सेप्ट इंजीनियर्स, सेफेक्स टेक्नोलॉजीज और सोनिकबोल्ट टेक्नोलॉजीज को सीमेंस एक्ससेलेरेटर इकोसिस्टम साझेदारों के रूप में घोषित किया गया है। टीसीएस, सीमेंस एक्ससेलेरेटर के साझेदार के रूप में कनेक्टेड डिजिटल एंटरप्राइज के लिए समग्र समाधान प्रदान करने हेतु परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से ग्राहकों के साथ जुड़ेगी। ये समाधान सिमुलेशन, औद्योगिक स्वचालन, आईओटी, औद्योगिक बढ़त, 5जी, साइबर सुरक्षा, उत्पाद और एप्लीकेशन लाइफ साइकिल प्रबंधन, विनिर्माण निष्पादन प्रणालियों, उद्यम संसाधन योजना निर्माण, उद्यम परिसंपत्ति प्रबंधन और लो-कोड एप्लिकेशन डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में टीसीएस की विशेषज्ञता पर आधारित होंगे। कॉन्सेप्ट इंजीनियर्स, सेफक्स टेक्नोलॉजीज और सोनिकबोल्ट टेक्नोलॉजीज एचवीएसी, अग्नि सुरक्षा और सुरक्षा प्रणालियों के एकीकृत भवन प्रबंधन समाधान और एकीकरण सेवाएं प्रदान करेंगी।

# इग्नू और आईसीएआई ने शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

इग्नू ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के साथ समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण और पुनर्गठन किया है। यह समझौता ज्ञापन दो प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए है।

एमओयू पर हस्ताक्षर समारोह इग्नू के कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव, आईसीएआई के अध्यक्ष सीए अनिकेत सुनील तलाती, आईसीएआई के गणमान्य व्यक्तियों और एसओएमएस, इग्नू के संकाय सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। एमओयू पर आईसीएआई के सचिव सीए (डॉ.) जय कुमार बत्रा और इग्नू के रजिस्ट्रार डॉ. आलोक चौबे ने हस्ताक्षर किए।

सीए। दयानिवास शर्मा, अध्यक्ष, BoS, ICAI ने सराहना की कि अब तक 48522 BCOMAF और MCOMFT के 8650 छात्र पिछले रूश से लाभान्वित हुए हैं और इस शैक्षणिक सहयोग की निरंतरता पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की।




स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के निदेशक प्रो. एम.एस. सेनम राजू ने एमओयू के पुनर्गठन पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और बताया कि एनईपी 2020 और यूजीसी के पाठ्यक्रम और क्रेडिट ढांचे के आलोक में इस एमओयू की आवश्यकता उत्पन्न होती है। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने पहले ही आईसीएसआई और आईसीएआई (सीएमए) के साथ इसी तरह के संशोधित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं और ऐसे संस्थानों और औद्योगिक सहयोगों के लिए उनके सहज समर्थन और प्रोत्साहन के लिए माननीय कुलपति को धन्यवाद दिया।

आईसीएआई के उपाध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा ही योग्यतम के अस्तित्व का एकमात्र साधन है। यह समझौता ज्ञापन आईसीएआई छात्रों को बहु-विषयक और विविध क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा।

सीए अनिकेत सुनील तलाती, अध्यक्ष, आईसीएआई, यह समझौता ज्ञापन आईसीएआई छात्रों को आर्टिकल-शिप के दौरान व्यावहारिक ज्ञान पर कोई प्रभाव डाले बिना शैक्षणिक योग्यता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि आईसीएआई और इग्नू संयुक्त रूप से छात्रों को शैक्षणिक और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। दोनों संस्थानों का बड़े पैमाने पर शैक्षणिक संचालन और मजबूत होगा और राष्ट्र की अपेक्षाओं तक पहुंचेगा।

इग्नू के कुलपति प्रो. नागेश्वर राव ने बताया कि नामांकन के मामले में इग्नू दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। वर्तमान में, 35 लाख छात्र रोल पर हैं और 38 लाख उत्तीर्ण हुए हैं। 5,000 छात्रों के नामांकन के साथ इग्नू की 58 देशों में उपस्थिति है। उन्होंने दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक संचालन/गतिविधियों, अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति, बड़े नामांकन आदि जैसी समानताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह समझौता ज्ञापन छात्रों को सस्ती लचीली सीखने की प्रक्रियाओं के साथ पारस्परिक लाभ देगा।

## आईएचजीएफ दिल्ली मेले का 56वां संस्करण ग्रेटर नोएडा में

ग्रेटर नोएडा। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित पांच दिवसीय आईएचजीएफ दिल्ली मेले का 56वां संस्करण 12 अक्टूबर ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जाएगा।

इस मेले में भाग लेने के लिए 100 से अधिक देशों के खरीददारों ने पंजीयन कराया है जिनमें अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, ब्राजील, कनाडा, चिली, कोलंबिया, डेनमार्क, मिस्त्र, फ्रांस, ग्रीस, जर्मनी, जॉर्जिया, घाना, हांगकांग, इज़राइल, ईरान, इटली , जापान, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, मैक्सिको, मोरक्को, मलेशिया, मॉरीशस, नाइजीरिया, नॉर्वे, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पोलैंड, पनामा, पेरू, फिलीपींस, कतर, कोरिया , रशियन फेडरेशन(रूस), स्पेन, स्वीडन, सऊदी अरब, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, ताइवान, थाईलैंड, तुर्की, उरुग्वे, ब्रिटेन, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, वेनेजुएला और कई अन्य देश शामिल है।

ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि उत्पादों और डिज़ाइन के अद्भुत तालमेल को एक साथ लाने वाला यह मेला विभिन्न जीवनशैलियों और घर के सजावटी उत्पादों की अद्भुत विविधता प्रदर्शित करता है। यह सस्टेनेबल जीवनशैली के लिए भी अपार संभावनाएं खोलता है। यह संस्करण 16 हॉल में आयोजित किया गया है, जिसमें होम, फैशन, जीवन शैली, कपड़ा, फर्नीचर आदि के 14 प्रमुख प्रदर्शन खंड शामिल हैं। उत्पादों की विविधता की बात करें तो इसमें घरेलू सामान, घरेलू साज-सज्जा, फर्नीचर, उपहार और सजावटी सामान, लैंप और प्रकाश व्यवस्था के उत्पाद, क्रिसमस और उत्सव की सजावट की वस्तुएं, फैशन आभूषण और सहायक उपकरण, स्पा और वेलनेस, कालीन और गलीचे, बाथरूम सहायक उपकरण, लॉन सहायक उपकरण, शैक्षिक खिलौने और खेल, हस्तनिर्मित कागज उत्पाद और स्टेशनरी और चमड़े के बैग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस संस्करण के साथ आईएचजीएफ दिल्ली फेयर- फर्नीचर ब्रांड नाम से फर्नीचर एक्सक्लूसिव शो भी शुरू किया जा रहा है।

इंडिया एक्सपो मार्ट के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि आईएचजीएफ दिल्ली मेले में उत्पादों की पेशकश में स्थिरता को प्राथमिकता दी जाती है, साथ ही सस्टेनेबल और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली से जुड़े उत्पादों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया गया है। इन्हें ऐसी सामग्रियों और प्रक्रियाओं के साथ बनाया गया है जो पर्यावरण, मानव और पशु स्वास्थ्य के साथ-साथ इकोलॉजी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

फेयर रिसेप्शन कमेटी आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-ऑटम 2023 के अध्यक्ष नरेश बोथरा ने कहा, फर्नीचर एक ऐसा सेगमेंट है, जिसका दायरा बढ़ता जा रहा है क्योंकि विदेशों में भारत से घरेलू और जीवन शैली उत्पादों का बाजार अधिक से अधिक विस्तार ले रहा है। खरीदारों के इस वर्ग की मांग को पूरा करने और फर्नीचर प्रदर्शकों को बड़े प्रदर्शन स्थान देने की कोशिश की गयी है। यह आईएचजीएफ दिल्ली मेले के साथ एक ही जगह आयोजित किया जाएगा है। यहां के प्रदर्शक फर्नीचर, लकड़ी के शिल्प और अन्य संबद्ध उत्पादों के निर्माता है। वे सभी प्रमुख मैन्यूफैक्चरिंग सेंटर जैसे, सहारनपुर, भोपाल, मुरादाबाद, दिल्ली, जयपुर, जोधपुर, मुंबई, अहमदाबाद, बरेली, चेन्नई, मैसूर, असम, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर आदि जगहों से आने वाले हैं।

## ब्रिक्स अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन आज से राजधानी में

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आमंत्रण पर आठवां ब्रिक्स अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन (ब्रिक्स आईसीसी) बुधवार को राजधानी में शुरू हो रहा है।

कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि दो दिन के इस सम्मेलन का विषय है- 'प्रतिस्पर्धा कानून और नीति में नए मुद्दे - आयाम, परिप्रेक्ष्य, चुनौतियां।'

इस सम्मेलन में भारत और ब्रिक्स समूह के अन्य देशों के अलावा कुछ गैर-ब्रिक्स देशों के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरणों, प्रतिस्पर्धा कानून विशेषज्ञों, गैर-सरकारी सलाहकारों सहित कुल 600 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण बुधवार को ब्रिक्स आईसीसी के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देंगे। सीसीआई की अध्यक्ष रवनीत कौर ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ब्रिक्स आईसीसी एक दशक के बाद भारत में आयोजित होने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा, सम्मेलन का उद्देश्य ब्रिक्स देशों में प्रतिस्पर्धा प्रवर्तन में विभिन्न उभरते मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा करना और ब्रिक्स प्रतिस्पर्धा अधिकारियों के बीच सहयोग के एजेंडे को आगे बढ़ाना है।

इस दौरान प्रतिस्पर्धा नियमों के प्रवर्तन के संदर्भ में ' उदारता कार्यक्रम और डिजिटल अर्थव्यवस्था' पर एक रिपोर्ट जारी की जाएगी और चर्चा की जाएगी। ब्रिक्स प्रतिस्पर्धा प्राधिकरणों के प्रमुख अक्टूबर को समापन समारोह को संबोधित करेंगे।

## शार्ट न्यूज

### सऊदी अरब ने फीफा विश्व कप 2034 में बोली के लिए आधिकारिक पत्र जमा किया

रियाद। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ ने वर्ष 2034 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की बोली लगाने की घोषणा करते हुए इस आशय का एक आधिकारिक पत्र फीफा को जमा किया है। सऊदी प्रेस एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सऊदी अरब ने पहले पिछले बुधवार को फुटबॉल टूर्नामेंट के 2034 संस्करण के लिए बोली लगाने की घोषणा की थी और सैफ के अध्यक्ष यासर अल मिसेहाल द्वारा हस्ताक्षरित आशय पत्र को आधिकारिक तौर पर फीफा द्वारा निर्धारित बोली प्रक्रिया शुरू करने के लिए उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। 2034 फीफा विश्व कप के लिए बोली लगाने का सऊदी अरब का यह ऐतिहासिक कदम है और यह सभी स्तरों पर फुटबॉल के नए अवसरों को खोलने के देश के लक्ष्य और दुनिया के सभी कोनों में खेल के विकास का समर्थन करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अल मिसेहल ने कहा कि यह समर्पण उस बेहद रोमांचक यात्रा का दूसरा चरण है जिस पर देश चल रहा है। सऊदी अरब फुटबॉल, मोटरस्पोर्ट्स, टेनिस, घुड़सवारी, ईस्पोर्ट्स और गोल्फ सहित 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय आयोजन कर चुका है।

### उपायुक्त ने स्टेडियम में 40वें सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियों की समीक्षा की

जालंधर। पंजाब के जालंधर जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने मंगलवार को ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में आयोजित होने वाले 40वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के प्रबंधों का जायजा लिया। देश का प्रतिष्ठित 40वां सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट 25 अक्टूबर से 03 नवंबर तक यहां ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। सुरजीत हॉकी स्टेडियम में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त सारंगल ने कहा कि पूर्व ओलंपियन और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान सुरजीत सिंह रंधावा की याद में सोसायटी द्वारा हर साल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है, आलंपियन सिंह ने 07 जनवरी, 1984 को जालंधर के पास एक भीषण कार दुर्घटना में जान गंवा दी थी। उपायुक्त ने कहा कि स्टेडियम के बाहरी और अंदरूनी क्षेत्र में फ्लड लाइटों की मरम्मत का काम दो दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने खेल विभाग को इसी सप्ताह में बाथरूमों की मरम्मत, सफेदी एवं अन्य कार्य सुनिश्चित करने को भी कहा। सारंगल ने कहा कि नगर निगम जालंधर की टीमें अगले कुछ दिनों में स्टेडियम के चारों ओर उचित सफाई, फॉगिंग, सड़क पर कारपेटिंग सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि पीएसपीसीएल टूर्नामेंट के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा और स्वास्थ्य विभाग स्टेडियम में मेडिकल टीमें तैनात करेगा।

### चिराग और सात्विक पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे

नयी दिल्ली। चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी बैडमिंटन युगल में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई है। हाल ही में एशियाई खेलों में बैडमिंटन स्पर्धा में इस भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था और इसके साथ ही चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में दो स्थान ऊपर पहुंच गये है। चिराग-सात्विकसाईराज ने फाइनल में कोरिया गणराज्य के किम वोन्हो-चोई सोलग्यू को सीधे गेमों में हराकर में यह उपलब्धि अपने नाम की है। इस साल की शुरुआत में, चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 2023 स्विस ओपन में एक साथ अपना पहला ख़िताब जीता था। उन्होंने एशियन चैंपियनशिप दुबई में भी फाइनल में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के रेन जियानग्यू और टैन कियांग को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। वहीं जून में चिराग और सात्विकसाईराज ने 2023 इंडोनेशिया ओपन जीतकर अपना पहला बीडब्ल्युएफ वर्ल्ड सुपर 1000 ख़िताब जीता और इस प्रतियोगिता को जीतने वाली भारत की पहली पुरुष युगल जोड़ी बनी थी। इसके बाद उन्होंने 2023 कोरियाई ओपन और 2023 एशियन गेम्स में भी जीत हासिल करते हुए रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल की।

### लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के फैसले की सराहना

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की सिफारिश करने के फैसले की सराहना की। दो साल की प्रक्रिया के बाद, जिसमें आईसीसी ने लॉस एंजिल्स 28 के साथ मिलकर काम किया, लॉस एंजिल्स में जोड़े जाने वाले खेलों की सूची में क्रिकेट भी शामिल है, जिसे अब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा, हमें खुशी है कि लॉस एंजिल्स 28 ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की सिफारिश की है। हालाँकि यह अंतिम निर्णय नहीं है, यह एक सदी से भी अधिक समय में पहली बार ओलंपिक में क्रिकेट को देखने की दिशा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा मैं पिछले दो वर्षों में नई खेल मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान उनके समर्थन के लिए लॉस एंजिल्स 28 को धन्यवाद देना चाहता हूं और हम अगले सप्ताह आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान भारत में आईओसी सत्र में अंतिम निर्णय लिए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### भारतीय जूनियर टीम नीदरलैंड रवाना

नई दिल्ली। नीदरलैंड के एक्स्टर्डम में 13 अक्टूबर से शुरु होने वाले पहले अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिये भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीम मंगलवार तड़के रवाना हो गयीं। कप्तान मनमीत सिंह राय और उप-कप्तान आशु मौर्य के नेतृत्व में भारतीय सब जूनियर पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड्स बॉयज़ अंडर18 और अंडर16 टीमों से मुकाबला करेगी जबकि सब जूनियर महिला हॉकी टीम, कप्तान भाव्या के नेतृत्व में नीदरलैंड गर्ल्स अंडर18 और अंडर16 टीमों के साथ मुकाबला करने के लिए तैयार है। भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमों के अंडर18 टीमों के खिलाफ मैच 14 अक्टूबर को होंगे, जबकि अंडर16 टीमों के खिलाफ मैच 15 और 16 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसके अलावा भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला दोनों टीमें 13 अक्टूबर को नीदरलैंड के एक सीनियर क्लब की पुरुष और महिला टीमों के खिलाफ मैत्रीपूर्ण मैच भी खेलेंगी। ऐतिहासिक दौरे पर बोलते हुए भारतीय सब जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, यह दौरा सिर्फ प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है। यह इन युवा खिलाड़ियों के समर्पण और हॉकी इंडिया के जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रम के दृष्टिकोण का एक प्रमाण है।

### 1,500 हमास आतंकियों के शव मिले



यरूशलम। इजराइल की सेना ने मंगलवार को हमास के साथ अभूतपूर्व लड़ाई के चौथे दिन दावा किया कि उसके पास इजराइल में मिले हमास आतंकवादियों के लगभग 1,500 शव हैं। इजरायली रक्षा बलों के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि गाजा पट्टी के आसपास इजरायल में हमास (उग्रवादियों) के लगभग 1,500 शव पाए गए हैं। सुरक्षा बलों ने गाजा के चारों ओर सुरक्षा बाड़ के क्षेत्र पर कमोबेश नियंत्रण बहाल कर लिया है, जिसे शनिवार को हमास के आतंकवादियों ने तोड़ दिया था। तटीय फिलिस्तीनी एन्क्लेव के आसपास के क्षेत्र में 35 बटालियन तैनात की गई हैं। सीमा से सटे समुदायों के निवासियों को निकालने का काम लगभग पूरा हो चुका है। इज़रायली राज्य मीडिया और एन्क्लेव में सशस्त्र समूहों के अनुसार, इज़रायल में कम से कम 900 लोग मारे गए हैं, जबकि गाजा में लगभग 130 नागरिकों और सैनिकों को बंधक बनाया गया है।

# मलान के प्रहार से बांग्लादेश चारों खाने चित्त, इंग्लैंड 137 रन से जीता

**धर्मशाला।** डेविड मलान (140) के शतकीय प्रहार के बाद रीस टॉप्ली(43 रन पर चार विकेट) के कातिलाना प्रदर्शन के बूते इंग्लैंड ने मंगलवार को आईसीसी विश्वकप के मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 137 रनों से बड़ी जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 364 रन बनाये जिसके जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम 48.2 ओवर के खेल में 227 रन पर ही सिमट गयी। इंग्लैंड की जीत की बुनियाद सलामी बल्लेबाज डेविड मलान ने रखी जिन्होने मात्र 107 गेंदों में 140 रनों ठोक दिये। मलान के अलावा जो रूट के 68 गेंदों में 82 रन और जॉनी बेयरस्टो की 52 रनो की अर्धशतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड भारी भरकम स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

सात रन प्रति ओवर से अधिक की रन गति से लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश दवाब में बिखर गयी जब उसके चार अहम बल्लेबाज मात्र 49 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गये। तंजिद हसन, नजमुल शांतो और शाकिब उल हसन का विकेट निकाल कर टाप्ली ने मैच की दिशा को अपनी टीम के पक्ष में मोड़ दिया। इस बीच एक छोर पर जमे लिटन दास (76) ने अंग्रेजों का जम कर सामना किया और तेजी से स्कोरबोर्ड को चलाने का भरपूर प्रयास किया मगर अभी स्कोरबोर्ड पर 121 रन ही टंगे थे कि दास क्रिस वोक्स की तेजी से बाहर निकलती गेंद पर बल्ला अड़ा बैठे और गेंद विकेटकीपर के दस्तानों में समा गयी।

बाद में मुशफ़िक़ुर रहीम (51) और मो. तौहीद ह्दोय (39) ने इंग्लिश गेंदबाजों का दिलेरी से सामना किया मगर मैच का परिणाम इंग्लैंड के पक्ष में तय हो चुका था। मुश्फिफुकर रहीम ने 64 गेंदों पर 51 रनों का योगदान दिया. जबकि तौहीद ह्दय ने 61 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली। इससे पहले आज यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान ने पहले विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी की। इंग्लैंड को पहला झटका 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर सलामी बल्लेबाज बेयरस्टो के रूप में लगा। उन्हें शाकिब ने बोल्ड आउट किया। उन्होंने 59 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 52 रन बनाए। डेविड मलान ने 91 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 32वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। 38वें ओवर की दूसरी गेंद पर इंग्लैंड का दूसरा विकेट डेविड मलान 140 के रूप में गिरा उन्हें मेहदी हसन बोल्ड आउट किया।

40वें ओवर की चौथी गेंद पर बटलर 10 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शोरफुल इस्लाम ने बोल्ड आउट किया। 42वें ओवर की पांचवीं पर जो रूट 82 रन और फिर इसी ओवर की छठी गेंद पर लियम लिविंगस्टन शून्य पर आउट हुए। रूट को इस्लाम ने मुशफ़िक़ुर के हाथों कैच आउट कराया। इंग्लैंड का सातवां विकेट सैम कुरेन 15 गेंदों में 11 रन के रूप में गिरा। कुरेन को महेदी ने शांतो के हाथों कैच आउट कराया। क्रिस वोक्स 14 रन को महेदी की गेंद पर तस्किन ने कैच आउट किया। आदिल रशीद 11रन को महेदी की गेंद पर शांतो ने पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। मार्क वुड छह रन और रीस टॉप्ले एक रन बनाकर नाबाद रहे।

बंगलादेश की ओर से महेदी हसन ने 71 रन देकर सबसे अधिक चार विकेट लिये। जबकि शोरफुल इस्लाम ने 75 रन देकर तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। अहमद और हसन ने एक-एक विकेट मिला।




# भारतीय हॉकी टीमों का गर्मजोशी से इस्तकबाल



नई दिल्ली। चीन के हांगझोउ में 19वें एशियाई खेल में पदक जीत कर स्वदेश वापस लौटी भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों का यहां गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

सोमवार देर रात नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौजूद हॉकी प्रशंसकों ने जोरदार तालियों के साथ उनका स्वागत किया। हांगझोउ में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता और भारतीय महिला हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता। राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी तादाद में हॉकी प्रशंसक अपने नायकों का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने टीम के सदस्यों का मुंह मीठा कराया और उन्हे फूल मालाओं से लाद दिया वहीं भावुक प्रशंसकों ने हॉकी सितारों को घेर लिया। प्रशंसकों ने इस अवसर का जश्न मनाने और टीमों के प्रति अपना समर्थन प्रदर्शित करने के लिए हवाई अड्डे पर संगीत बजाया और नृत्य किया।

हवाईअड्डे पर एकत्र लोगों में हॉकी खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य भी शामिल थे। हॉकी खिलाड़ियों ने भी गर्मजोशी भरे माहौल का आनंद लिया और देश में एक बार फिर खेल की बढ़ती सराहना को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### बेंगलुरु बुल्स ने विकास कंडोला जबकि पुनेरी पलटन ने मोहम्मदरेज़ा चियानेह को अपनी टीम में किया शामिल

नयी दिल्ली। दो दिसंबर से शुरु होने वाले प्रो कबड्डी सीजन 10 के लिए दो दिनों से चल रही नीलामी में बेंगलुरु बुल्स ने विकास कंडोला जबकि पुनेरी पलटन ने मोहम्मदरेज़ा चियानेह को अपनी टीम में किया शामिल किया है नीलामी में 12 टीमें हिस्सा ले रही है। पीकेएल 2023 नीलामी के पहले दिन सोमवार पवन सहरावत, विकास कंडोला, मनिंदर सिंह, मंजीत, रोहित गुलिया जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को अलग-अलग टीमों ने अपने खेमे में शामिल किया। 500 से ज्यादा खिलाड़ी इस नीलामी का हिस्सा हैं। इसके साथ ही इस सीज़न के प्लेयर पूल में 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023' की दो फाइनलिस्ट टीम के 24 खिलाड़ी भी शामिल हैं। देश के 12 शहरों में इसका आयोजन किया जायेगा।

# मोदी ने की एशियाड टीम की प्रशंसा, खिलाड़ियों को दिया विश्वस्तरीय सुविधा का भरोसा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने अपने खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा बनाए रखने तथा उनकी जरूरतों का ध्यान रखने के लिए पूरी शक्ति लगाई है और नौ साल में खेल का बजट तीन गुना बढ़ाया गया है।

मोदी ने चीन के हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों और एथलीटों के साथ बातचीत करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम में उनका स्वागत किया और कहा कि इन खेलों में भारतीय दल ने 100 की मेडल टैली पार का देश का गौरव बढ़ाया है तथा ओलंपिक पद के लिए नयी उम्मीदें जगायी हैं।

प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत में कहा कि एशियाड में भाग लेने वाले इन खिलाड़ियों का उल्लेखनीय प्रदर्शन खेल भावना का सच्चा उदाहरण प्रस्तुत करता है। मोदी ने कहा कि नौ साल में पहले की तुलना में खेल का बजट भी तीन गुना बढ़ाया जा चुका है और सरकार गांव देहात की खेल प्रतिभाओं को भी पूरे अवसर दिलाने के प्रयास कर रही है।



उन्होंने कहा, ''खेलो इंडिया' गेम चेंजर (बाजी मारने वाली पहल) साबित हुआ है।

खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, एशियाई खेल में आप सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से पूरा देश गौरव का अनुभव कर रहा है। 100 पार की मेडल टैली के लिए आपने दिन रात एक कर दिया। हमारे सभी खिलाड़ियों का मनोबल बना रहे, उन्हें किसी तरह की कमी न हो, इसके लिए हमने पूरी शक्ति लगाई है। हमारा प्रयास है कि हमारे खिलाड़ियों को दुनिया की अच्छी से अच्छी सुविधाएं मिलें, उन्हें देश विदेश में खेलने को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलें।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है गांव-देहात में रहने वाले खिलाड़ियों को भी ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एशियाई खेलों में यह भारत का अब तक सबसे शानदार प्रदर्शन है। विदेशी धरती पर एथलेटिक प्रतिस्पर्धाओं में सबसे ज्यादा मेडल भारत ने इस बार जीते हैं।

# चीनी दूतावास के अंदर कार लेकर घुसा शख्स

## पुलिस ने गोली मारी; चीन का आरोप- लोगों को मारने आया था

वॉशिंगटन। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में मंगलवार सुबह एक शख्स अपनी कार लेकर चीनी वाणिज्य दूतावास (चाइनीस कॉन्सुलेट) में घुस गया। बीबीसी के मुताबिक, पुलिस ने उसे मार गिराया है।

पुलिस ने कहा- हमने कॉन्सुलेट में घुसने वाले एक अज्ञात शख्स को गोली मार दी है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें नीले रंग की गाड़ी कॉन्सुलेट के अंदर दिख रही है। दरवाजे टूटे हुए हैं। लोगों को भागते हुए भी देखा जा सकता है।

ये घटना ऐसे समय हुई है जब सैन-फ्रांसिस्को में एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक को-ऑपरेशन की बैठक होने वाली है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसमें शामिल हो सकते हैं। ये बैठक अगले महीने यानी नवंबर में होने वाली है।

बीबीसी के मुताबिक, चाइनीस कॉन्सुलेट ने एक बयान में कहा- कॉन्सुलेट में घुसने वाला शख्स हमारे स्टाफ और लोगों के लिए खतरा था। हम इस तरह के हमले की निंदा करते हैं।



वहीं, चीन की फॉरेन मिनिस्ट्री ने आरोप लगाया है कि अज्ञात शख्स लोगों को मारने के लिए अंदर घुसा था।

पुलिस ने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने कहा- हम जब कॉन्सुलेट पहुंचे तो गाड़ी अंदर ही खड़ी थी। शख्स उसमें बैठा था। हमने उससे बात करने की कोशिश की। उसने हम पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद हमने फायरिंग की। गोली शख्स को लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल आरोपी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

### 18-19 मार्च की रात इंडियन कॉन्सुलेट पर हुआ था हमला

सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास (इंडियन कॉन्सुलेट) पर 18-19 मार्च 2023 की रात हमला हुआ था। कुछ खालिस्तानी समर्थक वाणिज्य दूतावास में घुस गए थे और वाणिज्य दूतावास को जलाने की कोशिश की थी। परिसर में दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे भी लगा दिए थे। वाणिज्य दूतावास की इमारत को नुकसान पहुंचाया था। इस दौरान दूतावास के अधिकारी घायल हुए थे।

### चीनी दूतावास के स्टाफ ने ब्रिटेन में प्रदर्शनकारी को पीटा था

अक्टूबर 2022 में ब्रिटेन के मैनचेस्टर में चीनी वाणिज्य दूतावास (चाइनीस कॉन्सुलेट) के बाहर प्रदर्शन हो रहा था। तभी वाणिज्य दूतावास के स्टाफ ने एक प्रदर्शनकारी को ऑफिस परिसर के अंदर घसीट लिया और उसके साथ मारपीट की। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति शी जिनपिंग के तीसरे टर्म के विरोध में हो रहा था।

# आतंकी पन्नू की भारत सरकार को धमकी

## हमास के इजराइल पर हमले से सीख लेने को कहा; बोला- अटैक से विध्वंस होगा

**अमृतसर।** सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर भारत सरकार और पंजाब सीएम भगवंत मान को धमकी दे दी है। पन्नू ने एक नया वीडियो जारी करते हुए भारत सरकार को हमास-इजराइल के बीच छिड़े युद्ध से सीख लेने की हिदायत कर दी है। वहीं पन्नू ने पंजाब को भारत का हिस्सा ना बताते हुए आजाद करने की मांग रखी है।

पन्नू ने वीडियो जारी कर कहा- भारत को इस हमले से सीख लेनी चाहिए। अगर भारत में रह रहे सिखों को आजाद नहीं किया, तो उसे भी इजराइल की तरह अप्रत्याशित हमले का दंश झेलना होगा। पीएम मोदी को इजराइल और हमास के युद्ध से सीख लेनी चाहिए। पंजाब में रहने वाले लोग अगर फिलिस्तीन की तरह हिंसा का रुख अख्तियार कर लेंगे तो स्थिति विध्वंसक हो जाएगी। पंजाब को भारत सरकार आजाद करे। अगर भारत सरकार पंजाब को आजादी नहीं करेगी तो उसे भी इजराइल की तरह ही भयावह मंजर से रूबरू होना होगा।




### वर्ल्ड कप की धमकियों के बाद यह पहला वीडियो

इसी साल कनाडा के सरी में मारे गए आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद से ही आतंकी पन्नू बौखलाया हुआ है। पन्नू ने इससे पहले वर्ल्ड कप में हिंसक घटनाओं को अंजाम देने और मैच के बीच में खालिस्तानी झंडे फहराने की धमकी दे रखी है। इतना ही नहीं, उसकी तरफ से धर्मशाला में खालिस्तानी नारे भी लिखवाए गए थे। इससे पहले आतंकी पन्नू ने जी20 सम्मेलन में माहौल खराब करने की कोशिश की थी। इस दौरान दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों के बाहर खालिस्तानी नारे लिखने वाले दो सिख युवाओं को पुलिस ने पंजाब से पकड़ा था। जांच में पता चला था कि पन्नू पैसों का लालच देकर पंजाब के लोगों से गलत काम करवा रहा है।

### लावरोव ने नाटो के विस्तारवाद पर जमकर हमला बोला

मॉस्को। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के विस्तारवाद और पूरे पूर्वी गोलार्ध में अपने पदचिह्नों का विस्तार करने के प्रयास की आलोचना की है। रूसी विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मंगलवार को प्रकाशित एक लेख में श्री लावरोव ने चेतावनी दी कि नाटो दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के आसपास मौजूदा क्षेत्रीय तानेबाने को कमजोर कर रहा है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव का एक नया केंद्र बना रहा है। वाशिंगटन अपने नियंत्रण में सैन्य-राजनीतिक लघु गठबंधन बना रहा है, जैसे एयूकेयूएस (ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका), की तिकड़ी, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया टोक्यो की चौकड़ी।

### म्यांमार: विस्थापित लोगों के शिविर पर तोपखाने के हमले में 29 की मौत

नाएप्यीडॉ। चीनी सीमा के पास उत्तर-पूर्व म्यांमार में एक विस्थापित लोगों के शिविर पर तोपखाना हमले में कई बच्चों सहित कम से कम 29 लोग मारे गए हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि यह शिविर काचिन इंडिपेंडेंस ऑर्गनाइजेशन (केआईओ) द्वारा नियंत्रित क्षेत्र में है। केआईओ कई उन जातीय विद्रोही समूहों में से एक है जो कई दशकों से स्व-शासन के लिए लड़ रहे हैं। केआईओ के प्रवक्ता ने बीबीसी को बताया कि सभी मारे गये सभी लोग आम नागरिक है। यह काचिन राज्य में 63 साल लंबे संघर्ष में सबसे घातक हमलों में से एक है। काचिन अधिकारियों का कहना है कि सैन्य सरकार से लड़ने वाले अन्य विद्रोही समूहों के बीच काचिन के बढ़ते समर्थन के कारण सशस्त्र हमलावरों ने पिछले कुछ सालों में आईओ द्वारा संचालित क्षेत्रों पर हमले बढ़ा दिए हैं। म्यांमार में 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद देश की निर्वाचित सरकार के विस्थापित होने के बाद से देश का अधिकांश हिस्सा व्यापक गृहयुद्ध में उलझ गया है। सत्ता पर कब्ज़ा करने के बाद से सेना ने विपक्ष-नियंत्रित कस्बों और गांवों के खिलाफ हवाई हमलों का तेजी से इस्तेमाल किया है। निर्वासित राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) ने शिविर पर हमले के लिए जुंटा को दोषी ठहराया है और इसे 'युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध' बताया है।

### तुर्की, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में मध्यस्थता करने के लिए तैयार

अंकारा। तुर्की ने कहा कि वह इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष में मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। तुर्की ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से इस संबंध में सूचित किया, जिसमें दोनों देशों के नेताओं की एक बैठक आयोजित करना भी शामिल है। राजनयिक सूत्रों ने कहा कि सोमवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने दोनों नेताओं (इस्राइल और फिलिस्तीन) के साथ फोन पर बातचीत की थी। बातचीत बहुत रचनात्मक थी। राष्ट्रपति ने दोनों पक्षों से संघर्ष विराम और बातचीत बहाल करने की अपील की। इस बीच, राजनयिक चैनलों के माध्यम से, अंकारा ने दोनों पक्षों को नेताओं की एक बैठक आयोजित करने सहित किसी भी संभावित रूप से मध्यस्थता करने के लिए अपनी तत्परता के बारे में सूचित किया। सूत्रों के अनुसार तुर्की राजनयिक मिशन इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष को सुलझाने के लिए अपने पश्चिमी सहयोगियों के साथ संपर्क बनाए हुआ है। सूत्रों ने कहा, हम अपने सहयोगियों को संघर्ष के खतरे की चेतावनी दे रहे हैं जिससे अप्रत्याशित परिणाम हो सकते हैं। शनिवार सुबह, हमास ने इजरायल पर बड़े पैमाने पर हमला किया, जिससे इजरायल को अगले दिन युद्ध की घोषणा करनी पड़ी। सोमवार को, इज़रायल ने गाजा पट्टी में पूर्ण नाकाबंदी कर दी, जिसके बाद वहां भोजन, गैस या बिजली की आपूर्ति नहीं हुई।

### 'हमास फिलीस्तीन की आकांक्षाओं का प्रतिनिधि नहीं'

वाशिंगटन। पश्चिम के पांच शक्तिशाली देशों -अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और इटली के नेताओं ने इज़रायल में आतंकवादी हमलों की कड़ी भर्त्सना करते हुए इज़रायली लोगों के प्रति एकजुटता एवं उसके आत्मरक्षा के प्रयासों के प्रति समर्थन व्यक्त किया और यह भी कहा कि वे फिलीस्तीन के लोगों की न्याय और स्वतंत्रता की वैध आकांक्षाओं को समझते हैं लेकिन हमास उन आकांक्षाओं का प्रतिनिधि नहीं, बल्कि आतंक एवं रक्तपात का प्रतीक है। अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज़, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और इटली की प्रधानमंत्री जिओर्जिया मेलोनी ने सोमवार शाम यहां एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान में कहा गया, आज, हम -फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रां, जर्मनी के चांसलर शोल्ज़, इटली की प्रधान मंत्री मेलोनी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक और अमेरिका के राष्ट्रपति बिडेन - इज़रायल के प्रति अपना दृढ़ एवं एकजुट समर्थन व्यक्त करते हैं तथा हमास और उसके आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
बुधवार 11 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए वितरण किया गया खेल सामग्री

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत




सादुल्लानगर/बलरामपुर। विकासखंड रेहरा बाजार में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा विकासखंड सभागार में युवक व महिला मंगल दल की टीम को खेलकूद सामग्री वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समीर सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए युवक व महिला मंगल दल के सदस्यों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा खेलकूद सामग्री का वितरण कराया जा रहा है। जिससे खेलकूद के साथ युवाओं के स्वास्थ्य भी बेहतर रहेंगे, कार्यक्रम में 7 युवक मंगल दल और 7 महिला मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने किया। इस मौके पर इस खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह ब्लॉक कमांडर पीआरडी संचित कनौजिया युवक मंगल दल अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### साइबर सुरक्षा पुख्ता करने के लिए अभ्यास

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय ने देश के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साइबर स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को यहां सरकारी संगठनों और निजी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास 'भारत एनसीएक्स 2023' के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय द्वारा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस अभ्यास का प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने उद्घाटन किया। उनके साथ राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार राजिंदर खन्ना और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल एमयू नायर भी थे। यह अभ्यास सरकारी तथा महत्वपूर्ण क्षेत्र के संगठनों के वरिष्ठ प्रबंधन और सार्वजनिक एवं निजी एजेंसियों के तकनीकी कर्मियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बारह दिन के इस हाइब्रिड अभ्यास में समकालीन साइबर खतरों, साइबर घटनाओं और प्रतिक्रिया से निपटने पर बल दिया जाएगा। यह अभ्यास सरकारी एजेंसियों, सार्वजनिक संगठनों और निजी क्षेत्र के विभिन्न समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले 300 से अधिक प्रतिभागियों को एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सत्रों, लाइव फायर और रणनीतिक अभ्यासों के माध्यम से बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सूचना मिलेगी। प्रतिभागियों को विभिन्न प्रमुख साइबर सुरक्षा क्षेत्रों जैसे घुसपैठ का पता लगाने की तकनीक, मैलवेयर सूचना प्लेटफ़ॉर्म, नेटवर्क प्रोटोकॉल, डेटा प्रवाह और डिजिटल फोरेंसिक आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### भारत और इटली ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। भारत और इटली ने अनुसंधान एवं विकास, सह-विकास, सह-उत्पादन और संयुक्त उद्यमों की स्थापना सहित विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इटली और फ्रांस की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को रोम में इटली के रक्षा मंत्री ग्वीदो क्रोसेत्तो के साथ बातचीत के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने प्रशिक्षण, सूचना साझा करने, समुद्री अभ्यास और समुद्री सुरक्षा सहित रक्षा सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में रक्षा उद्यमों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। दोनों मंत्रियों ने रक्षा क्षेत्र में भारत और इटली की परस्पर क्षमताओं तथा संयुक्त विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। रक्षा मंत्री ने इटली की रक्षा कंपनियों और भारतीय स्टार्ट-अप के बीच बातचीत को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। बैठक के बाद रक्षा क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता सुरक्षा और रक्षा नीति, अनुसंधान एवं विकास, सैन्य क्षेत्र में शिक्षा, समुद्री क्षेत्र में जागरूकता, रक्षा जानकारी साझा करना और औद्योगिक सहयोग, जिसमें सह-विकास, सह-उत्पादन और संयुक्त उद्यमों की स्थापना शामिल है जैसे विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देगा। इससे पहले श्री सिंह को विला मदामा में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क

नयी दिल्ली। धन शोधन मामलों की जांच करने वाली वित्त मंत्रालय की एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अवैध कमाई के माध्यम से अर्जित की थीं। ईडी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये सम्पत्तियां राजा की बेनामी कंपनी मेसर्स कोवई शेल्टर्स प्रमोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर थी। इन्हें राजा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत कुर्क किया गया है। बयान में कहा गया है कि पीएमएलए के तहत स्थापित निर्णायक प्राधिकारी ने कुर्की की पुष्टि की। विज्ञप्ति के मुताबिक ईडी की जांच में पता चला कि राजा पर्यावरण मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान (2004 से 2007 तक) एक गुरुग्राम की एक रियल-एस्टेट कंपनी को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की। यह कंपनी देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में है और इसके शेयर बीएसई में सूचीबद्ध हैं। बयान के अनुसार रियल-एस्टेट कंपनी ने बदले में ए. राजा को रिश्वत दी है। यह रिश्वत वर्ष 2007 के आसपास भूमि के लिए कमीशन के रूप में राजा की बेनामी कंपनी के हाथ में गयी। यह कंपनी राजा ने 2007 में अपनी अपने परिवार के सदस्यों और उनके करीबी पारिवारिक मित्रों के नाम पर गठित की थी। इस कंपनी के गठन का एक मात्र उद्येश्य अपराध की कमाई को ठिकाने लगाने का एक मार्ग निकालना था। इस कंपनी का कोई कारोबार नहीं थी।

### मोदी के दौरे को लेकर धामी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

नैनीताल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 12 अक्टूबर को सीमांत पिथौरागढ़ जिले के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को पिथौरागढ़ पहुंचे और उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उनके कार्यकाल में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। अनेक महात्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम हुआ है। उन्होंने प्रदेश को आलवेदर रोड, केदारनाथ धाम का विकास, चारधाम योजना, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, हवाई अड्डों का विस्तारीकरण और बदरीनाथ और हेमकुंड का विकास जैसी कई योजनाओं की सौगात दी हैं। यही नहीं अंतिम गांव माणा को ब्राइवेंट विलेज घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज इसी का परिणाम है कि इस साल चारधाम यात्रा पर अभी तक रिकार्ड 47 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि पूरा प्रदेश प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर उत्सुक है और जनता बेसब्री से प्रधानमंत्री के दौरे का इंतजार कर रही है। मुख्यमंत्री ने केबिनेट मंत्री गणेश जोशी और क्षेत्रीय सांसद अजय टमटा के साथ नैनी सैनी एयर पोर्ट और वाल्दिया स्टेडियम में प्रस्तावित जनसभा स्थल पर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर विशेष जोर देने को कहा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कुमौड़ स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में दर्शन के साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की खुशहाली की कामना की। वे मंदिर में उपस्थित संतों ओर पुजारियों से भी मिले। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद अजय टमटा और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सेफ सिटी परियोजना : पहले चरण में 9 शहरों के 20 धार्मिक स्थलों को मिलेंगे पिंक बूथ

## 550 थानों की 1100 महिला बीट आरक्षियों को दी जाएगी पिंक स्कूटी

लखनऊ। सेफ सिटी परियोजना के तहत प्रदेश भर की महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश भर में तीन हजार पिंक बूथ और सभी 10417 महिला बीटों को पिंक स्कूटी देने का फैसला किया था। वहीं परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के नौ शहरों के 20 धार्मिक स्थलों पर पिंक बूथ के निर्माण का निर्णय लिया गया था जबकि 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 1100 महिला बीट आरक्षियों को इलेक्ट्रिक दो पहिया स्कूटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे। पहले चरण में पिंक बूथ निर्माण और इलेक्ट्रिक दो पहिया स्कूटी के लिए तीन माह का समय निर्धारित किया गया था।

इस पर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ने एक प्रस्ताव बनाकर शासन को उपलब्ध कराया है, जिस पर मुहर लगते ही इसे धरातल पर उतारने का काम शुरू कर दिया जाएगा। मालूम हो कि प्रदेश में सेफ सिटी परियोजना तीन फेज में पूरी की जानी है। इसमें पहले फेज में 17 नगर निगमों के साथ गौतमबुद्धनगर शामिल है। वहीं दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालय की नगर पालिकाओं और तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाएगा।




### 550 थानों को सौंपी जाएगी 1100 पिंक स्कूटी

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के एडीजी बीपी जोगदंड ने बताया कि सेफ सिटी परियोजना के पहले चरण में प्रदेश के नौ शहर के 20 धार्मिक स्थलों पर पिंक बूथ का निर्माण किया जाएगा। इसमें वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, मीरजापुर, मथुरा, गोरखपुर, आगरा, बलरामपुर और चित्रकूट शामिल हैं। सभी जगह सिंगल स्टोरी के पिंक बूथ बनाए जाएंगे।

इसके लिए विभाग की ओर से गृह विभाग को 1.66 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके साथ ही सभी नौ जिलों के पुलिस अधिकारियों को पिंक बूथ के लिए जमीन चिन्हित कर जानकारी साझा करने के लिए पत्र लिखा गया था, जिसमें से कई जिलों से रिपोर्ट आ गयी है।

एडीजी ने बताया कि गृह विभाग से बजट जारी होते ही बूथ का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। परियोजना के दूसरे चरण में प्रदेश के नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 501 पिंक बूथ बनाए जाएंगे जबकि तीसरे चरण में प्रदेश के शेष शहरों में 2480 पिंक बूथ बनाए जाएंगे। इसी तरह परियोजना के पहले चरण में मंडल मुख्यालय और गौतमबुद्धनगर के 550 थानों को दो-दो जीपीएस लैस पिंक स्कूटी सौंपी जाएगी, जिससे 1100 महिला बीट आरक्षी इस्तेमाल करेंगी। इसके लिए गृह विभाग को 15.60 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। शासन से हरी झंडी मिलते ही पिंक स्कूटी को 550 थानों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। शासन द्वारा इस माह में दोनों प्रस्ताव को हरी झंडी मिल सकती है। वहीं दूसरे और तीसरे चरण के लिए विभाग की ओर से योजना तैयार की जा रही है।

### 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ने सेफ सिटी परियोजना के तहत पहले चरण में 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में महिलाओं और बेटियों को जागरुक करने के लिए 6 माह का कैलेंडर तैयार कर सूचना एवं जन संपर्क विभाग को सौंप दिया। वर्तमान में विभाग की ओर से पहले चरण के सभी जिलों प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसके साथ ही विभाग की ओर से एफएम जिंगल्स, कम्यूनिटी रेडिया के माध्यम से भी जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### शिष्टाचार भेंट



मंगलवार को डा. महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार ने माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी से शिष्टाचार भेंट की एवं आगामी चुनावों व पार्टी कार्यो को लेकर उनका मार्ग दर्शन प्राप्त किया।

### ओडिशा के असहयोग से अमर्दा हवाई अड्डे की योजना फिर अटकी : बिस्वेश्वर टूडू

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के जनजातीय मामलों और जल शक्ति मंत्रालयों में राज्य मंत्री बिस्वेश्वर टूडू ने मंगलवार को यहां कहा कि ओडिशा के मयूरभंज जिले में अमर्दा हवाई पट्टी के विकास के लिए रक्षा मंत्रालय की 160 एकड़ जमीन के हस्तांतरण का कागज लेने को आज राज्य सरकार के अधिकारी तैयार नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि हवाई अड्डे के विकास की यह योजना राज्य सरकार के नकारात्मक रुख व असहयोग के चलते फिर अटक गयी है। टूडू ने कहा कि अमर्दा हवाई पट्टी के विकास की मांग काफी लंबे समय से चल रही है और वह जब से सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उतरे हैं तब से मयूरभंज में एक वाणिज्यिक हवाई अड्डे के विकास की मांग को लेकर दिन-रात जुटे हुए हैं। मयूरभंज में वाणिज्यिक हवाई अड्डा चालू होने से ओडिशा के उत्तरी भाग के लोगों के साथ साथ झारखंड के दक्षिणी और पश्चिम बंगाल के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि रक्षामंत्री और नागरिक उड्डुयन मंत्री के साथ कई बैठकों के बाद रक्षा मंत्रालय मयूरभंज में हवाई अड्डे के लिए जमीन देने को तैयार हो गया।

## सितंबर में 109221 बार बसों की हुई जांच

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों के पारदर्शी संचालन के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए प्रतिमाह निगम के प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित जांच की जा रही है। इसी क्रम में सितंबर, 2023 में प्रवर्तन दलों द्वारा यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित बसों की कुल 109221 बार जांच की गयी। जांच दल द्वारा इस दौरान करीब 30 लाख रुपए (कुल 29 लाख 60 हजार 305 रुपए) का प्रशमन शुल्क वसूला गया।

प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन अशोक कुमार ने बताया कि सीएम योगी, परिवहन मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में जांच दल द्वारा यूपीएसआरटीसी की संचालित बसों की जांच की जाती है। इसमें बिना टिकट यात्री, बिना बुक भार वहन, चालक/परिचालक की अल्कोहल टेस्ट इत्यादि की जांच होती है।

प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन ने बताया कि सितंबर माह में जांच दलों (मुख्यालय नियंत्रित टाटा सूमो प्रवर्तन दल, इण्टर सेण्टर दल एवं क्षेत्रीय प्रवर्तन दल) द्वारा जांच के दौरान कुल 4577 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए, जबकि 113.40 टन बिना बुक भार पकड़ा गया।

8 हजार 538 चालकों/परिचालकों का मार्ग पर चेकिंग के दौरान ब्रेथ एनलाईजर मशीन द्वारा एल्कोहल जांच की गई।

परिवहन निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में गाजियाबाद, हरदोई, मेरठ, देवीपाटन, नोएडा, आगरा, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद एवं बरेली क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इसमें प्रत्येक बस को 6000 किलोमीटर प्रति वाहन संचालित करने, गैर-टिकट राजस्व मे बढ़ोत्तरी, प्रतिदिन की आउट शेडिंग, अनुपयोगी बसें, ईधन अवसत एवं बस स्टेशनो पर कैन्टींस/स्टाल्स किराए पर उठाने के संबंध में चर्चा की गई।

## एडवांस टेक्नोलॉजी और समय पर डायग्नोज की मदद से हार्ड डिजीज को हरा रहे हैं मरीज

पानीपत। आजकल लोगों के बीच हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी अन्य बीमारियों के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं. खासकर, युवा आबादी भी इसकी गिरफ्त में आ रही है, ऐसे में जरूरत है कि लोगों को इससे आगाह किया जाए. ये एक खतरनाक समस्या बनती जा रही है, क्योंकि हर साल कुल मामलों में करीब 50 फीसदी दिल की अलग-अलग बीमारियों के केस सामने आ रहे हैं और भारत में समय से पहले मृत्यु का भी एक बड़ा कारण हार्ट डिजीज हैं. चौंकाने वाला आंकड़ा ये है कि हर चार में से एक मौत दिल की बीमारी के हल्के लक्षणों को नजरअंदाज करने के कारण हो रही है.

मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, शालीमार बाग (नई दिल्ली) में कार्डियोलॉजी के सीनियर डायरेक्टर व एचओडी डॉक्टर नवीन भामरी ने इस पर कहा, कार्डियक साइंस के क्षेत्र में प्रगति हो रही है जिसके चलते एक्यूट हार्ट अटैक जैसी परेशानी के लिए रेडियल रूट प्राइमरी पीटीसीए,



वाल्व बदलने के लिए ओपन हार्ट की जगह टीएवीआई प्रक्रिया की पर्क्यूटेनियस तकनीक ने हार्ट डिजीज के इलाज क्रांति ला दी है. टीएवीआर एक ऐसी प्रक्रिया है जहां महाधमनी वाल्व को परिधीय धमनी पहुंच के माध्यम से इम्प्लांट किया जाता है. ईसीएमओ जैसे गंभीर हार्ट फेल के मामलों में इलाज के लिए एलवीएडी और हार्ट लंग ट्रांसप्लांट किया जाता है, जिससे लास्ट स्टेज के हार्ट रोगियों को जीवन की नई उम्मीद मिली है.

डॉक्टर भामरी ने आगे कहा, जिन मरीजों को दिल की गंभीर बीमारियां होती हैं उनके लिए इम्पेला एक बहुत प्रभावी डिवाइस है. इसकी मदद से हेमो डायनामिक स्थिरता बनी रहती है और सर्जरी के दौरान ये लेफ्ट वेंट्रिकुलर अनलोडिंग प्रदान करता है जिसके कारण भविष्य में होने वाली अन्य परेशानियों व सेरेब्रोवास्कुलर घटनाओं का रिस्क कम हो जाता है. ऐसे बहुत ही कम अस्पताल हैं जिनमें इम्पेला का इस्तेमाल करने वाले हृदय रोग विशेषज्ञ हैं.

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग में कार्डियो थोरेसिक व वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉक्टर दिनेश चंद्रा ने कहा, दिल से जुड़ी बीमारियों जैसे जन्मजात दोष, वाल्व समस्याएं, आर्टरी ब्लॉकेज और लाइफस्टाइल डिसऑर्डर जैसी हार्ट समस्याओं में काफी बढ़ोतरी हुई है. लगभग सभी उम्र के लोग चपेट में आ रहे हैं. एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस), जिसे आम भाषा में हार्ट अटैक कहा जाता है, भारत जैसे विकासशील देशों में एक बड़ी चिंता का विषय बना है.

डॉक्टर चंद्रा ने आगे कहा, कार्डियक सर्जरी के मामले में हाल में काफी प्रगति हुई है. मिनिमली इनवेसिव तकनीक आ गई है, ट्रांसकैथेटर प्रक्रिया, 3डी प्रिंटिंग और रिजनरेटिव मेडिसिन जैसे तरीकों से अब इलाज किया जा रहा है. इलाज के ये तरीके काफी बेहतर रिजल्ट वाले साबित हो रहे हैं. साथ ही इनकी मदद से इनवेसिवनेस कम हुई है, मरीज पर ज्यादा दुष्प्रभाव नहीं पड़ता और इलाज के विकल्प भी बढ़ गए हैं.

मैक्स अस्पताल शालीमार बाग, अपनी अत्याधुनिक तकनीक के लिए जाना जाता है. यहां मॉडर्न कैथ लैब, कोरोनरी केयर यूनिट, मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम और दिल के दौरे व कार्डियक अरेस्ट समेत दिल की बीमारियों के लिए 24 म7 आपातकालीन सेवा रहती है. अस्पताल के पास ऐसे डॉक्टर भी हैं जो टीएवीआई, डिवाइस इम्प्लांटेशन, लीडलेस पेसमेकर जैसे मुश्किल केस भी सही ढंग से हैंडल करते हैं.

## जातीय जनगणना से नहीं आर्थिक आधार पर जनगणना से होगा सम्पूर्ण समाज का उत्थान : सुमित सिंह

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

बलरामपुर। जातीय जनगणना से नहीं आर्थिक आधार पर जनगणना से होगा सम्पूर्ण समाज का उत्थान- सुमित सिंह जिला मंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा बलरामपुर ने जातीय जनगणना का विरोध करते हुए कहा है कि जातीय जनगणना से हिन्दुत्व की एकता में दरार पैदा होगा। सरकार यदि गरीबों का भला करना चाहती है तो जातीय जनगणना के बजाय आर्थिक आधार पर जनसंख्या का विश्लेषण करते हुए सर्वे कराए। जातीय जनगणना से केवल जातीय आधार पर बने राजनीतिक दल के स्वार्थ की पूर्ति होगी।

यदि जनगणना का आधार आर्थिक होगा तो सभी वर्ग व सभी धर्म के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से जातीय जनगणना के बजाय आर्थिक जनगणना कराने की अपील की है। सुमित सिंह ने



कहा कि बिहार सरकार और महागठबंधन सरकार की हमेशा से मनसा सही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बिहार में जात-पात के उन्माद पैदा करना चाहते हैं।

समाज में असमानता और सामाजिक त्रुटि लाना चाहते हैं। सुमित सिंह ने कहा कि इस रिपोर्ट को सार्वजनिक कर सरकार की यही मनसा है कि सभी जाति को एक दूसरे से लड़ाओं और खुद राज करो सरकार की इस मनसा को हम लोग कदापि चलने नहीं देंगे। इस जातीय जनगणना से कुछ नहीं होने वाला है. बिहार में रोजगार की जरूरत है. जब तक युवकों को रोजगार नहीं मिलेगा तब तक कोई भी गणना से कोई फायदा नहीं मिलेगा। सुमित सिंह ने कहा राजनीतिक साजिश दिखाई देती है। जिस तरीके से एक जाति विशेष को राजनीतिक लाभ दिलाने की दृष्टि से कई आकड़ों को जहां बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है। तो वहीं कई ऐसी जातियां है। जिसकी आबादी को कम करके दिखाने का प्रयास किया गया है। आबादी के अनुसार गणना में नही दिखाया गया है। उनके आकड़ें नही दर्शायें गए है, आंकड़ों को कम करके दिखाया गया है। यह दर्शाता है कि राजनीतिक लाभ लेने की दृष्टि से मौजूदा सरकार ने अपने अनुसार इन आकड़ों को साझा किया है। वैसे भी जातीय आधारित गणना में कोई पारर्दिशता नहीं रखी गई थी।

किसी को जानकारी तक नहीं थी। कि जातीय जनगणना कराने की प्रक्रिया क्या है और लोगो से भी जानकारी नही ली गई है कि कौन किस जाति से आता है। यह दर्शाता है कि बिहार सरकार द्वारा राजनीतिक लाभ की दृष्टि से प्रस्तुत किए गए आकड़े है।

### भारत में रक्षा क्षेत्र में सह उत्पादन के लिए इतालवी कंपनियों का स्वागत : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश में रक्षा क्षेत्र में सह-उत्पादन के लिए स्थितियों को अनुकूल करार देते हुए इटली की रक्षा कंपनियों से भारतीय रक्षा उद्योग के साथ मिलकर काम करने की अपील की है। सिंह ने इटली यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को रोम में इतालवी रक्षा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और शीर्ष उद्योगपतियों से मुलाकात की। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत में व्यापार करना सुगम तथा सरल है क्योंकि सरकार ने इस क्षेत्र में अनेक सुधार किये हैं। रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मानदंडों को आसान बनाया गया है, दो रक्षा औद्योगिक गलियारे बनाए गये हैं और सरकार रक्षा विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत में सह-विकास तथा सह-उत्पादन के लिए अच्छे अवसर हैं और भारतीय तथा इतालवी रक्षा उद्योगों के लिए यह अच्छी स्थिति है जिसमें दोनों को फायदा होगा।

### मोदी 12 को उत्तराखंड में, दर्शन-पूजन के साथ करेंगे कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड का दौरा करेंगे और वहां दर्शन-पूजन तथा कुछ अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के अलावा 4,200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार मोदी 12 अक्टूबर को सुबह करीब साढ़े आठ बजे पिथौरागढ़ जिले के जोलिंगकोंग पहुंचेंगे, जहां वह पार्वती कुंड में पूजा और दर्शन करेंगे और वहां पवित्र आदि-कैलाश की पूजा करेंगे। प्रधानमंत्री साढ़े नौ बजे पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांव पहुंचेंगे, जहां वह स्थानीय लोगों से बातचीत करेंगे और स्थानीय कला और उत्पादों पर प्रकाश डालने वाली एक प्रदर्शनी देखेंगे। वह सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों के साथ भी बातचीत करेंगे। दोपहर करीब 12 बजे मोदी अल्मोड़ा जिले में 6200 फीट की ऊंचाई पर स्थित जागेश्वर पहुंचेंगे, जहां वह जागेश्वर धाम में पूजा और दर्शन करेंगे। जागेश्वर धाम में लगभग 224 मंदिर शामिल हैं। वहां से प्रधानमंत्री दोपहर करीब 2:30 बजे पिथौरागढ़ पहुंचेंगे, जहां वह ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, सिंचाई, पेयजल जैसे क्षेत्रों में लगभग 4200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास करेंगे। मोदी द्वारा जिन परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया जाना है उनमें ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित 76 ग्रामीण सड़कें और 25 पुल ; 9 जिलों में बीडीओ कार्यालयों के 15 भवन; केंद्रीय सड़क निधि के तहत निर्मित तीन सड़कें ; अल्मोडा पेटशाल – पनुवानौला – दन्या (एनएच 309बी) और टनकपुर – चल्थी (एनएच 125) पर दो सड़कों का उन्नयन; पेयजल की तीन परियोजनाएं, 132 केवी पिथौरागढ-लोहाघाट (चंपावत) पावर ट्रांसमिशन लाइन; उत्तराखंड में 39 पुल और देहरादून में उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) की इमारत विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित उत्तराखंड आपदा रिकवरी परियोजना शामिल है।

### यूपी में सड़क हादसों की जांच करेगी कमेटी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐसे सड़क हादसे जिसमें तीन अथवा इससे अधिक लोगों की मौत होगी, के कारणों की जांच कमेटी से कराने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि सरकार बड़ी सड़क दुर्घटनाओं की जांच अब कमेटी द्वारा कराएगी। इसको लेकर भी कैबिनेट का अनुमोदन प्राप्त हो गया है। ऐसी दुर्घटनाएं जिनमे तीन या इससे अधिक लोगों की मृत्यु होगी उसकी जांच सरकार एक विशेष कमेटी द्वारा कराएगी। उन्होने बताया कि इस कमेटी में परिवहन विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग के सदस्य होंगे। साथ ही रोड सेफ्टी के समाजसेवी भी शामिल होंगे। इससे क्लेम मिलने मे सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे यह कमेटी गठित की जाएगी।

## सिक्किम के आपदा पीड़ितों की सुध नहीं ले रहे मोदी-शाह : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सिक्किम में आपदा पीड़ित गहरे संकट में हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह उनकी सुध नहीं ले रहे हैं।

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्वोत्तर को लेकर मोदी सरकार को कोई चिंता ही नहीं है। मणिपुर को वे भूल गये हैं और अब सिक्किम में आपदा से लोग परेशान हैं लेकिन उनकी पीड़ा केंद्र सरकार तक नहीं पहुंच रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी और शाह चुनाव आते ही देश में जगह दिखाई देते हैं लेकिन जब भी पूर्वोत्तर में किसी तरह की मुश्किल आती है तो प्रधानमंत्री और गृहमंत्री गायब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सिक्किम के लोग परेशान हैं और मोदी सरकार को उनकी मदद करनी चाहिए।

कांग्रेस की मांग है कि आपदा की इस घड़ी में केंद्र सरकार की तरफ से राज्य सरकार की पूरी मदद दी जाए। उनका कहना था कि 2011-12 में जब सिक्किम में भूकंप आया था तब पूरा देश मदद करने के लिए एकजुट हो गया था।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता ने कहा, सिक्किम में आई प्राकृतिक आपदा से लोग परेशान हैं लेकिन शायद उनकी आवाज मोदी सरकार तक नहीं पहुँच पा रही है। सिक्किम में प्राकृतिक आपदा से करीब 25000 लोग प्रभावित हैं, 7600 लोग बेघर हो चुके हैं, 80 लोगों की जान जा चुकी है और लगभग 3000 पर्यटक फंसे हुए हैं। सिक्किम में करीब 28 राहत शिविरों में 6800 लोग रह रहे हैं।